CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 31 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत के पिनाका रॉकेट की पहली फ्लाइट टेस्टिंग सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 120 किमी रेंज, टारगेट पर सटीक अटैक किया
- भारतीय सेना में शामिल करने की भी मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (एलआरजीआर-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की।

इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की। यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास



संगठन (डीआरडीओ) ने किया। खास बात यह रही कि 120 किलोमीटर रेंज वाले इस रॉकेट का पहला टेस्ट उसी दिन हुआ, जब रक्षा मंत्रालय के रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इसे भारतीय सेना में शामिल करने की मंजूरी दी। डीएसी की बैठक सोमवार दोपहर में हुई थी। इसमें 79 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मिसाइलें, रॉकेट, रडार सिस्टम शामिल हैं। पिनाका सिस्टम के लिए लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट खरीदे जाएंगे। सेना के लिए इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (एमके-2) भी लिया जाएगा। सलआरजीआर को आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी के साथ मिलकर डिजाइन किया है। इसे बनाने में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत ने भी मदद की है। इस फ्लाइट टेस्टिंग का संचालन इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट ने किया। रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया, जिससे यह साबित हुआ कि एक ही लॉन्चर से विभिन्न रेंज के पिनाका रॉकेट्स दागे जा सकते हैं।

## केमू में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 12 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

- भिकियासैंण के सिरखोन बैंड के पास हुआ हादसा

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीनार-विनायक मोटरमार्ग में सिरखोन बैंड के समीप एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में सात यात्रियों की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर जा रही केमू बस संख्या यूके 07 पीए 4025 सिरखोन बैण्ड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस में चालक व परिचालक सहित कुल 19 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस बल और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा त्वरित रूप से रेस्क्यू शुरू किया गया। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।

### मृतकों का विवरण

1- पार्वती देवी (75) पत्नी गोविन्द मठपाल, निवासी ग्राम जमोली। 2- नंदन सिंह (70) पुत्र गोपाल सिंह, निवासी ग्राम जमोली। 3- गोविंद बल्लभ मठपाल (80) पुत्र कुलोमणी निवासी ग्राम जमोली। 4- तारा देवी (50) पत्नी महेश चन्द्र निवासी ग्राम पाली द्वाराहाट। 5- गणेश (20) पुत्र भीमबहादुर निवासी नेपाल। 6- उमेश (18) पुत्र ऐतराउल निवासी नेपाल। 7- गोविंदी देवी (55) पत्नी हरीश सिंह निवासी ग्राम घुघुती द्वाराहाट।

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की थी। एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को आईटी एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी के अनुसार अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स- दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं।

### अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस का दावा

## 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के** बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है।

सीएफआर की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम के बावजूद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।



- कहा: कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की मध्यम संभावना, दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई
- अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी मध्यम स्तर तक पड़ सकता है: सीएफआर

### भारत और पाकिस्तान में अब तक पांच बार हो चुकी है जंग

**वाशिंगटन।** काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। इसकी स्थापना साल 1921 में हुई थी। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। सीएफआर में पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट्स और सुझावों का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक दुनियाभर के संकटों, युद्धों और भू-राजनीतिक हालात का आकलन कर भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी देता है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) ने 2026 में होने वाले युद्धों की आशंका को लेकर रिपोर्ट जारी की है। भारत और पाकिस्तान में अब तक 5 बार जंग हुई है। सभी में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के नाम पर डिजिटल अरेस्ट, बुजुर्ग महिला से 3.71 करोड़ ठगे

**मुंबई/सूरत।** मुंबई में 68 साल की एक महिला से 3.71 करोड़ रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का कर्मचारी बताया था। इन लोगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ बताया था। इस मामले में साइबर पुलिस ने एक आरोपी को सूरत से पकड़ा है। आरोपी के खाते में 1.71 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। उसने यह अकाउंट फर्जी कपड़ा कंपनी के नाम पर खुलवाया था। इसके बदले उसे 6.40 लाख रुपये कमीशन मिला। महिला मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहती है। महिला पर धोखेबाज लगातार नजर रख रहे थे। 18 अगस्त को महिला को एक कॉल आया।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री व बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया का मंगलवार सुबह 6 बजे ढाका में निधन हो गया। वे 80 साल की थीं और पिछले करीब 20 दिनों से वेंटिलेटर पर थीं।

खालिदा कई साल से सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। वे 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत बंगलादेश के बीच संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।



- प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं। बांग्लादेश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।































## संक्षिप्त समाचार

### नफरती राजनीति के पोषण ने ली एंजेल चकमा की जान : चिब

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में पीटपीट कर हत्या को आरएसएस भाजपा की नफरती राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। चिब ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा-संघ नफरत का जहर घोल रहे हैं जिससे अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है और ऊपर से इंसाफ को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एंजेल के पिता देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवान हैं लेकिन जिस देश की सीमाओं की वह चौकसी कर रहे हैं उसी देश में उनके 24 साल के बेटे को उत्तराखंड में 'चीनी' कहकर अपमानित कर उसकी हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि यह कोई अचानक हुआ अपराध नहीं है बल्कि उस नफरती राजनीति का परिणाम है जिसे सालों से बोया गया, हर दिन दोहराया गया, और भाजपा के दौर में समाज का हिस्सा बना दिया गया।

### ब्राह्मण एमएलए की बैठक पर भाजपा विधायक ने दी सफाई

**लखनऊ।** कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास पर ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उठे विवाद पर अब स्वयं विधायक की प्रतिक्रिया सामने आई है। विधायक पंचानंद पाठक ने 'एक्स' पर किए गए अपने पोस्ट में कहा कि ब्राह्मण समाज को जोड़ने का कार्य करता है, न कि विभाजन का। उन्होंने लिखा, ष्जय श्री राम, जय सनातन, जय भाजपा। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विचारक और संतुलनकर्ता माना गया है। जहां ब्राह्मण एकत्र होता है, वहां ज्ञान, विवेक और चितन का मंथन होता है, जो हिंदू अस्मिता को सशक्त बनाता है।

# नए साल से पहले बारिश बढ़ाएगी ठिठुरन, यूपी के 37 शहर ठंड की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया, हाथरस में दो सड़क हादसों में सात लोग घायल

**लखनऊ।** भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में आए उत्तर प्रदेश में नए साल से बारिश के आसार जताए गए हैं जिससे ठंड और अधिक बढ़ने की आशंका है।

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर समेत प्रदेश के 37 शहर घने कोहरे और ठंड की चपेट में हैं। मंगलवार को कई इलाकों में दृश्यता का स्तर घटकर मात्र 20 मीटर तक रह गया, जिससे सड़कों पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कोहरे के चलते रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज समेत विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली 100 से अधिक ट्रेनें 2 से 15 घंटे की देरी से चल रही हैं। वहीं 10 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। बाराबंकी और फतेहपुर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे, जहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया है और लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार भी अलर्ट मोड पर है। प्रदेश भर में स्कूल और कॉलेज 1 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

सोमवार को प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हाथरस में कोहरे के कारण दो गंभीर सड़क हादसे हुए, जिनमें सात लोग घायल हो गए।

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी से मैदानी क्षेत्रों में ठंड, एक जनवरी को बारिश की संभावना

लखनऊ स्थित मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में ठंड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक दिन और रात दोनों समय ठंड बढ़ेगी, जबकि 1 जनवरी के आसपास बारिश की संभावना है। भीषण ठंड और घने कोहरे से किसानों की चिता भी बढ़ गई है। आलू और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने और कीट व रोग नियंत्रण के लिए जिक और क्लोरपायरीफॉस के छिड़काव की सलाह दी है।

# 2024 में डाले गए वोट किसके थे: चंद्रशेखर आजाद



■ यूपी में कटे 2. 89 करोड़ मतदाताओं के नाम

हरदोई। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में 2 करोड़ 89 लाख वोट काटे गए है, तो फिर 2024 के चुनाव में जो वोट पड़े थे, ये वोट किसके थे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद हरदोई में महाराजा बिजली पासी की जयंती के अवसर पर बहुजन संकल्प महारैली में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई, अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बता रहे हैं, तो बाकी वोट किसके थे? उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार रहेगा, तो ही सत्ता के बड़े लोग आम जनता के दरवाजे पर आएंगे। चंद्रशेखर ने महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि देश में अपराध और रेप के मामलों में सबसे अधिक पीड़ित यही वर्ग हैं।

# यूपीएसआईआर का ड्राफ्ट रोल छह जनवरी को होगा प्रकाशित

लखनऊ, वार्ता

■ उत्तर प्रदेश निनर्वाचन आयोग ने नई तारीखों की घोषणा की

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में 31 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी होना था। हालांकि अब इसकी नई तारीख बताई गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है।

आयोग ने लिखा कि संशोधित तिथियों के अनुसार अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिए फार्म संख्या छह जमा करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार मतदाताओं में से जो मसौदा सूची में शामिल हुए हैं, उनमें से एक करोड़ से अधिक 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। ताकि वे निर्धारित 12 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक को जमा करें, ताकि उन्हें 'मैप्ड' श्रेणी में शामिल किया जा सके।

## 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा

# यूपी को एआई का वैश्विक केंद्र बनाने की तैयारी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में कहा है कि वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और उत्तर प्रदेश भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे 'ब्रांड यूपी' को देश और दुनिया में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षित डेटा और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

योगी ने कहा है कि प्रदेश में पांच हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक संचालन शुरू हो चुका है और इस सेक्टर में लगभग 30,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौ शहरों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। ड्रोन, रोबोटिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'एआई युवा' पहल के तहत प्रदेश के 10 लाख युवाओं को एआई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वर्ष 2026 के लिए संकल्प लें और अपने आसपास के बच्चों को कंप्यूटर व एआई के प्रति जागरूक करें। साथ ही हर सप्ताह कम से कम एक घंटा 'ज्ञानदान' के लिए निकालें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से न केवल विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल होगा, बल्कि प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

### लखनऊ में भेड़ों की मौत पर दिए जांच के आदेश, प्रति भेड़ 10 हजार की मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में भेड़ों की मौत के मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित पशुपालकों को राहत देते हुए प्रति भेड़ 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी संख्या में भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। भेड़ पालन पर निर्भर परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मृत भेड़ों का निरीक्षण किया और नमूने लेकर कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक तौर पर बीमारी या जहरीले पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालकों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। सरकार की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



सेंसेक्स 84675.08
निफ्टी 25938.85



सोना रु. 134599
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 232329
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट दर्ज

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। वृहद बाजार पर दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। एनएसई में जिन 3,244 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,723 के शेयरों में तेजी और 1,409 में गिरावट रही। अन्य 112 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 2.10 फीसदी की गिरावट रही। इंडिगो का शेयर 1.37 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.28 और एशियन पेंट्स का 1.09 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 2.03 प्रतिशत और महिद्रा एंड महिंद्रा का दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.66 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 फीसदी की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट सपाट बंद हुआ।

# चांदी की कीमत गिरी, सोना भी 1.35 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,182 रुपए गिरकर 1,34,599 रुपए पर आ गया है। कल यह 1,36,781 रुपए/10 ग्राम पर था। लगातार 5 दिन तक चढ़ने के बाद चांदी की कीमत 3,111 रुपए गिर गई है। आज ये 2,32,329 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 1,36,350 रुपये रही, जबकि मुंबई में 1,36,200, कोलकाता में 1,36,200, चेन्नई में 1,37,460, जयपुर में 1,36,350, भोपाल में 1,36,250, पटना में 1,36,250 और लखनऊ में 1,36,350 रुपये रही। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे।

रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। चांदी की बात की जाए ,तो सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी में भारी इस्तेमाल होने से चांदी अब सिर्फ ज्वेलरी नहीं, जरूरी कच्चा माल बन गई है।अमेरिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं। प्रोडक्शन रुकने के डर से सभी पहले से खरीद रहे हैं, इसी वजह से आने वाले महीनों में भी तेजी बनी रहेगी।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिये अंतिम तिमाही में जुटाएगी 3,84,000 करोड़

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही द्धजनवरी-मार्च 2026ऋ के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है।

ट्रेजरी बिल वह माध्यम है जिससे सरकार अल्पावधि ऋण जुटाती है। ए अंकित मूल्य से कम पर बेचे जाते हैं और मियाद पूरी होने पर टी-बिल खरीदने वाले को अंकित मूल्य के बराबर पैसा मिलता है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि ए ट्रेजरी बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किए जाएंगे। पहली नीलामी 07 जनवरी 2026 को और उसके बाद 25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले छह सप्ताह कुल 34-34 हजार करोड़ रुपये के और 25 मार्च को 35 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले कार्य-दिवस पर टी-बिल जारी किए जाएंगे। रिजर्व बैंक इस कैलेंडर और टी-बिल की प्रस्तावित नीलामी की राशि में भविष्य में बदलाव भी कर सकता है जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी।

### अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर भी संज्ञान ले कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने अरावली मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के अपने ही फैसले पर रोक लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। रमेश ने कहा कि पिछले फैसले पर चिंता जताई थी और चेतावनी दी थी कि वन क्षेत्र की परिभाषा में ढील देने से खनन और निर्माण कार्यों के लिए बड़े रास्ते खुल सकते हैं। रमेश ने कहा कि पर्यावरण से जुड़े तीन अन्य 'जरूरी मुद्दे' हैं। इन पर भी उच्चतम न्यायालय को तत्काल स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

# एसआईआर प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) प्रक्रिया साफ सुथरी तथा पारदर्शी नहीं है और इस काम में जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है इसलिए आयोग को हर दिन नियम बदलने के बजाए लोगों को हो रही समस्या का जमीनी स्तर पर स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

पार्टी ने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण करोड़ों लोगों को पीड़ा में डालकर उनके हक छीने जा रहे हैं। जिन लोगों के नाम 2003 की मतदता सूची में नहीं हैं उनको आयोग की तरफ से नोटिस आएंगे और बेवजह उनको तंग किया जाएगा। इसमें उन लोगों को ज्यादा तकलीफ होगी जो मतदाता सूची में शामिल होने के हकदार हैं लेकिन अपना पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। बीएलओ रिश्तों के हिसाब से सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया को परिभाषित कर रहे हैं। हर दिन नियम बदले जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया में जल्दबाजी कर पूरे देश को संदेह में डाल दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है और पूरी प्रक्रिया संदेह से घिरी हुई है। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर बहुत व्यापक और लंबी प्रक्रिया है लेकिन चुनाव आयोग ने इसमें बहुत जल्दबाजी कर इसे बेहद जटिल और पीड़ादायक बना दिया है। इसमें दिशा निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और सारी प्रक्रिया को एक डेढ़ महीने में पूरा करने की सीमा बांध दी है। किसी भी मतदाता को सूची में शामिल होने के लिए तीन बातें जरूरी होनी चाहिए जिसमें पहली है कि वह देश का नागरिक हो, उसने 18 साल की उम्र पार कर दी हो और वह उस पते पर रहता हो जहां का पता दिया गया है, ये तीन बातें इसके लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निवासी होने की बात स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। इन मामलों में बीएलओ को जानकारी लेनी होती है कि अमुक व्यक्ति रजिस्टर्ड पते पर रहता है या नहीं। जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में है उनको कुछ प्रमाण देने की जरूरत नहीं है लेकिन नाम नहीं है तो बहुत दिक्कत हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अभी जो एसआईआर हुआ है, उसका तरीका किसी को समझ ही नहीं आ रहा है। इस फॉर्म को लोगों को भरना है और इसे जमा करना है। इस काम को एक महीने में पूरा करना होगा।

# कांग्रेस ने बाकर हुसैन समेत 11 सीटों पर उतारे पर्यवेक्षक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ इमरान मसूद, दानिश अली, किशोरी लाल को मिली अहम जिम्मेदारी

■ एमएलसी सीटों के निर्वाचन में स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने स्नातक और शिक्षक विधान परिषद की 11 सीटों के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं।

अजय राय ने 29 दिसंबर, सोमवार को 11 सीटों के लिए सांसदों और पूर्व सांसदों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें अजय राय पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि कांग्रेस यह चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ नहीं लड़ेगी। पर्यवेक्षकों की तैनाती के संदर्भ में एक पत्र में अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद क्षेत्रों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संस्तुति के उपरान्त संलग्न सूची के कांग्रेसजनों को वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपरोक्त कांग्रेसजनों से अपेक्षा है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने किसे बनाया पर्यवेक्षक?

इलाहाबाद (स्नातक) उज्जवल रमण सिंह (सांसद) एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी (पूर्व मंत्री), बरेली-मुरादाबाद (शिक्षक) कुंवर दानिश अली (पूर्व सांसद) एवं फूल कुंवर (पूर्व विधायक), लखनऊ (स्नातक/शिक्षक) किशोरी लाल शर्मा (सांसद) एवं पी.एल. पुनिया (पूर्व सांसद), मेरठ से इमरान मसूद (सांसद) एवं हरेन्द्र अग्रवाल (पूर्व एमएलसी), गोरखपुर-फैजाबाद (शिक्षक): तनुज पुनिया (सांसद) एवं अखिलेश प्रताप सिंह (पूर्व विधायक), वाराणसी से भगवती प्रसाद चौधरी (पूर्व विधायक) एवं पशुपति नाथ राय (पूर्व विधायक), मेरठ-सहारनपुर (शिक्षक कोऑर्डिनेटर) बाकिर हुसैन उर्फ बाकर हुसैन, आगरा से राकेश राठौर (सांसद) एवं विवेक बंसल (पूर्व एमएलसी)।

### कई माफिया जेल गए, तो कई हुए ढेर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले आम धारणा थी कि सत्ता के संरक्षण में अपराधी और माफिया तत्वों के आतंक को मिटाना नामुमकिन है, मगर योगी आदित्यनाथ सरकार नेस्पष्ट संदेश दिया कि अपराधी या तो जेल जाएगा या प्रदेश छोड़ेगा। प्रदेश में एक समय ऐसा था जब संगठित अपराध, भू-माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया और बाहुबली राजनीति व्यवस्था पर हावी माने जाते थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा उपलब्ध रिपोर्ट (2023 जो 2025 में प्रकाशित हुई) के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से कम रही। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश की अपराध दर 335-3 प्रति लाख जनसंख्या रही, जबकि देश का राष्ट्रीय औसत 448-3 दर्ज किया गया। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से लगभग 25 प्रतिशत कम है।

# सीएम ने 51 करोड़ रुपये की योजनाओं को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी हरिद्वार में औद्योगिक शेड व भण्डारण सुविधा के निर्माण, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें निदेशालय भवन के विस्तारीकरण और सर्किट हाउस चम्पावत के विस्तारीकरण/जीर्णोद्धार/अनुरक्षण कार्य के साथ ही निगर निकायों में प्रकाश व्यवस्था एवं कूड़ा उठान कार्यों, मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन और 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के अन्तर्गत कैम्पों के आयोजन की व्यवस्था के लिए लगभग 51 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी (औषधि निर्माणशाला) हरिद्वार में प्रसंस्करण कार्य हेतु औद्योगिक शेड एवं भण्डारण सुविधा के निर्माण कार्य को 25.74 करोड़ तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें निदेशालय भवन के विस्तारीकरण सम्बन्धी निर्माण कार्य हेतु ₹ 7.44 करोड़, राज्य अतिथि गृह सर्किट हाउस चम्पावत के विस्तारीकरण/जीर्णोद्धार/अनुरक्षण कार्य को 11.41 करोड़, नगर पालिका परिषद नगला क्षेत्रान्तर्गत एलईडी लाईट/स्ट्रीट लाईटों के कार्यों के लिये 99.17 लाख, प्रदेश के 14 नगर निकायों में कूड़ा उठान के लिए वाहनों के क्रय हेतु 15.95 लाख की योजनाओं को स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

17 दिसम्बर, 2025 से संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के अन्तर्गत समस्त जनपदों की न्याय पंचायतों/ग्राम पंचायतों में कैम्पों के आयोजन को 3.16 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु भी अनेक महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिनसे संबंधित शासनादेश भी तत्काल निर्गत कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में सुवालेख से चण्डिका घाट तक ट्रेक रूट और चण्डिका घाट मेला स्थल के विकास को 50 लाख, विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के विण में जमराड़ी से रन्तोडा बडखेत तक ट्रेकिंग रूट निर्माण के लिये 67.45 लाख, जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधानसभा क्षेत्र के मुख्य बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने को 50.68 लाख की योजना स्वीकृत की गई है।



खनन सुधारों के लिए उत्तराखण्ड को विशेष प्रोत्साहन राशि दिए जाने पर मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और भारत सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह सहयोग उत्तराखंड के खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी सुधार और सतत विकास को नई गति देगा। राज्य सरकार इस राशि का उपयोग खनन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, पर्यावरण-संवेदनशील और रोजगारोन्मुखी बनाने में करेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे. ..

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

## खनन सुधारों में उत्तराखण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देश में हासिल किया दूसरा स्थान, केंद्र सरकार ने जारी की 200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि, राज्य में खनन सुधार पर केंद्र की मोहर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है**

**देहरादून।** धामी सरकार ने खनन क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। इनमें ई-नीलामी प्रणाली, सेटेलाइट आधारित निगरानी, सख्त अनुपालन व्यवस्था, अवैध खनन पर रोक को आधुनिक माइनिंग सर्विलांस सिस्टम का सुदृढ़ीकरण मुख्य है। साथ ही खनन लॉट के आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। इन खनन सुधारों के परिणामस्वरूप आज खनन क्षेत्र प्रदेश सरकार की आय का प्रमुख स्रोत बन गया है। खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। 300 करोड़ के राजस्व 1200 करोड़ पहुंच गया है।

खनन सुधारों में शानदार प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए "पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना" के अंतर्गत उत्तराखंड को 200 करोड़ की विशेष सहायता (ऋण) स्वीकृत की है। यह धनराशि माइनर मिनरल्स सुधारों और स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स से जुड़े सुधार कार्यों को पूरा करने के लिए दी गई है।

## सीएम ने बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर जताया शोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद अल्मोड़ा में भिकियासैंण से रामनगर जा रही बस के भिकियासैंण-विनायक मोटर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।

मुख्यमंत्री धामी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि हादसे में घायल सभी यात्रियों को त्वरित एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है तथा गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं इस पूरे प्रकरण की लगातार निगरानी कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## अल्मोड़ा बस हादसे पर स्वास्थ्य मंत्री डा. रावत ने जताई संवेदना

**घायलों को एयर लिफ्ट कर पहुंचाया एम्स ऋषिकेश, विभागीय अधिकारियों को निर्देश, घायलों को मिले बेहतर उपचार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री व अल्मोड़ा जनपद के प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भिकियासैंण-विनायक मोटरमार्ग पर हुये भीषण सड़क हादसे पर गहरा दु:ख जताया। डॉ रावत ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड़ पर रहने व घायलों को एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजने के निर्देश दिये। जिसके फलस्वरूप गंभीर घायलों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट के एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया जबकि अन्य घायलों को हलद्वानी मेडिकल कालेज व स्थानीय चिकित्सालयों में भर्ती कर उन्हें त्वरित उपचार मुहैया कराया गया।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दुख जताते हुये कहा कि सड़क दुर्घटना में हताहत हुये लोगों के शोक संतप्त परिजनों के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं है, सड़क हादसा अत्यंत दु:खद है। डा. रावत ने कहा कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन को तत्काल राहत और बचाव के निर्देश दे दिये थे साथ ही स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड़ पर रहने को कहा था।

उन्होंने कहा कि गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को तत्काल उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया। जबकि कुछ घायलों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। डा. रावत ने कहा कि सड़क हादसे में घायल लोगों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं की जायेगी।

## छुटमलपुर बोर्ड बैठक में सभासदों का बहिष्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में मंगलवार को 9 महीने बाद बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई, लेकिन अधिकांश सभासदों ने इसका बहिष्कार कर दिया अंतिम बोर्ड मीटिंग मार्च 2025 में हुई थी, उसके बाद से कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। सभासदों का आरोप है कि उनके द्वारा उठाए गए विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है।

मीटिंग में कुल 12 सभासद अनुपस्थित रहे बहिष्कार करने वाले सभासदों में रजत राणा विकास तोमर, ममता शर्मा डाक्टर किरण पाल राणा प्रियंका काम्बोज अंकुर सैनी, रेशमा, दिलजहां,सरेशो आशिष धीमान आदिल अल्वी नवाब अंसारी शामिल हैं सभासदों का कहना है कि बार बार शिकायत करने के बावजूद सफाई व्यवस्था सड़क निर्माण नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जनता की समस्याओं की अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता से क्षुब्ध होकर उन्होंने बैठक में हिस्सा नहीं लिया बहिष्कार की वजह से बैठक औपचारिकता मात्र रह गई। सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आगे और कड़ा आंदोलन किया जाएगा। मोहल्लेवासियों ने भी सभासदों के इस कदम का समर्थन किया है और नगर पंचायत प्रशासन से पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग की है।

## कान्हा गौशाला में की गयी गौमाता की सेवा

**नकुड़।** क्षेत्र के गांव नारायणपुर में पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर स्थित कान्हा गौशाला में गौ माता की सेवा का आयोजन किया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर गौ माता को चना, शक्कर, तिल, चौकर व गाजर का भोग लगाया। गौ सेवक अनिल सैनी ने बताया कि पुत्रदा एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। यह व्रत संतान की दीर्घायु, सुरक्षा और सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से इस व्रत को रखने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। तथा संतान के जीवन से सभी बाधाएं दूर होती हैं। इस कार्यक्रम में गौ सेवा को धार्मिक आस्था के साथ साथ सामाजिक दायित्व बताते हुए लोगों से ऐसे पुण्य कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

## मोरी सट्टा गांव अग्निकांड में एक की मौत, चार भवन व दो कोठार जले

**एक व्यक्ति की अग्निकांड में मौत, रेस्क्यू टीम को नहीं मिले अंगों के अवशेष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद के सुदूरवर्ती मोरी विकासखंड अंतर्गत सट्टा गांव में सोमवार देर शाम अचानक लगी आग ने भारी तबाही मचा दी। फते पर्वत स्थित सट्टा गांव के अनुसूचित जाति बस्ती में हुए इस भीषण अग्निकांड में 4 आवासीय भवनों एवं 2 कोठार में आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हुये है। जिसमें सात परिवार प्रभावित हुये हैं । वहीं आशमू पुत्र नंदालाल उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम सट्टा भवन में ही जलकर मृत्यु होना बताया जा रहा है, जिसके अंगों के अवशेष अभी तक नहीं मिले है इसके अतिरिक्त उक्त अग्निकाण्ड से भवनों में रखी साम्रगी राशन, विस्तर, कपडे, बर्तन आदि जलकर राख हो गये है। राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग की सयुक्त टीम मौके पर मौजूद है राजस्व विभाग की टीम द्वारा क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

आवासीय भवन पूरी तरह जलकर राख हो गए, जबकि एक ग्रामीण के आग में झुलसने से मौत की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार शाम अचानक एक घर से धुआं उठता दिखाई दिया। जब तक ग्रामीण आग की भयावहता को समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक लपटों ने विकराल रूप ले लिया था।

वहीं प्रशासन की और से मंगलवार को प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता, प्रति परिवार पांच हजार रुपए और कम्बल,तिरपाल, रसद, समेत आवश्यक सामग्री वितरित किये गये है।

**अग्निकांड से ये परिवार हुए प्रभावित**

1- प्रमिना लाल पुत्र श्री सरोली
2. पंकज पुत्र दूधा लाल
3.निदेश पुत्र प्रमिना लाल
4- भूमालाल पुत्र बेगरा
5- सन्तोष पुत्र धनदास
6- मनीष पुत्र ज्ञानपुर
7- बिजेन्द्री देवी पत्नी राजेन्द्र

## दस जनवरी तक बढ़ाया गया बीएलओ आउटरीच अभियान

**मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा के लिए दी गई राहत, उत्तराखण्ड में अब तक की जा चुकी है लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग, प्री-एसआईआर फेज में प्रत्येक मतदाता तक पंहुच**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उत्तराखण्ड में चल रहे "बीएलओ आउटरीच अभियान" को आगामी 10 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। प्रदेश में इन दिनों प्री-एसआईआर गतिविधियों के क्रम में प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वर्तमान मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। वर्तमान में प्री एसआईआर अभियान में लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग भी कर दी गई है।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम की पहल पर 1 दिसंबर 2025 से बीएलओ आउटरीच अभियान सम्पादित किया जा रहा है। इस अभियान में जुड़े ईआरओ,बीएलओ एवं फील्ड ऑफिसर्स की अथक मेहनत से बेहद सीमित समय में ही लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए इस अभियान को 10 जनवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया है।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्री-एसआईआर फेज में वर्तमान मतदाता सूची में प्रदेश के जिन मतदाताओं की उम्र 38 वर्ष या उससे अधिक है और उनके नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हैं उनकी सीधे बीएलओ ऐप से मैपिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के ऐसे मतदाता जो जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में किसी कारणवश नहीं हैं और उनके माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में है तो उनके माता-पिता अथवा दादा-दादी के नाम के आधार पर उनकी प्रोजनी के रुप में ऐसे मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची ॄबमव. ना.हवअ.पद एवं ॄअवजमत.मबप. हवअ.पद पर सर्च की जा सकती है।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जन सामान्य से बीएलओ को अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है। उन्होनें कहा कि प्रत्येक मतदाता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए बीएलओ द्वारा हर मतदाता से समन्वय,संवाद और पंहुच सुनिश्चित की जा रही है।

## अभियान चला सड़क पर रखा सामान किया जब्त



**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज दूसरे दिन भी अपना अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखा। ट्रैफिक पुलिस एवं कोतवाली पुलिस की मदद से नगर निगम द्वारा घण्टाघर से जामा मस्जिद व सब्जी मण्डी पुल तक तथा घण्टाघर से अम्बाला रोड स्थित फायर ब्रिगेड तक अभियान चलाया। इस दौरान टायर, जालियां, रेहड़ी, काउण्टर व बैंच आदि सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया और करीब दो दर्जन दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया। पुल जोगियान के निकट लगने वाली बाइक मार्केट में 40 से ज्यादा स्कूटी व बाइक के भी चालान किये गए।

अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस व प्रवर्तन दल की टीम सहित निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जैसे ही घण्टाघर से भगतसिंह मार्ग व जामा मस्जिद क्षेत्र की ओर बढ़ा अतिक्रमणकारी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अनेक दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों के भीतर फेंक दिया और दुकानें बंद कर दी। आज के अभियान में सब्जी मण्डी पुल के पास सड़क पर दूर तक फल व सब्जी की पेटियां और टोकरे फैलाकर बैठे दुकानदारों के भी चालान किये गए।

अनेक दुकानदारों ने दुकानों के साइड में जालियां लगाकर फुटपाथ व सडक पर अवैध कब्जा कर रखा था, करीब एक दर्जन दुकानों से ऐसी सब जालियां उखाड़कर जब्त की गयी। इसके अलावा चार काउण्टर, स्कूटर-बाइक के 20 टायर, पांच ठेलियां, 06 लोहे की बैंच, आदि सामान जब्त कर निगम लाया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पुल जोगियान के निकट अवैध रुप से सड़क पर संचालित बाइक मार्केट में खड़ी 41 स्कूटी व बाइक के भी चालान किये गए। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि दो दर्जन से अधिक दुकानदारों से करीब 27 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। अभियान के दौरान नगर के बाजार व सडकों पर हडकम्प की स्थिति रही।

## कांग्रेस ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

**अंकिता भंडारी हत्याकांड**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था वी. मुरूगेशन से मुलाकात कर अंकिता भंडारी हत्याकांड के विभिन्न बिन्दुओं पर ज्ञापन प्रेषित कर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि सर्व विदित है कि अंकिता भडारी हत्याकांड में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा अपने पूर्व विधायक पति एवं स्वयं के बीच हुई वर्तालाप को सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। जिसमें तथाकथित पूर्व विधायक यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि प्रश्नगत प्रकरण में कथित वीआइपी कौन है। अंकिता भंडारी का पार्थिव शरीर नहर से निकालने की अगली रात को वनन्तरा रिसॉर्ट पर बुल्डोजर किसके आदेश पर चलवाया गया? राज्य सरकार द्वारा गठित एस.आई. टी. ने यदि बुल्डोजर चलाने वालों के बयान दर्ज किये हों, तो उत्तराखंड के नागरिकों को यह भी बताने का कष्ट करें कि एस.आई. टी. की रिपोर्ट में उपरोक्त पैरा-1 के सम्बन्ध में क्या तथ्य सामने आये? क्या जांच ऐजेंसी या एस.आई.टी. इस तथ्य से विज्ञ है कि रात्रि 2:30 बजे अंकिता भंडारी के वनन्तरा रिसॉर्ट स्थित निवास कक्ष को बुल्डोजर द्वारा ध्वस्त करने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उनके द्वारा रिसॉर्ट का ध्वस्तीकरण कराया गया है, जिसका उनके द्वारा श्रेय लेने की कोशिश की गई? क्या एस.आई.टी. द्वारा अपनी जांच में मुख्यमंत्री जी की इस बात का उल्लेख किया गया है? क्या एस.आई.टी. ने अंकिता भंडारी एवं उसके मित्र के बीच हुई व्हाट्सअप बातचीत संदेशों की गहनता से जांच की गई जिसमें अंकिता के द्वारा स्पष्ट रूप से यह बताया गया था कि किसी वी.आई. पी. को विशेष सेवायें देने का उस पर भारी दबाव है?

आपके द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण में बताया गया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की सी.बी.आई. जांच इसलिए संभव नहीं है कि न्यायालय द्वारा इसे अमान्य कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में आपसे स्पष्टीकरण की अपेक्षा है कि सभी पक्षकारों द्वारा सी.बी.आई. जांच की मांग के उपरान्त सरकार द्वारा इसका विरोध क्यों किया जा रहा है? भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की अंकिता भंडारी के शयन कक्ष को ध्वस्त करने में जो भूमिका थी, क्या जांच ऐजेंसी/एस.आई.टी. द्वारा इसका संज्ञान लिया गया है? यदि जांच ऐजेंसी ने इसका संज्ञान लिया तो जांच ऐजेंसी की खोज के परिणाम क्या थे? उन्हें सार्वजनिक किये जाने की आवश्यकता है। अंकिता भंडारी के पिता ने अनेकों बार तथा अभी कुछ दिन पहले एक चौनल को दिये गये साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से कहा है कि अंकिता भंडारी की गुमशुदगी के बाद जब वे पहली बार पटवारी चौकी में पहुंचे तो पटवारी द्वारा उन्हें धमकाकर चुप कराने की कोशिश की गई।

**अफसरों को नये साल की सौगात**

**आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को मिली पदोन्नति**

# उत्तराखण्ड में 2010 बैच के आठ आईएएस अफसर बने सचिव

**सुपरटाइम स्केल का 1 जनवरी 2026 से मिलेगा लाभ**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2010 बैच के अधिकारियों को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार राज्य कैडर के आठ आईएएस अधिकारियों को सुपरटाइम स्केल प्रदान किए जाने को राज्यपाल की सहमति मिल गई है। यह वेतनमान 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा।

आठ आईएएस अफसरों को नये साल का तौहफा मिला है, साथ ही उत्तराखंड को आठ नए सचिव मिले हैं। विगत दिवस सोमवार को मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की अध्यक्षता में आईएएस और आईपीएस की अलग-अलग विभागीय पदोन्नति समिति(डीपीसी) की बैठक हुई। जिसमें आठ आईएएस अफसरों को अपर सचिव से सचिव, पांच आईएफएस को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड और तीन आईएफएस को सीनियर ग्रेड देने पर सहमती बनी है।







मंगलवार को सचिव कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग शैलेश बगौली की और से जारी प्रोन्नती आदेश के मुताबिक 2010 बैच के आईएएस डॉ. अहमद इकबाल, ईवा श्रीवास्तव, सोनिका, रंजना राजगुरु, आनंदस्वरूप, देवकृष्ण तिवारी, उमेश नारायण पांडे और राजेंद्र कुमार एक जनवरी से सचिव होंगे। वर्तमान में ये सभी अफसर अपर सचिव हैं। इनमें से आईएएस ईवा श्रीवास्तव प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में हैं। उन्हें परफॉर्मा पदोन्नति दी गई है।

वहीं, पांच आईएएस मयूर दीक्षित, वंदना, विनीत कुमार, रीना जोशी और आनंद श्रीवास्तव को सेलेक्शन ग्रेड लेवल 12 से लेवल 13 दिया गया है।

### प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत आदेश

शासन की ओर से जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों के सेवा अभिलेखों में इस प्रोन्नति का उल्लेख किया जाएगा। साथ ही वेतन निर्धारण एवं एरियर से संबंधित कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। प्रशासनिक जानकारों का मानना है कि इस निर्णय से राज्य प्रशासन को अनुभवी अधिकारियों का और अधिक लाभ मिलेगा। सचिव स्तर मिलने से अधिकारियों की जिम्मेदारियां और भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यक्षमता को मजबूती मिलती है।

## नौ आईपीएस को एक जनवरी से पदोन्नति

आईपीएस अभिनव कुमार को एडीजी से डीजी, निवेदिता कुकरेती को डीआईजी से आईजी, प्रहलाद मीणा को एसएसपी से डीआईजी, बरिंदरजीत सिंह और पी रेणुका देवी को डीआईजी से आईजी, प्रीति प्रियदर्शिनी को एसएसपी से डीआईजी, यशवंत चौहान को एसएसपी से डीआईजी, तृप्ति भट्ट और रामचंद्र राजगुरु को एसपी से एसएसपी पद पर पदोन्नति दी गई है। इनमें से बरिंदरजीत और पी रेणुका वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर हैं, जिन्हें परफॉर्मा पदोन्नति दी गई है। अर्पण यदुवंशी को सेलेक्शन ग्रेड दिया गया है जबकि इससे पूर्व निशा यादव व जितेंद्र चौहान को एसपी रैंक मिल चुकी है।

## जियो नेटवर्क न होने से उपभोक्ता हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में लगे जियो टावर की समयावधि पूरी होने पर कम्पनी द्वारा टावर में लगे उपकरण उखाड लिये गये हैं। नगर में जियो नैटवर्क न होने से जियो उपभोक्ता अनेक परेशानियों से जूझ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर स्थित जियो टावर की समयावधि पूरी हो जाने पर कम्पनी द्वारा नगर से टावर बन्द कर सभी उपकरण उखाड लिये गये हैं। लगभग दो सप्ताह से जियो टावर बन्द पडा होने के कारण उपभोक्ता नेटवर्क समस्या, धीमी इंटरनेट स्पीड, और कॉल ड्रॉप जैसी परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ऑनलाइन काम, पढ़ाई और दैनिक संचार में दिक्कतें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि नगर के प्रसिद्ध डॉक्टर बंगाली द्वारा सन् 2002 में बीस वर्षों के लिए अपनी जमीन लीज पर देकर जियो टावर लगवाया गया था।



# सात परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

## भिकियासैंण बस हादसे ने छीन लीं खुशियां, मातम में डूबा इलाका

मोहित अधिकारी

**शाह टाइम्स, अल्मोड़ा।** नववर्ष की दहलीज़ पर खड़ा साल 2025 जाते-जाते पहाड़ को गहरे ज़ख्म दे गया। अल्मोड़ा जनपद के भिकियासैंण क्षेत्र में हुई भीषण वाहन दुर्घटना ने सात जिंदगियां लील लीं। एक ही पल में उजड़ गए घर-आंगन, बुझ गए चिराग और मातम में डूब गया पूरा इलाका। हादसा इतना भयावह था कि खुशियों से भरी यात्रा पल भर में मौत के सफर में बदल गई। दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग अपने-अपने परिवारों की उम्मीद थे, किसी के घर का सहारा, किसी के बच्चों का भविष्य, तो किसी की बूढ़ी आंखों का उजाला। अब वही परिवार जीवन भर न भरने वाले खालीपन के साथ जीने को मजबूर हैं।

घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम है, हर दिल भारी। गांवों में सन्नाटा पसरा है और सात परिवारों के घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं। लोगों की जुबान पर बस एक ही सवाल है, क्या यह त्रासदी रोकी जा सकती थी? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा, घायलों को बेहतर उपचार और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाएं दोबारा न दोहराई जाएं। साल 2025 की यह कड़वी विदाई हमेशा याद दिलाएगी कि पहाड़ की सड़कों पर जरा-सी लापरवाही कितनी बड़ी कीमत वसूल लेती है। भिकियासैंण का यह हादसा सात परिवारों को ऐसा दर्द दे गया है, जिसे न समय भर पाएगा और न ही शब्द।





### बस हादसे में घायलों का विवरण

1. नवीन चंद्र (55) पुत्र दुर्गादत्त तिवाड़ी, निवासी ओखलढुंगा नैनीताल (चालक)।
2. प्रकाश चंद्र (43) पुत्र रामदत्त, निवासी पचरोटी स्याल्दे (परिचालक)।
3. नन्दा बल्लभ (58) पुत्र सदानंद, निवासी तिमला नौबाड़ा, द्वाराहाट।
4. राकेश कुमार (55) पुत्र महावीर प्रसाद, शिक्षक जीआईसी द्वाराहाट।
5. नन्दी देवी (40) पत्नी देवेन्द्र सिंह, निवासी नौबाड़ा, द्वाराहाट।
6. हंसी सती (36) पत्नी राजेश चन्द्र, निवासी सिंगोली, भिकियासैण।
7. भूपेन्द्र अधिकारी (64) पुत्र धन सिंह, निवासी जमोली, भिकियासैण।
8. हिमांशु पालीवाल (17) पुत्र महेश चंद्र, निवासी दौलापाली, द्वाराहाट।
9. मोहित सती (16) पुत्र रमेश चंद्र, निवासी नौघर, भिकियासैण।
10. बुद्धिबल्लभ भगत (58) पुत्र कुलोमणी, निवासी जमोली, भिकियासैण।
11. हरीश चंद्र (62) पुत्र बालादत्त, निवासी पाली, द्वाराहाट।
12. जितेंद्र रिखाड़ी (37) पुत्र नन्दाबल्लभ, निवासी विनायक, भिकियासैण।

### बीते तीन सालों में 64 लोगों ने गंवाई जान

**अल्मोड़ा।** जिले में सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। सड़कों की हालत में सुधार होने के बावजूद हादसों में इजाफा हो रहा है। जिले में बीते तीन साल में सड़क दुघर्टनाओं में 64 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। जबकि 84 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें अधिकांश हादसों की वजह ओवर स्पीड और खस्ताहाल सड़के पर हुई है। पर्वतीय क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कें लगातार हादसों को दावत दे रही हैं। लोगों का कहना है कि तमाम हादसों के बाद भी शासन इन सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सड़क सुरक्षा के लाख दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद भयावह है। सड़कों की हालत बेहद खराब है। जर्जर सड़क दुर्घटना का कारण बनती है। जिले की बात करें तो विकासखंड सल्ट, भिकियासैंण समेत अन्य ग्रामीण इलाकों की सड़कों के है। यहां संकरी सड़क में आये दिन हादसे हो रहे है। अकेले अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां 57 डेंजर जोन चिह्नित किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा डेंजर जोन विकासखंड सल्ट क्षेत्र में है। जिनमें अब तक हुए हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा बैठे हैं।

### 3.6 हेक्टेयर भूमि के पट्टे डीएम ने निरस्त किए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिलाधिकारी न्यायालय नैनीताल द्वारा वाद संख्या 51/4,51/5,51/6 वर्ष 2018-19 में पारित आदेशों के द्वारा ग्राम रुद्रपुर तहसील रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर की सुनवाई करते हुए अपने आदेशों द्वारा ग्राम एवं तहसील रुद्रपुर के खसरा नंबर 66,69 तथा 70 की कुल 3.60 हेक्टेयर भूमि पर दिए गए पट्टे तथा वर्ष 2015 में पट्टों के नियमित. ीकरण के पश्चात दिए गए भूमिधरी अधिकारी को भी निरस्त किया गया है। बता दें उक्त तीनों वाद स्वर्ण सिंह पुत्र जीवन सिंह, दर्शन सिंह पुत्र कृपाल सिंह तथा हरक. ेवल सिंह/ हरपाल सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासीगण जगतपुरा, तहसील रुद्रपुर द्वारा पूर्व में कलेक्टर उधम सिंह नगर के सम्मुख प्रस्तुत किए गए थे जिन्हें आयुक्त न्यायालय द्वारा सुनवाई एवं निस्तारण हेतु जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल को हस्तांतरित किया गया था जिस पर वर्ष 2018 से उक्त वाद जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल के न्यायालय में विचाराधीन एवं लंबित थे। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नैनीताल द्वारा अपने आदेश में यह पाया गया है कि वाद में विचाराधीन भूमि मूलत नजूल भूमि है जिसे श्रेणी वर्ग 4 में दर्ज किए जाने संबंधी अपर जिलाधिक. ारी उधमसिंहनगर के आदेश को न्यायालय, राजस्व परिषद देहरादून द्वारा पूर्व में ही निरस्त किया जा चुका है जिस कारण उक्त भूमि पर वर्ग 4 के भूमि नियमितीकरण के शासनादेशों का लाभ प्रदान नहीं किया जा सकता है। जिस कारण पूर्व में की गई विनयमितीकरण की कार्रवाई एवं भूमिधरी के अधिकार नहीं दिए जा सकते। अपने आदेश में जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा तहसीलदार रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर को आदेशों के अनुपालन के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## एक नजर

### उत्तरायणी में लोक कलाकार मचाएंगे धमाल

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले में रात्रि एवं दिन में अपने गीतों से समा बांधने के लिए कलाकारों की लिस्ट लगभग तय हो चुकी है। एक ओर स्थानीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम से मंच की शोभा बढ़ाई जाएगी, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड के लोक गायक अरुण व दीवान की जोड़ी के साथ अन्य कलाकार फौजी ललित मोहन जोशी, माया उपाध्याय, गोबिंद दिगारी, खुशी जोशी आदि कलाकार अपनी गायनी एवं नृत्य कलाकारों के साथ मेले में चार चांद लगाएंगे। आगामी जनवरी माह के मकर संक्रांति पर्व से आयोजित होने वाला ऐतिहासिक उत्तरायणी मेला 13 जनवरी से 20 जनवरी तक चलेगा। मेले को भव्य बनाए जाने के लिए भोजन, सांस्कृतिक समिति, सफाई समिति, स्वागत समिति का गठन किया जा चुका है। समितियों के साथ पालिका बोर्ड के सदस्य एवं मेलाधिकारीयों ने परामर्श करने के बाद कलाकारों के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी है। इस बार मेले में दीवान सिंह कनवाल एवं अरुण ढौंडियाल की जोड़ी रंग जमाएगी। इधर मेले को साफ सुथरा बनाने की ओर भी ध्यान दिया जाएगा।

### शीत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बैठक

**बागेश्वर।** जनपद में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने पर्यटन के विकास के लिए कई योजनाओं पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उतरायणी मेले में विंटर टूरिज्म स्टॉल लगाने, पर्यटकों का डेटा संकलन करने, 3-4 दिवसीय बागेश्वर ट्रैवल पैकेज तैयार करने और मेले के प्रचार-प्रसार हेतु डॉक्यूमेंट्री एवं शॉर्ट रील्स बनाने के निर्देश दिए। साथ ही 5 दिवसीय राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप के आयोजन और प्रचार पर भी जोर दिया। पर्यटन अवसंरचना सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी ने टूरिस्ट गाइड विकसित करने, होटलों में प्रमुख पर्यटन स्थलों की साइनेज लगाने और चयनित स्थलों के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई। बैजनाथ क्षेत्र में झील में बोटिंग सुविधा और स्थल सौंदर्यीकरण की भी बात की गई। इन प्रयासों के माध्यम से एक लाख पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल उपस्थित थे।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से मचा हड़कंप

**काशीपुर।** किला बाजार में बिजली घर के पास आग लगने से अफरातफरी मच गई। समय रहते आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा होते होते रह गया। आपको बता दें कि किला बाजार में स्थित बिजली घर के पास एक फास्टफूड का ठेला लगता है। अचानक उसके गैस सिलेंडर में आग लग गई। आस पास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। जहां सिलेंडर फटने से जनहानि हो सकती थी वहीं बिजली घर को भी नुकसान पहुंच सकता था।

### शिवालिक होली माउंट एकेडमी में महायज्ञ कल

**काशीपुर।** महिला पतंजलि योग समिति काशीपुर की ओर से आगामी 1 जनवरी बृहस्पतिवार को नीझड़ा स्थित शिवालिक होली माउंट एकेडमी में एक भव्य 108 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर समिति की ओर से कमला रिखाड़ी ने प्रेसवार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला पतंजलि योग समिति पिछले 15-16 वर्षों से निष्काम सेवा के भाव से योग का प्रचार-प्रसार कर रही है। समिति ने शारदीय नवरात्रि से 108 अखंड सुंदरकांड पाठ की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज में जातिभेद, वर्गभेद और क्षेत्रभेद को समाप्त कर एकता का संदेश देना रहा। उन्होंने बताया कि यह सुंदरकांड पाठ घरेलू कामगारों से लेकर उद्योगपतियों के घरों तक नि:शुल्क कराया गया। उन्होंने बताया कि काशीपुर औद्योगिक शहर होने के कारण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए इस यज्ञ में 108 किलो शुद्ध देसी गाय के घी और लगभग 200 किलो हवन सामग्री से आहुतियां दी जाएंगी। जिससे वातावरण शुद्ध करने का संकल्प लिया गया है। इस महायज्ञ की एक विशेष बात यह है कि इसमें महिलाओं की ऐतिहासिक भूमिका होगी। नजीबाबाद गुरुकुल से यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आचार्य डॉ. प्रेमवदा जी अपनी 11 ब्रह्मवादिनी बहनों के साथ चारों वेदों के लगभग 500 मंत्रों के उच्चारण से यज्ञ संपन्न कराएंगी। आयोजकों के अनुसार, उत्तराखंड में यह पहला अवसर होगा जब इतने बड़े स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व में 108 कुण्डीय महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

**अल्मोड़ा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। मंगलवार को कठपुड़िया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार पर हत्याकांड के दोषियों को बचाने का आरोप लगाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अंकिता हत्याकांड के दोषियों को बचाने का काम कर रही है। कहा कि दोषियों के नाम उजागर होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुतला फूंकने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष शिव राज सिंह नयाल, रमेश भाकुनी, दिनेश नेगी, पंकज पाठक, कुंदन राम, युधिष्ठिर बिष्ट, गजेन्द्र सिंह, महेश कांडपाल, राजू भट्ट, कैलाश आर्या, लक्ष्मण मेहरा, नवल जोशी, भगवती पाठक, ज्योति पाठक, पंकज वर्मा, राजू बिष्ट, गणेश पाठक, हेम पाठक, बबलू भट्ट, अशोक कुमार, विनोद बिष्ट, दीप चंद्र कांडपाल, भुवन कांडपाल, सुधांशु रौतेला, पूरन चंद्र पांडे, पान सिंह मेहरा, राजेंद्र जोशी, गणेश राम, दुर्गा दत्त कांडपाल, संजय ग्वाल, चंद्र किशोर, विनोद कुमार, जीवन लाल, तारा दत्त कांडपाल, गणेश राम, खीम राम, जीवन राम, पंकज कांडपाल, लीला राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंतनगर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मिला युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित 20वें उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन देहरादून में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट कार्य कर प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन हुआ। इस पुरस्कार में गणित, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान में दिव्यांशु, केमिकल साइंसेज़ में आशीष कुमार सागर और स्तुति आर्या, तथा बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में दिव्या पंत को यह सम्मान प्राप्त हुआ। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सभी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को उनके मार्गदर्शकों, विभागाध्यक्षों और विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता के साथ आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डा. एसबी सिंह, डा. लक्ष्मी तिवारी, डा. विवेकानंद, डा. ओम प्रकाश, डा. आरसी श्रीवास्तव उपस्थित थे।



### एक वर्ष बाद दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**काशीपुर।** चीमा चौराहा पर पान की दुकान चलाने वाले युवक ने एक व्यक्ति पर उधार देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना एक साल से ज्यादा समय पुरानी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसपुर खुर्द निवासी राजीव कुमार पुत्र सीताराम ने कटोराताल पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि उसकी चीमा चौराहा पर पान की दुकान है। 10 नवंबर 2024 की रात साढ़े आठ बजे लगभग की है, वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी एक व्यक्ति आया और उससे उधार सामान मांगने लगा, जब उसने उधार सामान देने से मना किया तो उसने उसके साथ मारपीट की और गालियां दीं। राजीव ने बताया कि शोर सुनकर जब आसपास के लोग आने लगे तो वह व्यक्ति उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

### लाखों की संख्या में नशे के इंजेक्शन, कैप्सूल व टेबलेट बरामद

**काशीपुर।** आईटीआई थाना पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 17 पेटियों में लाखों की तादाद में नशे के इंजेक्शन/कैप्सूल व टेबलेट बरामद की हैं। आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन रौतेला गत दिवस एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट, कां. दीपक जोशी व चालक कां. नागेन्द्र कुमार के साथ गश्त करते हुए बांसखेड़ा फ्लाई ओवर के पास पहुचे तो वहां पर चौकी प्रभारी पैगा एसआई जितेन्द्र कुमार, हे.कां. शेखर बनकोटी, कां. दिनेश तिवारी व दीपक प्रसाद के साथ चैकिंग करते हुए मिले। इसके बाद सभी पुलिसकर्मी मौके पर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग करने लगे। कुंदन रौतेला ने बताया कि शाम 4.10 बजे एक मुखबिर ने सूचना दी कि दढ़ियाल रोड फ्लाई ओवर से बाजपुर को जाने वाले नेशनल हाईवे के किनारे पुराल के नीचे काली पन्नी से ढककर कुछ नशीले इन्जेक्शन व नशीली दवाईयां गत्ते की पेटियों में रखे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां 17 पेटियां बरामद हुईं। इसके बाद सूचना देने पर सीओ दीपक सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार व शुभम कोटनाला रुद्रपुर मौके पर आये। बरामद माल की कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/22 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई शंकर सिंह बिष्ट के हवाले की है।

## माल्टा उत्पादन से विपणन तक सशक्त पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** स्थानीय विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय माल्टा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने फीता काटकर किया। उन्होंने जनपद में माल्टा व नींबू वर्गीय फलों के परंपरागत उत्पादन को वैज्ञानिक पद्धतियों, प्रोसेसिंग एवं प्रभावी विपणन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। जिला. धिकारी ने माल्टा सहित अन्य उत्पादों के दिल्ली में विपणन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

किसानों को उचित मूल्य दिलाने हेतु विभागीय स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उद्यान विभाग द्वारा सी-ग्रेड माल्टा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 10 रुपए प्रति किलोग्राम तथा नींबू व गलगल का 7 रूपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को माल्टा क्षेत्रल विस्तार, अन्य किसानों को उत्पादन से जोड़ने तथा प्लास्टिक बैग/गमलों में पौध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्पादन प्रोसेसिंग मार्केटिंग के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा, ताकि आगामी 4-5 वर्षों में किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही डीएम ने कहा कि एक साल के अंतर्गत जिले में कोल्ड स्टोर एवं डिहाइड्रेशन प्लांट लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को स्थानीय उत्पाद के माध्यम से उनकी आय बढ़ाना शासन प्रशासन की प्राथमिकता है। विधायक पार्वती दास ने फल-सब्जी उत्पादकों हेतु कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता रेखांकित की। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने स्थानीय नर्सरी विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में शंकर फूड प्रोजेक्ट द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रगतिशील किसानों रोशन सिंह, शंकर सिंह, हीरा सिंह, चंदन सिंह व राजेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में जनपद के दर्जनों किसान मौजूद रहे।



किसानों की आय बढ़ाने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध: डीएम

## विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शिक्षा, खेल पंचायत राज्य युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने दीप प्रज्वलन के साथ साथ अंडर 14 बालिका वर्ग की 60 मी दौड़ को क्लैपर बजाकर किया। इस अवसर पर विधायक श्री चीमा ने पठन पाठन के साथ साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कहते हुए बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि समेत अतिथियों ने सभी विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर शिवालिक स्कूल प्रबंधक बसंत बल्लभ भट्ट, ब्लाक खेल समन्वयक गौरव शर्मा, सतीश विश्नोई, युवा कल्याण अधिकारी कंचन रावत, प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी नवनीत सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट समेत व्यायाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



### बांग्लादेश का पुतला दहन

**नैनीताल।** नगर में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से मल्लीताल रिकशा स्टैंड के समीप बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और नरसंहार के विरा. ेध में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया और इस प्रकरण पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने जिहादी मानसि. कता मुर्दाबाद, हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान, दीपू के सम्मान में बजरंग दल मैदान में आदि नारे भी लगाए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राजीव साह, बजरंग दल के संयोजक मनोज कुमार, कुनाल बेदी, आकाश, आदित्य, कुलदीप, सोनू, शुभम, कुंदन तिलारा, संजू, रोहित राठौर तथा देवेंद्र चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी के 227 कर्मचारियों को मिला बोनस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी के 227 कर्मचारियों को 48 लाख का बोनस भुगतान हुआ। कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने जिला जिलाधिकारी का आभार जताया। बता दें कि अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के कर्मचारियों एवं प्रबंधन के बीच लंबे समय से भुगतान को लेकर तकरार चल रही थी। लंबित प्रकरण का निस्तारण जिला प्रशासन की पहल से किया गया है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के स्तर से की गई समीक्षा के बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के बोनस का भुगतान कर दिया गया, जिससे श्रमिकों को राहत मिली है। पिछले दिनों कर्मचारी लंबित वेतन एवं बोनस की मांग को लेकर अपनी बात रख रहे थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारी यूनियन एवं कंपनी प्रबंधन के साथ बैठक कर निष्पक्ष जांच हेतु समिति गठित की गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस भुगतान लंबित पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर जारी निर्देशों के अनुपालन में कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार शर्मा ने अवगत कराया कि संस्थान के लगभग 227 कर्मचारियों के खातों में कुल 48 लाख की बोनस राशि हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लंबित बोनस का भुगतान कर दिया गया है तथा न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कंपनी का संचालन सुचारू होने पर आगामी वेतन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के बोनस का भुगतान देय होने पर समयबद्ध रूप से किया जाएगा।

## गन्ना मूल्य में वृद्धि की जाए: उपाध्याय

शाह टाइम्स संवाददाता

**उधमसिंह नगर।** किच्छा शुगर कं. लि. की 53वीं वार्षिक साधारण बैठक कम्पनी के गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी सत्येन्द्र सिंह ने की। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखे प्रस्तुत किए गए और अंशधारकों द्वारा स्वीकृत किए गए। बैठक के बाद कृषक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने अपने सुझाव और समस्याएं रखीं। अधिशासी निदेशक एपी बाजपेयी ने शुगर फैक्ट्री में सुधार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान किसान नेता डा. गणेश उपाध्याय ने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो उत्तराखंड की सभी शुगर फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ने की खेती से किसानों का मोहभंग हो रहा है, क्योंकि उत्पादन लागत और मंहगाई के कारण किसानों को कम लाभ मिल रहा है। किसानों ने गन्ना मूल्य में वृद्धि की मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने केवल रुपये 355 प्रति कुंतल की बढ़ोतरी की है, जबकि मंहगाई के हिसाब से गन्ना मूल्य रुपये 500 प्रति कुंतल होना चाहिए। बैठक में प्रमुख किसान नेता प्रताप सिंह, प्रशांत रघुवंशी, ऊषा सिंह, सुधीर कुमार शाही, वीरेश्वर सिंह, जगदीश सिंह, सुरेश पपनेजा, अली हुसैन, मोहम्मद यासीन एवं मोहम्मद ताहिर एवं अन्य उपस्थिति थे।



## जनता पर बुलडोजर राज खत्म हो

### प्रदेश सरकार के खिलाफ लालकुआं में भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** कार रोड बिंदुखत्ता चौराहे पर भाकपा माले की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। पूरे देश में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाने के खिलाफ बिंदुखत्ता की जनता एकजुट है और इस सरकार के खिलाफ आंदोलन का रुख अख्तियार किया जा रहा है। उत्तराखंड में जिस तरह श्रीनगर और रामनगर में सरकार का बुलडोजर चला है भाकपा माले उसकी कड़ी निंदा करती है। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड केके बोरा ने कहा कि ये भाजपा सरकार जहां झुग्गी वहां मकान का नारा दे कर सत्ता में आई थी लेकिन आज हकीकत ठीक इसकी उल्टी है। पूरे देश में गरीबों के सर से छत छिनने का काम इस सरकार ने किया है। भाकपा माले के नेता कामरेड किशन बघरी ने बताया कि पहले से ही ये भाजपा सरकार बुलडोजर से गरीबों को उजाड़ने में लगी थी अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद चीजें और जटिल हो गई हैं। ऋषिकेश में पिछले दिनों सरकार जिस तरह खाली पड़ी भूमि के नाम पर लोगों के खेत खलियानों में अपना बोर्ड लगा रही है जनता को उनकी जमीनों से बेदखल कर रही है ये बहुत ही शर्मनाक है हम इसका विरोध करते हैं और जहां भी गरीबों को उजाड़ने की कोशिश होगी भाकपा माले मजबूती से इसका विरोध करेगी। इस लिए हमारी मांग है कि बिंदुखत्ता, ऋषिकेश, रामनगर सहित जनता को उनका अधिकार दें उनको मालिकाना हक दें बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाया जाए। अंकिता भंडारी के हत्यारों को कड़ी सजा मिले। वरना भाजपा सरकार अपनी गद्दी छोड़ अन्यथा जनता जनांदोलन की एकता से सरकार को उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य केके बोरा, राज्य कमेटी सदस्य विमला रौथाण, एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, धीरज कुमार, कमल जोशी, निर्मला शाही, त्रिलोक दानू, आनंद दानू, त्रिलोक राम, वीर भद्र भंडारी, अजय पाल, गोपाल गड़िया आदि कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।




### औषधि भंडारों का औचक निरीक्षण

**बागेश्वर।** औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने बागेश्वर के केंद्रीय औषधि भंडार, जिला चिकित्सालय और डिपो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं के क्रय बिल, स्टॉक रजिस्टर और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि दवाएं निर्धारित तापमान और मानकों के अनुसार सुरक्षित रखी जाएं। पूजा रानी ने बताया कि जनस्वास्थ्य के लिए वितरित दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिक दायित्व है, ताकि सुरक्षित और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भंडार कर्मियों को दवाओं के उचित रखरखाव और गुणवत्ता पर संदेह होने पर प्रशासन को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं पर प्रभावी नियंत्रण औषधि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।

## भुगतान में देरी पर भड़के किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले काशीपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के समक्ष किसानों ने धान खरीद के भुगतान में हो रही भारी देरी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2025 में यूसीएफ द्वारा खरीदे गए हजारों क्विंटल धान का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस गए हैं। किसानों ने बताया कि अक्टूबर माह में खरीदा गया अधिकांश धान अब तक पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया, जिसके कारण भुगतान लंबित है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर फसल बोई थी, अब धान बिकने के बावजूद पैसा न मिलने से गेहूं की बुवाई सहित अन्य कृषि कार्य ठप पड़े हैं। भाकियू युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने आरोप लगाया कि दो से ढाई महीने बीत जाने के बाद भी समिति और संबंधित अधिकारी भुगतान को लेकर टालमटोल कर रहे हैं। जब भुगतान की स्थिति पूछी जाती है तो कभी पोर्टल न होने तो कभी लक्ष्य (लिमिट) न मिलने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं सहकारी समिति के अकाउंटेंट राज. कुमार सिंह ने बताया कि समिति को 54 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य मिला था, जो 22 अक्टूबर तक पूरा हो गया था। इसके बाद करीब 12 हजार क्विंटल धान लक्ष्य न मिलने के कारण पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका है। लक्ष्य मिलते ही पेंडिंग धान को पोर्टल पर चढ़ाकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। किसानों का कहना है कि धान क्रय केंद्र पर सरकारी व्यवस्था के तहत तौल और पर्ची बनाई गई थी, इसलिए भुगतान न मिलने की जिम्मेदारी पूरी तरह विभाग और समिति की है। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें उनके धान का पूरा भुगतान नहीं मिल जाता, वे आंदोलन जारी रखेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



# नया सालः पुलिस की कड़ी सुरक्षा में नैनीताल

## जश्न के दौरान आयोजकों को बरतनी होगी सावधानी, नियमों का करना होगा पालनः एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न के लिए नैनीताल पूरी तरह सज चुका है। यहां हर साल हजारों लोग शाम के समय नैनी झील के सुंदर दृश्य को निहारने के लिए पहुंचते हैं। लेकिन इस बार पुलिस ने सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। नैनीताल के अलावा, रामनगर, मुक्तेश्वर, भीमताल, भवाली और रामगढ़ समेत जिले के कई अन्य पर्यटन स्थल भी नए साल के जश्न के लिए तैयार हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने आयोजकों को सख्त चेतावनी दी है और सभी आयोजनों के लिए निगरानी की व्यवस्था की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के नए साल के आयोजन की तैयारियों को लेकर ऑनलाइन मीटिंग की। इसके बाद एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट और रिजॉर्ट संचालकों से कहा कि आयोजन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही सीसीटीवी कैमरे कभी भी बंद नहीं होने चाहिए और जश्न में शामिल होने वाले सभी मेहमानों की आईडी अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए। सिर्फ नैनीताल ही नहीं, जिले के रामनगर, मुकतेश्वर, भीमताल, भवाली और रामगढ़ समेत दर्जनों स्थलों पर जश्न का आयोजन होता है और इस बार पुलिस की जश्न के हर डेस्टीनेशन पर नजर है। एहतियात के साथ आयोजन को एसएसपी ने चेतावनी भी है। उनसे जश्न में शामिल होने वाले हर मेहमान का ब्यौरा तलब किया गया है। यह निर्देश वन डे बार लाइसेंस वाले आयोजकों पर भी लागू होते हैं, यानी निजी स्थान पर वन डे बार लाइसेंस लेने वालों को भी पुलिस को पूरी जानकारी देनी होगी।

### मुख्य पर्यटन स्थलों पर होगी कड़ी निगरानी

नैनीताल जिले के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है, जिनमें रामनगर, मुक्तेश्वर, भीमताल, भवाली, धानाचूली, रामगढ़, किलबरी, पंगोट, नारायणनगर, धोड़ाखाल, चायबगान, कैंचीधाम, हनुमानगढ़ी, ज्योलीकोट, नौकुचियाताल, सात. ताल, सरियाताल, हरीशताल, खुर्पाताल और अन्य प्रमुख स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक भारी भीड़ होने की संभावना है, और पुलिस ने इन जगहों पर सीसीटीवी और ड्रोन की मदद से निगरानी बढ़ा दी है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

## पुलिस कप्तान ने सुरक्षा में चूक बरतने पर मातहतों को चेताया

### सैलानियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने व प्रकृति का आनंद लेने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नए साल के जश्न के मद्देनजर हल्द्वानी जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने मंगलवार को यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक की, जिसमें पुलिस कर्मियों को विशेष चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात कोई भी पुलिस कर्मी अगर नशे की हालत में पाया गया तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा।




साथ ही नए साल में उन्ही पुलिस कर्मियों को छुट्टी दी गई जिन्हें अति आवश्यक कार्य था। मंगलवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सभी पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी के दौरान शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कतई नहीं करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, जश्न की आड़ में हुड़दंग, खुलेआम शराब पीने, रोड रेज, शस्त्रों का प्रदर्शन और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी हालत में नहीं होने चाहिए। मुख्य पर्यटन स्थलों और डेस्टिनेशन पॉइंट्स पर बीडीएस, डॉग स्क्वाड और एटीएस की टीमें चेकिंग करेंगी। इसके अलावा, सभी बॉटलनेक पॉइंट्स और डाइवर्जन पॉइंट्स पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ड्रोन टीमों के जरिए पर्यटन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। जिला और सिटी कंट्रोल रूम की टीमें 24 घंटे स्थिति पर नजर रखेंगी। एसएसपी ने पर्यटकों से अपील की है कि वे नैनीताल जरूर आएं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें, लेकिन साथ ही कानून और शांति व्यवस्था का पालन करें। इस बैठक में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी दूरसंचार रेवाधर मठपाल, सीओ लालकुआं/भवाली दीपशिखा अग्रवाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडे, क्षेत्राधिकारी नैनीताल रविकांत सेमवाल, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाईः एसपी सिटी

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने साफ कहा है कि अगर आयोजन स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई और कोई



दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी। आयोजकों को कड़ी हिदायत दी गई है कि वे सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। वन-डे बार लाइसेंस जिन आयोजकों ने लिया है, उन्हें अपने स्थानीय थाना प्रभारी से संपर्क करके कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों की संख्या, सीटिंग अरेंजमेंट और फायर सेफ्टी के इंतजाम की जानकारी साझा करनी होगी। सुरक्षा आयोजकों को अपनी लो. केशन पर कम से कम 3-4 प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स की व्यवस्था करनी होगी, जिनमें से कुछ सशस्त्र भी होंगे। कार्यक्रम स्थल पर अलग-अलग प्रवेश और निकासी द्वार होने चाहिए। इसके साथ ही एसपी सिटी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त विद्युत बैकअप और सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए, और सीसीटीवी का बैकअप रखना अनिवार्य होगा।

## रामनगर में नए साल के जश्न की धूम, वन डे बार लाइसेंस की बिक्री में वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामनगर जिले का एक प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन है, जहां पूरे साल पर्यटकों की भीड़ रहती है। नए साल के अवसर पर यहां जश्न का माहौल और भी बढ़ जाता है, और इस बार भी रामनगर में सबसे ज्यादा उत्साह देखने को मिलेगा। जिले के सभी होटल और रिजॉर्ट इन दिनों पूरी तरह से बुक हो चुके हैं, क्योंकि रामनगर में सबसे ज्यादा रिजॉर्ट हैं। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अलावा सीताबनी और फाटो में भी नए साल का आयोजन हो रहा है। रामनगर में नए साल के जश्न के लिए सबसे ज्यादा वन-डे बार लाइसेंस की बिक्री हुई है। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट के अनुसार, रामनगर के लिए अब तक 9 वन डे बार लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जबकि हल्द्वानी और नैनीताल के लिए सिर्फ दो-दो लाइसेंस ही बिके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 31 दिसंबर तक इन लाइसेंसों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट ने बताया कि वह खुद अपनी टीम के साथ जिले में चेकिंग कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इधर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने वाहन में बार बनाता है तो उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने नए साल के मौके पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं।

## मारपीट कर घर से निकाला दिया तीन तलाक, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुरालियों के खिलाफ मारपीट, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मुक. दमा दर्ज कराया है। महिला का आरा. ेप है कि उसके पति ने किसी अन्य महिला के साथ संबंध होने के बाद विरोध करने पर उसे और उसके दो बच्चों को घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाक्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी शादी 28 जनवरी 2014 को गौलापार काठगोदाम निवासी तनवीर अहमद से हुई थी। आरोप है कि पति के मोबाइल में दूसरी महिलाओं के साथ तस्वीरें मिलने के बाद जब उसने आपत्ति जताई, तो पति ने उसे मारपीट की, और पति और ससुरालवालों ने उसे और बच्चों को घर से बाहर निकालने की धमकी दी। आरोप है कि बीती 6 मार्च को पति ने कथित रूप से तीन तलाक देकर बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद जब महिला ने फोन पर बात करनी चाही तो उसे गाली-गलौच और धमकियां दी गईं। महिला ने शादी में दिया सामान लौटाने को कहा तो इंकार कर दिया। महिला ने पति, ससुर, सास, देवर और ननद पर भी मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बुद्ध पार्क में सरकार का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछासं), प्रगतिशील महिला एकता केंद्र (प्रमएके) और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन (क्रालोस) ने संयुक्त रूप से अंकिता भंडारी हत्या मामले में आरोपी वीआईपी पर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और कठोर कानूनी कार्यवाही किए जाने को लेकर बुद्ध पार्क तिकोनिया में पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इस दौरान सभा में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में विगत तीन वर्षों से अंकिता भंडारी की हत्या काफी संवेदनशील और चिंता का विषय बना हुआ है। अंकिता आत्मनिर्भर बनने और अपने परिवार की मदद करने के लिए रोजगार करने निकली थी। वहां उसे आरोपी पुलकित व अन्य ने किसी वीआईपी को स्पेशल सर्विस देने के लिए दबाव बनाया। यह जगजाहिर है कि आत्मसम्मान के साथ रोजगार करने के दृढ़ इरादे के कारण, सम्पत्ति और सत्ता के नशे में चूर अपराधियों ने अंकिता की हत्या कर दी। इस दौरान कार्यक्रम में रजनी जोशी, चम्पा गिनवाल, पुष्पा कुंडाई, सीमा पाण्डेय, भावना, जानकी, महेश, चन्दन, मुकेश भंडारी, अनिशेख रियासत सहित अन्य लोग शामिल थे।

## खेल विभाग ने कराई अनुसूचित जाति एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में अनुसूचित जाति एथलेटिक्स प्रतियोगिता अंडर-19 और अंडर-15 बालक/बालिका वर्ग के लिए आयोजित की गई। जिसमें 46 बालकों और 41 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय धावक राजीव लोचन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर, विजेता खिलाड़ियों को अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। अंडर-19 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में इलयास अली प्रथम, करण आर्य द्वितीय एवं हर्षित आर्य तृतीय रहे। 200 मीटर में सातुन आर्य प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय तथा पवन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में इलशाद अली प्रथम, हर्षित राहुल द्वितीय एवं कुमार तृतीय रहे। 800 मीटर में शांतनु आर्य प्रथम, प्रिंस आर्य द्वितीय एवं खुशाल मटेलिया तृतीय रहे, जबकि 1500 मीटर में प्रिंस आर्य प्रथम रहे। गोला फेंक में स्वामी आयुष तथा डिस्कस थ्रो में



विनीत आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में साक्षी आर्य, 200 मीटर में माही आर्य, 400 मीटर में खुशी आर्य एवं 800 मीटर में साक्षी आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक व डिस्कस थ्रो में प्राची आर्या ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-15 बालक वर्ग में 100 एवं 200 मीटर दौड़ में वैभव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में सूरज आर्य, 800 मीटर में प्रिंस टम्टा तथा 1500 मीटर में अभय सिंह विज. ेता रहे। गोला फेंक में भी प्रिंस टम्टा प्रथम रहे। अंडर-15 बालिका वर्ग की 100 व 200 मीटर दौड़ में निशा ने प्रथम स्थान हासिल किया। 400 मीटर में हर्षिता, 800 मीटर में रेनू आर्य तथा 1500 मीटर में नीलम को. हली विजेता रही। गोला फेंक में पायल टम्टा ने पहला स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर उप कोषागार अधिकारी अजय कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आनंद देव, महेश बिष्ट, गोपाल नेगी, महेश फर्त्याल, काव्या ठाकुर रहे। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट, उमेश रावत, पूनम मेहता, शशि देवी, कैलाश जोशी, तनुज पांडे रहे।

## 23 रनों से जीएनजी ने जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और जीएनजी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जीएनजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवरों में 305 रन बनाए। टीम के लिए प्रतीक पाण्डे ने 56 गेदों में 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की पूरी टीम 42वें ओवर में 282 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 23 रनों से मैच हार गई। रक्षित ने 112 और हार्दिक राज ने 59 रनों का योगदान दिया। जीएनजी के गेंदबाज लक्ष्य राय चंदानी ने 3 और आरुष मेलकानी ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार शानदार बल्लेबाजी के लिए प्रतीक पांडे को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और भूपेश शाही जबकि स्कोरर की भूमिका रोहित ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## मंडी परिषद में व्यापारियों के उत्पीड़न पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि मंडी परिषद द्वारा लगातार व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, महानगर हल्द्वानी के अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापारियों को मंडी परिषद द्वारा कभी अतिक्रमण के नाम पर तो कभी लीज एग्रीमेंट के बहाने उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। आरोप है कि मंडी परिषद ने अनियोजित निर्माण कर अवैध तरीके से गोदामों और दुकानों का आवंटन किया है। इसके साथ ही व्यापारियों ने यह भी कहा कि मंडी परिषद द्वारा उनके गोदामों और लीज एग्रीमेंट पर किराया नहीं लिया जा रहा, जिससे परिषद के कार्यों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, और जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने हल्द्वानी के आलू, फल और किराना मर्चेंट व्यापारी लगातार इस उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं और इस स्थिति को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आलू फल एसो. को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का पूरा समर्थन है, और और जब तक व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व को समर्पित तीसरी प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री हरकृष्ण साहिब, रामपुर रोड में संपन्न हुई। यह प्रभात फेरी मंगलवार सुबह 5 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हल्द्वानी से प्रारंभ हुई, जो रामलीला ग्राउंड से होते हुए सदर बाजार, स्टैंडर्ड स्वीट हाउस, 8 नंबर गली, 9 नंबर गली और विष्णुपुरी गली होते हुए गुरुद्वारा श्री हरकृष्ण साहिब रामपुर रोड में समापन हुई। प्रभात फेरी में सैकड़ों संगत ने भाग लिया और पूरे मार्ग में गुरबाणी गायन करते हुए दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी की उपासना की। प्रभात फेरी के मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ संगत ने स्वागत किया। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और सभी संगतों ने कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी का आनंद



लिया। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हल्द्वानी के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्डा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्डा ने बताया कि इसी क्रम में अगली प्रभात फेरी कल, 31 दिसंबर यानि आज बुधवार को गुरुद्वारा सिंह सभा से प्रस्थान करेगी, जो गुरुद्वारा श्री चार साहिब. जादे, कालाढूंगी रोड में 5 बजे होगी। इस मौके पर गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार अमरीक सिंह, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चड्डा, मनप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह, आनंद जगप्रीत सिंह, इंद्रपाल सिंह सेठी, सुरेंद्र सेठी, रवि आनंद, सचिव कवलजीत सिंह, उत्पल, बबलू कुकरेजा, अमन आनंद, बलजीत कौर, सतवीर कौर, रविंदर कौर, मनमोहन कौर सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रहे।

## हॉकी खिलाड़ी भूपेश का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ी भूपेश कोश्यारी को उनकी सीडीएस (कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपलक्ष्य में उनके प्रशिक्षक और साथी खिलाड़ियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके प्रशिक्षक रहे, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि यह सफलता पूरे खेल जगत और विशेष रूप से हॉकी के लिए गर्व का विषय है। वरुण बेलवाल ने कहा भूपेश कोश्यारी बचपन से ही एक अनुशासित, मेहनती और लगनशील खिलाड़ी रहे हैं। उनकी यही मेहनत उन्हें 67वीं रैंक के साथ सीडीएस परीक्षा में सफलता दिलाई है। उन्होंने आगे बताया कि भूपेश एक राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी हैं और



हल्द्वानी स्टेडियम में नियमित रूप से अभ्यास करते हैं। भूपेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महर्षि विद्या मंदिर हल्द्वानी से प्राप्त की, और इसके बाद एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद से ही उन्होंने आर्मी अफसर की परीक्षा की तैयारी शुरू की, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह बड़ी सफलता मिली। भूपेश के पिता राजेन्द्र सिंह कोश्यारी पुलिस विभाग से सहायक कमांडेंट के पद से सेवा. निवृत्त है। भूपेश की इस शानदार उपलब्धि पर हॉकी उत्तराखंड के सचिव नरेंद्र बाफिला, विधायक प्रतिनिधि कालाढूंगी विकास भगत, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, सीआरपीएफ के चीफ कोच प्रेम थापा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश भाकुनी, नीलेश गुप्ता, मोहित चौधरी, भीम बिष्ट, किशोर जोशी, लोकेश नेगी, प्रियांशी नेगी, तनीषा पाल, आदित्य बेलवाल, कृष्णा, गुंजन लमगड़िया सहित अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भूपेश को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## नेटवर्क सेवाओं के विस्तार पर ध्यान दे दूरसंचार विभागः भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को हल्द्वानी के आवास विकास स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) कार्यालय में सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं की स्थिति, नेटवर्क विस्तार उपभोक्ता सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं 4जी और 5जी नेटवर्क विस्तार, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और उपभोक्ता शिकायत निवारण की प्रगति पर जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों के अनुरूप बीएसएनएल अपनी सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। सांसद श्री भट्ट ने कहा कि आज दूरसंचार सेवाएं आम जनता की एक महत्वपूर्ण और आवश्यक सेवा बन चुकी हैं। उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्वतीय और दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज, मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को निर्बाध और सुलभ सेवाएं मिल सकें। बैठक में बीएसएनएल के महाप्रबंधक कुमाऊं, संजय प्रसाद, उप महाप्र. बंधक एलएम तिवारी, समिति के अन्य सदस्य और विभागीय अधिक. ारी मौजूद रहे।

## सर्दियों में त्वचा की नमी बनाए रखना आवश्यकः डा. गिरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ठंड के मौसम में तापमान में गिरावट के साथ-साथ त्वचा से संबंधित समस्याओं में भी वृद्धि देखी जाती है। सर्दियों के दौरान वातावरण में नमी की मात्रा कम हो जाती है, जिसके कारण त्वचा रूखी, बेजान एवं अधिक संवेदनशील हो जाती है। यदि समय रहते उचित चिकित्सकीय परामर्श लिया जाए एवं आवश्यक सावधानियां अपनाई जाएं, तो इन समस्याओं से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के चर्म रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. पीडियंगती गिरी ने बताया कि सर्दियों के मौसम में ड्राई स्किन, खुजली, त्वचा का फटना, होठों का अत्यधिक सूखना, एड़ियों का फटना, एलर्जी, एक्जिमा तथा सोरायसिस जैसी



समस्याएं आमतौर पर अधिक देखने को मिलती हैं। इसके अतिरिक्त कई व्यक्तियों में ठंड के प्रभाव से हाथ-पैरों में लालिमा, जलन एवं सूजन की शिकायत भी पाई जाती है। त्वचा की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियों पर बल देते हुए डा. गिरी ने कहा कि सर्दियों में त्वचा की नमी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए दिन में कम से कम दो बार अच्छी गुणवत्ता वाले, त्वचा के अनुकूल मॉइस्चराइज़र का नियमित उपयोग करना चाहिए। नहाने के लिए अत्यधिक गर्म पानी के प्रयोग से बचना चाहिए, क्योंकि इससे त्वचा का प्राकृतिक तेल नष्ट हो जाता है और त्वचा का रूखापन और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने हल्के, सौम्य एवं मॉइस्चर युक्त साबुन तथा क्लींजर के उपयोग की सलाह दी।

## सिंथिया में रोटरी यूथ लीडरशिप एक्टिविटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब से जुड़े विभिन्न स्कूलों के इन्ट्रेक्ट क्लब प्रतिनिधियों ने रायला (रोटरी यूथ लीडरशिप एक्टिविटी) में भाग लेकर नेतृत्व कौशल के विभिन्न पहलुओं को समझने और आत्मसात करने का प्रयास किया। यह प्रतियोगिता रामनगर स्थित एक रिसोर्ट में चार दिनों तक आयोजित की गई, जिसे रोटरी क्लब हल्द्वानी की पहल पर आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में



करीब सात दर्जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी के इन्ट्रेक्ट क्लब ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। क्लब ने कुल पांच ट्रॉफी और पदक अपने नाम किए। चित्रांश पाण्डेय ने बालीवुड पार्टी कार्यक्रम में पहला और खुला वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। सात्विक रौतेला और रविन्द्र रावत ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। गौरव शर्मा ने खजाना खोजो प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। आलोक ममगाई और मौलिक कपिल की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में चित्रांश पाण्डेय, सात्विक रौतेला, रविन्द्र रावत, गौरव शर्मा, आलोक ममगाई, मौलिक कपिल, दिव्यांश सिंह, पियूष नेगी, अक्षत भाकुनी ने भाग लिया। इन सभी प्रतिभागियों का उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल परिसर में स्वागत किया गया, और उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, सुरेश चन्द्र मिश्रा, महेश जोशी, अकादमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पन्त, एसएस कपकोटी, कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, हेमा तिवारी, ऋचा कर्नाटक, आईडी जोशी, बीसी सती, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी, हिमांशु तिवारी, रविन्द्र, दीपक जोशी समेत अन्य शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

## 2026 में मूलांक एक, सूर्य इस वर्ष का प्रमुख ग्रहः वार्ष्णेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंग्रेजी नववर्ष 2025 की विदाई 31 दिसंबर की रात 12 बजे कृत्तिका नक्षत्र और साध्य योग में हो रही है। इसके बाद रात 1 बजकर 29 मिनट पर सन् 2026 का आगमन रोहिणी नक्षत्र, शुभ योग, गुरुवार और शुक्ल पक्ष त्रयोदशी के साथ होगा। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से यह वर्ष जनहित के स्थायी फैसले और संतुलित निर्णय लेने के लिए जाना जाएगा। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष का मूलांक एक होने के कारण सूर्य इस वर्ष का प्रमुख ग्रह होगा। सूर्य की स्थिति इस वर्ष ऊर्जा, नेतृत्व और नवाचार के क्षेत्र में शक्ति प्रदान करेगी। हालांकि, सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र का चतुर्ग्रही योग वैश्विक



स्तर पर बड़े बदलाव और चुनौतियों का सामना करवा सकता है। मौसम में लगातार बदलाव और सीमा पर तनाव की स्थिति भी बन सकती है। इसके अलावा, इस वर्ष गुरु बृहस्पति के प्रभाव से जनता आध्यात्मिक झुकाव की ओर अग्रसर होगी। गुरु के प्रभाव से यह वर्ष आत्मजागरूकता, भावनात्मक परिपक्वता और संतुलित निर्णय लेने का रहेगा। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि राशियों मे मेष, वृष, सिंह और धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष विशेष रूप से शुभ रहेगा। जबकि अन्य राशियां सामान्य फल देंगी, लेकिन जो लोग धैर्यवान और संयमित रहेंगे, उनके लिए यह वर्ष अत्यंत शुभ फल लेकर आएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डंपर ने बाइक सवार को कुचला, हाईवे पर बवाल

## गुस्साए लोगों ने डंपर में की तोड़फोड़, पुलिस ने भांजी लाठियां





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड पर सोमवार देर रात बाइक सवार युवक को एक डंपर ने कुचला दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा डंपर में तोड़फोड़ कर दी। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ीं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में देर रात काशीपुर सितारगंज हाईवे स्थित गल्ला मंडी चौराहे के पास एक डंपर ने बाइक से घर लौट रहे रम्पुरा निवासी बबलू को रौंद दिया। आनन-फानन में घायल बबलू को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद दोस्त ने डंपर का पीछा कर उसे गाबा चौक पर रोक लिया। जैसे ही घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को लगी तो वह भी गाबा चौक पहुंच गए। युवक मौत की खबर के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए। आक्रोशित लोगों ने डंपर में तोड़फोड़ की और पुलिस पर चालक को बचाने के आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बाद में पुलिस ने हालात संभालते हुए जाम को खुलवाने के लिए युवकों पर सख्ती की। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंचे और उग्र हुए युवकों को समझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, दोषी चालक पर सख्त कार्रवाई और गाबा चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री ने बताया कि हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। वहीं बबलू के दोस्तों का आरोप है कि पुलिस चालक को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गई और कोई कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं हादसे की सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे विधायक शिव अरोरा,समाज सेवी सुशील गाबा ने परिवार को बंधाया ढांढस बंधाया। विधायक अरोरा ने परिजनों से वार्ता कर घटना पर दुख जताते हुए हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

समाजसेवी सुशील गाबा ने भी परिवार से मुलाकात की और इन दुर्घटनाओं पर दुख जताया। गाबा ने कहा कि सड़क दुर्घटना कोई हादसा नहीं, बल्कि हमारी लापरवाही का परिणाम है। एक गलत मोड़, एक तेज रफ्तार, कई घरों की खुशियां छीन लेती है। सभी नियमों का पालन करें, सावधानी बरतें और अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित रखें।

# ईओ प्रियंका आर्य ने की चालानी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लगने वाली जाम की समस्या आम बात हो गई है, जिससे प्रतिदिन लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में फैली गंदगी तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले प्रदूषण की भी एक गंभीर समस्या है जिसको लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य के नेतृत्व में नगर पालिका टीम द्वारा नगर पालिका बाजार क्षेत्र में एक अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों एवं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रति. बंधित पॉलीथिन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने प्रतिबंधित पॉलीथिन प्रयोग करने पर सात व्यवसाईयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2000 का जुर्माना, गंदगी फैलाने वाले दो व्यवसाईयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1000 का जुर्माना और बाजार क्षेत्र में 19 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 6000 का जर्माना वसूल किया। कुल 28 चालानी कार्रवाई में 9000 का जुर्माना वसूला गया। वहीं नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कार्यों को दुबारा न करने की चेता. वनी दी गई। टीम में सफाई निरीक्षक विजय कुमार, विजय राणा, दिनेश भट्ट, नीरज, राजेश, शाहजहां तथा सूरज राणा सहित अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

**एक नजर**

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा क्षेत्र में हल्द्वानी मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मृत्यु से स्वजन में कोहराम मच गया।

ग्राम रजपुरा किच्छा निवासी विजय (30) पुत्र हरिप्रसाद लोडर मशीन का ऑपरेटर है। सोमवार को उसकी नगला निवासी बहन की पुत्री का नामकरण था। वह अपने 7 वर्षीय पुत्र सिद्धू के साथ वहां गया था। शाम को वापस लौटते समय ग्राम गोकुलनगर में ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ कर फरार हो गया। इसी दौरान पुलिस का सेवा वाहन वहां से गुजर रहा था। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली को सड़क पर खड़ा देख अपना वाहन रोका, तो वहां विजय व सिद्दू को सड़क पर खून से लथपथ गिरा देख उनको तत्काल अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर विजय के स्वजन भी सीएचसी किच्छा पहुंच गए थे। पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में लेकर वाहन स्वामी का पता लगाने में जुट गई है।

## टुक टुक चालक ने मारी टक्कर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** टुकटुक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक लगी टक्कर से व्यक्ति का पैर फैक्चर हो गया, जिसका उपचार चल रहा है। पीड़ित के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित अरविन्द कुमार पुत्र गोविन्द सिंह निवासी वार्ड नं. 6 आवास विकास गदरपुर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह करीब 10 दिन पूर्व गुलरभोज रोड पर पैदल टहल रहा था कि तभी अचानक एसएस पब्लिक स्कूल के निकट टुकटुक पंजीकरण UK18ER5811 के चालक तोता राम निवासी सकैनिया रोड निकट मंदिर गदरपुर के द्वारा तेजगति व लापरवाही से टुकटुक चलाते हुए प्रार्थी के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे उसे अत्यधिक गम्भीर चोटे आई और पैर भी फेक्चर हो गया तथा शरीर पर अन्य गम्भीर चोटे आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर उक्त टुकटुक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी।

## मारपीट के मामले में मुस्लिम समाज की तहरीर पर भी हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पुलिस द्वारा एक पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने शुक्रवार को अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कोतवाली का घेराव किया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी चार नामजद सहित 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दूसरे पक्ष की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि प्रार्थी का पुत्र जुनैद जो पीवीसी का काम करता है। उसकी सोशल मीडिया पर उसकी किसी व्यक्ति के साथ बहस हो गई थी, तब उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी के पुत्र को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि समीर वाल्मीकि व अनुज के नाम व्यक्तियों ने बहाने से प्रार्थी के पुत्र जुनैद को मण्डी मोड़ पर बुलाया तभी उक्त समीर वाल्मीकि, अनुज, राहुल व विशाल, तथा आए 15 अन्य लोगों ने प्रार्थी के पुत्र जुनैद को जान से मारने की नियत से घेर कर बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया। जब प्रार्थी के पुत्र को बचाने के लिए काफी लोग आ गए तो उक्त आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ भी बुरी तरह मारपीट की। हमले से प्रार्थी के पुत्र जुनैद को गंभीर चोंटे आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद समीर बाल्मीकि,अनुज,राहुल,विशाल सहित 15 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की तप्तीश शुरू कर दी।

# वन आरक्षियों का दीक्षान्त समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में वन आरक्षी प्रशिक्षण के 36 वन आरक्षियों का दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कॉर्बेट के डायरेक्टर डा. साकेत बडोला के द्वारा गार्ड आफ ऑनर लिया और परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के निरीक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

मुख्य भवन के आडिटोरियम हॉल में राष्ट्रगान के साथ दीक्षान्त समारोह शुरू किया गया। अमित कुमार ग्वासीकोटी निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के द्वारा मुख्य अतिथि डायरेक्टर डा. साकेत बडोला, रेंजर नन्दकिशोर रूबाली, कार्बेट टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, रेंजर इन्द्र सिंह बिष्ट,तरूण एस. उप वन संरक्षक कालागढ़ टाइगर रिजर्व, लैन्सडोन को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डा. साकेत बडोला, राहुल मिश्रा, तरूण एस, अमित ग्वासीकोटी, अनामिका बुक्करवाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया। निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के द्वारा वन आरक्षी प्रशिक्षण-2025 (द्वितीय सत्र) के परिणाम की घोषणा की गई। डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मैडल, ट्राफी व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण में कन्हैया वन आरक्षी नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क जोशीमठ ने प्रथम, सुधीर सिंह कुंवर वन आरक्षी कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर ने द्वितीय और ललित मोहन चन्द्र वन आरक्षी कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आयुष राणा वन आरक्षी नन्दादेवी राष्ट्रीय पार्क जोशीमठ को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी ट्राफी से सम्मानित किया गया। यहां सुधीर सिंह कुंवर, सुशील बिष्ट,कपिल नेगी,सूरज सिंह रावत ,भरत सिंह को सम्मानित किया गया। इस दौरान अमित कुमार, नन्द किशोर रूबाली, नवीन पाण्डे, देवेन्द्र प्रसाद, एमपी बिजल्वाण,पीएल साह, अथहर महमूद सिद्दीकी, कुशाल सिंह रावत, महेश जोशी, सुनील कुमार, राहुल कुमार, दिलशाद अहमद,जफर अली आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने की जाति प्रमाण पत्र पर सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मण्डलायुक्त दीपक रावत द्वारा कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में सरोवरनगर पोस्ट केलाखेड़ा निवासी मौ. दानिश पुत्र जमील अहमद के जाति प्रमाण पत्र पर सुनवाई की गई।

बताते चले कि इबरान अली पुत्र मौ. हनीफ, निवासी सरोवरनगर पोस्ट केलाखेडा, तहसील गदरपुर, जिला उधमसिंहनगर द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई है कि मौ. दानिश पुत्र जमील अहमद पुत्र मौ. हनीफ निवासी सरोवरनगर पोस्ट केलाखेड़ा, तहसील गदरपुर जिला उधमसिंहनगर द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर निर्वाचन वर्ष 2025 में ग्राम प्रधान के पद के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा गया और वह विजयी रहे हैं। मौ. दानिश का ओबीसी का प्रमाण पत्र गलत बना है वह सामान्य जाति के हैं और चुनाव हेतु किए जाने वाले नामांकन से पहले ही ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त भी हो चुका है। इस तथ्य की जानकारी तत्कालीन रिटर्निंग आफिसर के संज्ञान में लाई गई, परन्तु उनके द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। मो. दानिश वर्तमान में भी ग्राम प्रधान के पद पर बने हुए है। मो0 दानिश द्वारा उक्त प्रमाण पत्र को बहाल किए जाने हेतु कोई कार्यवाही भी नहीं की गई है।

शिकायती प्रार्थनापत्र 20 दिसम्बर 2025 के संबंध में शिकायतकर्ता, विपक्षी, तहसीलदार गदरपुर एवं जिला पंचायतराज अधिकारी उधमसिंहनगर मण्डलायुक्त के समक्ष उपस्थित हुए। मण्डलायुक्त द्वारा शिकायतकर्ता को निर्देशित किया गया कि वह इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत करें कि मौ. दानिश का ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त हो चुका है। मण्डलायुक्त ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गए कि शपथ पत्र प्राप्त होने के उपरांत वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सुनवाई में जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, तहसीलदार लीना चन्द्रा आदि मौजूद थे।

# मां जगदंबा मंदिर कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई निशान यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नगर के खटीमा मार्ग पर स्थित मां जगदंबा मंदिर प्रांगण से निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम मंदिर में शीश नवाया तथा इसके उपरांत निशान यात्रा में शामिल हुए।

मंगलवार को नगर के खटीमा मार्ग पर स्थित मां जगदंबा मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर में सुंदरकांड एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके उपरांत मंदिर परिसर से नगर बाजार में निशान यात्रा एवं शोभा यात्रा निकल गई निशान यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं लोग शामिल रहे। निशान यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया गया। वहीं बाजार में निशान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। निशान यात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए मंदिर में समापन की गई इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने मंदिर के पुजारी जगप्रवेश वत्स से आशीर्वाद लिया तथा मंदिर में चल रहे भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी जगप्रवेश वत्स, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चौरसिया, मनोज गर्ग, रघुवीर कश्यप, संजय सुमन मिश्रा, विशाल गोयल,रमेश गंगवार, प्रताप कुमार सक्सेना, सहित आदि शामिल रहे। इधर सुरक्षा व्यवस्था के मध्येनजर स्थानीय पुलिस बाजार में तैनात रही।

# बुजुर्ग से पैसे हड़पने का आरोप, केस दर्ज

**जेसीबी और प्लाट में मुनाफे के नाम पर युवक ने की धोखाधड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** सीनियर सिटीजन के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की बेटी की लिखित शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी।

शीतल छाबडा पत्नी बलदेव कृष्ण ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता किशन चन्द्र पुत्र चानन दास का कोई पुत्र नहीं था इसलिए मेरे पुत्र वैभव को 3.5 वर्ष की उम्र में मेरे पिता ने रजिस्टर्ड गोदनामा कर गोद ले लिया था। मेरे पिता ने अपनी जमीन बाबू हुसैन निवासी-पत्थरकुई, को बटाई पर दे रखी है। बाबू हुसैन द्वारा मेरे पिता को आय बड़ाने के लिए एक सैकेण्ड हैंड जे.सी.बी खरीदने का प्रलोभन दिया और कहा कि आधे-आधे पैसे डालकर हम मिलकर काम करेगें। इसके पश्चात् बाबू हुसैन मेरे पिता को मो. इदरीश निवासी वार्ड नं0 15. कांजीपुरा, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के पास ले गया। जहां एक पुरानी जे.सी.बी (बैंकहो लोडर) का सौदा 21 लाख रूपये में तय किया गया जिसकी आधी रकम 10,50,000/- (दस लाख पचास हजार) रूपये नगद मेरे पिता ने मो0 इदरीश को सौंप दिए परन्तु बाबू हुसैन ने अपने हिस्से के बाकी बचे 10,50,000/- (दस लाख पचास हजार) रूपये नहीं दिए।

इसके पश्चात् मो. इदरीश ने मेरे पिता से कहा कि जे.सी.बी में आधे का पटिनर मैं बन जाता हूँ, ये कहकर उसने मेरे पिता को बताया कि मैं जे.सी.बी को किराए पर पठानकोट भेज रहा हूं जिसका किराया प्रतिमाह 1,10,000/- (एक लाख दस हजार) आता रहेगा। इस बीच जे.सी.बी का कोई कागज पत्राबली या लिखित एग्रीमेंट मेरे पिता को नहीं दिया गया, एक ही किराए के बाद मो. इदरीश ने मेरे पिता को प्रभाव में लेकर तीन-चार और जे. सी.बी खरीदने के नाम पर अलग-अलग समय में 26,00,000/- (छब्बीस लाख रू0) नगद एवं 9.3 तोला सोने के जेवर भी हड़प लिए। मेरे पिता की अत्यधिक उम्र, कम देख-सुन पाने एवं बढ़ती उम्र के साथ होने वाली दिमागी क्षति का लाभ उठाते हुए मो. इदरीश ने उन्हें पूरी तरह से अपने प्रभाव में लेते हुए उनसे उनकी सारी सम्पत्ति का ब्यौरा ले लिया तथा मेरे पिता को प्रलोभन दिया कि मुरादाबाद काँठ रोड स्थित एक जमीन उनके नाम पर रजिस्ट्री करवा देगा। जिसकी कीमत उन्हें 12 करोड़ बताई गई।

इस बीच इदरीश ने मेरी स्वर्गीय माता श्रीमती बीना रानी के नाम आवास विकास काशीपुर स्थित 2 कमार्शियल प्लाट को मेरे पिता पर अपने नाम करने का दबाब बनाया। इस बीच मेरी स्वर्गीय माता के काशीपुर वाले प्लॉटस मेरे पिता के नाम आ गए। उक्त कागजों को मो. इदरीश ने रजिस्ट्रार ऑफिस से ही उठवा लिया और काशीपुर आवास-विकास स्थित उन दोनों कमर्शियल प्लॉट बी.कॉम-2 और बी.कॉम-3 को अपने पुत्र मो. शादाव पुत्र मो. इदरीश के नाम रजिस्ट्री करवाने का आवेदन कर दिया और मेरे पिता के खाते में ट्रांसफर किए गए 45,50,000/- (पैंतालीस लाख पचास हजार रू0) को उक्त बैनामें प्रदार्शित कर दिया।

आरोप है कि इसके पश्चात् मो. इदरीश मेरे पिता को अपनी गाड़ी में बैठाकर काशीपुर रजिस्ट्रार ऑफिस ले गया रास्ते में मेरे पिता द्वारा जानकारी लेने पर मो. इदरीश ने मेरे पिता को हथियार दिखाकर धमकाना शुरू कर दिया इस प्रकार डरा धमकाकर तथा जान से मारने की धमकी देकर उसने मेरे पिता से अपने बेटे के नाम बैनामा करवा लिया । पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल व इण्टमीडिएट केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण अंक पत्रों एवं बी.ए के शैक्षिक प्रमाण पत्रों में त्रुटिवश माता का नाम TARAVINDRA KAUR तथा पिता का नाम RAVINDRA SINGH अंकित हो गया हैं, जबकि मेरे आधार ,एवं पेन कार्ड व बी.एड बर्ष 2012 के दस्तावेज में मेरे माता का शुद्ध नाम TARVINDER KAUR व पिता का नाम RAVINDER SINGH हैं जो सही हैं भविष्य में उन्हें शुद्ध नाम से लिखा पढ़ा एवं जाना जाये।

**जसमीत कौर पत्नी श्री इन्द्रपाल सिंह**
**पता- म.नं. 342, एल मॉडल टाऊन**
**पानीपत हरियाणा पिन नं. 132103**

## सिविल सर्विसेज की निःशुल्क कोचिंग का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सिविल सर्विसेज की नि:शुल्क कोचिंग का उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि डा. संदीप तिवारी निदेशक समाज कल्याण विभाग, प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे,जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल विश्वनाथ गौतम, उप निदेशक वासुदेव आर्या एवं सहायक जिलाअल्प संख्यक अधिकारी जसविंदर द्वारा संयुक्त रूप से वाग्देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कोचिंग के समन्वयक डॉ. नरेश कुमार ने प्रास्ताविकी प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन द्वारा रामनगर महाविद्यालय को अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. सन्दीप तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा के तहत राज्य में एवं देश में प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में सेवा करने का अवसर मिलता है।

यहां प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्ड, डॉ.नरेश कुमार, डॉ.अलका, विश्वनाथ गौतम, वासुदेव आर्या, जसविन्दर आदि मौजूद थे।

# बोंडा महादेव मंदिर की भूमि पर अवैध नामांतरण व विक्रय का आरोप

**ग्रामवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील बाजपुर क्षेत्र के ग्राम कनौरा में स्थित सार्वजनिक बोंडा महादेव मंदिर की एकमात्र बोंडा (भूमि) पर अवैध रूप से नाम दर्ज कराकर उसे बेचने के प्रयास का मामला सामने आया है। इसको लेकर समस्त ग्रामवासियों ने मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा बाजपुर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम कनौरा में स्थित बोंडा महादेव मंदिर एक सार्वजनिक धार्मिक स्थल है, जिसकी भूमि मंदिर की देखरेख, पूजा-पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती रही है। आरोप है कि मंदिर के पूर्व पुजारी निवासी ग्राम चाऊपुरा मसवासी, तहसील स्वार, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) का निधन हो चुका है तथा उनका कोई वैध वारिस नहीं था। इसके बावजूद ग्राम चाऊपुरा मसवासी, तहसील स्वार, जिला रामपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से मंदिर की भूमि पर अपनी विरासत दर्ज करवा ली गई।

ग्रामवासियों का आरोप है कि इसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा मंदिर की आधी बोंडा भूमि को अवैध रूप से विक्रय करने का प्रयास किया गया, जिसे ग्रामीणों ने दबाव बनाकर रुकवाने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंदिर की भूमि बिक जाती है तो मंदिर की पूजा, देखरेख एवं अन्य धार्मिक कार्यों के लिए कोई भूमि शेष नहीं बचेगी, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी।

ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच के लिए एक समिति गठित की जाए, अवैध रूप से नाम दर्ज कराने और भूमि विक्रय का प्रयास करने वाले व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा बोंडा महादेव मंदिर की भूमि को विधिवत मंदिर के नाम दर्ज किया जाए। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और ग्रामवासी शीघ्र न्यायिक कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। इस मौके पर, सुरेश पाल,राजपाल, गिरीशपाल सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:- 713 / नामा0 सूचना/2025-26 दिनांक:-26-12-2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-02 कमांक 24 पर श्री रजत गगनेजा पुत्र श्री बलदेव राज का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 690 रु0 वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री सुभाष चन्द्र चावला पुत्र स्व. ज्ञान चन्द निवासी वार्ड नं. 02, गदरपुर ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**गुमशुदा की तलाश**



कृपया सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा नूजा उम्र 36 वर्ष के सम्बंध में थाना ट्रांजिट कैम्प जनपद ऊधम सिंह नगर में एफआईआर नं0. 312/2025 धारा 140 (3) बीएनएस पंजीकृत हुआ है, गुमशुदा व्यक्ति का नाम नूजा पुत्र स्व. श्री नन्दकिशोर, माता फुलझाड़ो निवासी- फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर जनपद ऊधम सिंह नगर दिनांक-05 अगस्त 2025 प्रात: 07:00 बजे से गुमशुदा है, अभी तक घर नही पहुंचा है मानसिक रूप से कमजोर है। **पहचान:**- रंग सावला, दाहनी आंख के नीचे मस्सा, गठीला मजबूत शरीर, नीली शर्ट, ग्रे पेंट, पैर में चप्पल नहीं पहनते है। **व्यवसाय:**- मजदूरी गाय/भैंस डेयरी का काम जानता है। **अत:** जिस किसी सज्जन को उक्त गुमशुदा के सम्बंध में जानकारी मिले, कृपया निम्न मोबाईल नंबरों पर सूचित करने का कष्ट करें।

**प्रभारी निरीक्षक थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर उधमसिंह नगर-मो. नं.-9412088605**

**विरेन्द्र नं.-7906037489**

**अशोक नं.-9761728900**

**माता फूल झाड़ो नं.-6399356996**

**विवेचक भूपेन्द्र सिंह धामी थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर उधमसिंह नगर-मो. नं.-7983019334**

## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्राम भड़ा भुड़िया में एक व्यापक जन जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 25- 26 ग्राम पंचायत प्रति. निधियों और कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम सभा भड़ा भुड़िया मे हुआ। जिसमे हरीश राणा पूर्व जिलाध्यक्ष जनजाति मोर्चा भाजपा ने ग्राम सभा जन प्रतिनिधि ने ग्राम वासियो के साथ प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण ग्राम प्रधान सुमन राणा की अध्यक्षता मे हुआ। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के द्वारा लागू योजना के उद्देश्यों और इससे मिलने वाले लाभों को सरल भाषा में समझाया गया। ताकि ग्रामीण सरकारी सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के पुरुषों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे ग्राम सभा का विकास हो। इधर ग्राम सभा चांदा में भी पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति खटीमा द्वारा पंचायती राज्य विभाग उत्तराखंड द्वारा प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया। जहाँ ग्रामीणों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण एवं भागीदारी पर विशेष बल दिया। वहां समिति अध्यक्ष अशोक सिंह खड़का, मास्टर ट्रेनर पूजा खड़का, साथी आशीष शुक्ला, अरुण कुमार, महिमा राणा, गूंजा राना, राजेश्वरी राणा मौजूद थे।

# पीएम मातृवंदन योजना पर सीडीओ गंभीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना जोकि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में भी सूचीबद्ध है, पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी गंभीर हो गये हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में एक बृहद प्रशिक्षण/कार्यशाला आयोजित की गयी।

प्रशिक्षण कार्यकम/कार्यशाला में उपस्थित सुपरवाईजरों द्वारा प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना के पोर्टल में हो रही तकनीकी समस्याओं एवं ऑगनबाडी कार्यकत्रियों के अन्य कार्यों में भी योजित होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त सीडीपीओ एवं सुपरवाईजरों का सैक्टरवार दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा अर्थ एवं संख्याधिकारी के कार्यालय में मॉनीटरिंग सेल का गठन किया गया है, जोकि स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य माध्यमों से दैनिक रूप से योजना की प्रगति पर निगरानी रखेगा तथा प्राप्त होने वाली समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही भी करेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त सीडीपीओज अपने स्तर पर समस्त ऑगनबाडी कार्यकत्रियों की बैठक आहूत कर योजना के परिप्रेक्ष्य में उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए। इस दौरान परियोजनावार प्रशिक्षण कार्यक्रम का रोस्टर तैयार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सीडीपीओ व सुपरावाईजरों को आंगनबाडी केन्द्रों में पंजीत एवं पात्रता की श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने हेतु उनका फार्म भरना एवं अन्य समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने स्तर पर समीक्षा करके निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक पाक्षिक समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुपरवाईजर तथा ऑगनबाडी कार्यकत्री को सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण/कार्यशाला में जिला कार्यकम अधिकारी/जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील सहित जनपद की समस्त सीडीपीओ, सुपरवाईजर उपस्थित थे।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए निकाला जुलूस




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** महिला एकता मंच द्वारा अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर रामनगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया।

मंगलवार को लखनपुर चौक पर आयोजित सभा का संचालन करते हुए कौशल्या चुनियाल ने कहा अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड में उर्मिला सनावर की जो वीडियो सामने आयी है। उसमें वीआईपी के रुप में पूर्व भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम उर्फ गट्टू का नाम उजागर किया गया है। अंकिता की हत्या के दिन वे किस जगह पर मौजूद थे। इसका खुलासा उनकी टेलीफोन कॉल लोकेशन से किया जा सकता है, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें बचा रही है और बेशर्म भाजपा नेता उनके खिलाफ कार्रवाई करने की जगह जन्मदिन की बधाई देकर देश की बेटी अंकिता का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एससी एसटी आयोग निष्पक्ष कार्रवाई करने की जगह भाजपा नेताओं के हाथों की कठपुतली बन चुका है और महिलाओं के साथ हो रही हिंसा को जातिवादी रंग देकर अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहा है। जिस समय सल्ट निवासी जगदीश की हत्या की गई उस समय एससी एसटी आयोग कहां था, जब दलितों को किराए पर कमरा नहीं मिलता तब यह एससी एसटी आयोग क्यों नहीं बोलता। महिला एकता मंच की संयोजिका ललिता रावत ने कहा कि गट्टू का नाम उजागर होने के बादजूद भी मुख्यमंत्री और भाजपा मौन है। इस दौरान उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, मुनीष कुमार, तुलसी छिम्वाल, एडवोकेट पूरन चंद्र पांडेय, माया, सूरज चौधरी समेत सैकडों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# तलवार लहराकर धमकी देने व मारपीट का आरोप

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सुल्तानपुर पट्टी नगर के मोहल्ला जामा मस्जिद क्षेत्र में दबंगों द्वारा तलवार लहराकर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने सुल्तानपुर पट्टी चौकी में दो नामजद व 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व दहशत फैलाने के आरोप में तहरीर सौंपी है।

पीड़ित नेता नगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी मोहसिन पुत्र हबीब अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 27 दिसंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। आरोप है कि मोहल्ले में जामा मस्जिद के पास श्यामनगर सुल्तानपुर निवासी, और शिवनगर निवासी दो व्यक्ति एवं अपने 8-10 साथियों के साथ तीन मोटरसाइकिलों से पहुंचे और मस्जिद के सामने गाली-गलौच करने लगे। पीड़ित के अनुसार एक व्यक्ति पैदल हाथ में तलवार लेकर मस्जिद के सामने खड़ा हो गया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए बाहर निकलने पर तलवार से काट देने की धमकी देने लगा। आरोप है कि इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और भय के चलते लोग अपने घरों में दुबक गए। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर चले गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है तथा उक्त लोग पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** विद्या ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी बाजपुर में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में मंगलवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासित वातावरण से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नृत्य गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समा बांधा। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान मिस्टर फ्रेशर आकाश यादव, मिस फ्रेशर गुरप्रीत कौर व मिस्टर ईवीई मौ.शानू को चुना गया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अजय डबास, प्राचार्य ज्योति चन्द्र एवं शिक्षकगण मौ. शाहनूर, मौ. सैफुल इस्लाम, वसीम अहमद, मौ. उस्मान, पंकज गुप्ता, हरपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# अटल जी का व्यक्तित्व था राष्ट्र की आत्मा का प्रतिबिंब: पांडे

- टनकपुर में अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर ( चंपावत )।** देश के महान राष्ट्रनायक एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति दिवस के तहत टनकपुर नगर पालिका सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ऐसी विलक्षण विभूति थे जिनकी वाणी में सरस्वती का सौम्य प्रवाह, विचारों में दुर्गा की शक्ति और कार्य में हनुमान जैसी दृढ़ता समाहित थी। उनका व्यवहार ऐसा था कि वे सत्ता में हों या विपक्ष में, हर परिस्थिति में अपनी अमिट छाप छोड़ते थे। वे देश के मन और आत्मसम्मान को जागृत करने वाले नेता थे, जिन्हें राष्ट्र सदैव श्रद्धा के साथ याद करता रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे ने कहा कि अटल जी जैसा विराट व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेता है। उन्होंने कहा कि अटल जी के सानिध्य में रहने का सौभाग्य जिन लोगों को मिला, वे वास्तव में अत्यंत भाग्यशाली रहे होंगे। यहां शिवराज सिंह कठायत, गोविंद सामंत, निर्मल मेहरा,शंकर दत्त पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वृद्ध भाजपा कार्यकर्ताओं को साल उठाकर सम्मानित किया गया।

# स्काउट/गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की शानदार उपलब्धि

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** अब्दुल माजिद मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसपुर में आयोजित स्काउट/गाइड तृतीय सोपान परीक्षा जांच शिविर दिनांक 26 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस जाँच शिविर में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर की दो टोलियों ने प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की गाइड छात्राओं ने तम्बू निर्माण, कैम्प फायर एवं कैम्प क्राफ्टिंग जैसी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि विद्यालय से कुल 16 गाइड छात्राएँ गाइड कैप्टन रेखा उपाध्याय के नेतृत्व में जाँच शिविर में भाग लेने हेतु जसपुर गई थीं। जांच शिविर से टीम के सफलतापूर्वक लौटने पर विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर मंगलवार को विद्यालय अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र खत्री एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति रस्तौगी ने सभी छात्राओं तथा गाइड कैप्टन रेखा उपाध्याय को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर दो जनवरी को निकलेगा नगर कीर्तन

- कार्यक्रम की सफलता को समस्त तैयारियां पूर्ण



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सिखों के दसवें गुरु गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर दो जनवरी (शुक्रवार) को नगर कीर्तन के साथ संपन्न होगा। इसके लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

गुरुद्वारा प्रबंध समिति अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नगर कीर्तन में सबसे आगे स्कूली बैंड, भांगड़ा करते युवाओं के साथ पंजाब से आया ढांडी जत्थे और गदका पार्टी अपने हैरत अंगेज करतब दिखाते हुए चलेंगे। गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा खटीमा अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा में बुधवार से अखंड पाठ रखा गया है। जिसका भोग शुक्रवार सुबह 10 बजे पड़ेगा। इसके बाद दोपहर एक बजे तक गुरुद्वारे में कथा, कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजे गुरुद्वारा साहिब से नगर कीर्तन निकलेगा। जिसमें पानी के छिड़काव के साथ ही झाड़ू से सफाई करते संगत और उसके पीछे फूलों की वर्षा के साथ नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंच प्यारे चलेंगे। नगर कीर्तन विभिन्न कार्यक्रम, भांगड़ा प्रस्तुत करते युवा, स्कूली बैंड के साथ युवा शिरकत करेंगे। इस दौरान हैरतअंगेज कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। गुरुद्वारा साहिब गुरु का अटूट लंगर चलेगा। बैठक में रमनदीप शेट्टी कोषाध्यक्ष, अनिल बत्रा उपाध्यक्ष, जगजीत सिंह मल्ली , भूपेंद्र सिंह शेट्टी, जतिन ग्रा. ेवर, डा. बलजीत सिंह हरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह रंधावा, कुलवंत सिंह गंभीर, मलकीत सिंह, हरप्रीत सिंह, विक्की गोरिया, हैप्पी सिंह, ज्ञानी हरदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# तीर्थ पर्यटन की रीढ़ हैं टैक्सी चालक: एआरटीओ

- एआरटीओ मनोज बगोरीया ने किया टैक्सी संचालकों से संवाद
- बोले-यात्रियों का अनुभव ही क्षेत्र का भविष्य तय करता है



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** आगामी नववर्ष एवं बढ़ते तीर्थ पर्यटन को लेकर परिवहन विभाग ने पूर्णागिरि मार्ग पर टैक्सी संचालकों के साथ संवाद किया। इस दौरान एआरटीओ मनोज बगोरीया ने कहा कि उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थों में शामिल पूर्णागिरि धाम आने वाले समय में और अधिक व्यवस्थित स्वरूप में विक. सित होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा यहां सुचारु संच. ालन की घोषणा के बाद क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी व्यवस्था में टैक्सी चालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यात्रियों के साथ उनका व्यवहार ही क्षेत्र की छवि तय करता है। टैक्सी चालक केवल वाहन चालक नहीं, बल्कि वे इस क्षेत्र के ब्रांड एम्बेसडर हैं। यात्रियों से शालीन व्यवहार, ईमानदार किराया वसूली और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था ही उन्हें दोबारा यहां आने के लिए प्रेरित करेगी। एआरटीओ ने सख्त शब्दों में कहा कि शराब हर रूप में "मीठा जहर" है, और वाहन चलाते समय शराब का सेवन चालक ही नहीं, बल्कि वाहन में सवार प्रत्येक यात्री के लिए जानलेवा खतरा बन जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे में वाहन चलाने वालों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी टैक्सी संचालकों से निर्धारित किराया ही वसूलने, वाहनों में रिफ्लेक्टर, सुरक्षा संकेतक व आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि अधिकांश टैक्सी चालक शिक्षित हैं, ऐसे में नियमों का उल्लंघन कर चालान कटवाना उनकी सोच और प्रवृत्ति के अनुरूप नहीं है।

# भारत के संविधान पर अभद्रतापूर्ण टिप्पणी करने वालों की हो गिरफ्तारी

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** सोशल मीडिया पर भारत के संविधान पर अभद्रतापूर्ण टिप्पणी करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी किये जाने की मांग को लेकर संविधान में आस्था रखने वालों ने मंगलवार को एसएसआई जसविन्दर सिंह को तहरीर सौंपी स एसएसआई जसविन्दर सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कमल दास, संजय कुमार, अख्तर अली, प्रमोद, योगेश, नाजिम अली, अंकित सागर, मौ. यामीन, गोपाल कुमार, प्रताप सिंह, बब्बू राम सागर, रंजीत लाल प्रेमी, गौतम, प्रदीप, गगन, गंगा आदि थे।

# वोटर आईडी की समस्याओं को लेकर विधायक ने तहसीलदार से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** विधानसभा क्षेत्र में नये मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) वनाने और नाम की गड़बड़ी के शुद्धिकरण को आम जनता को हो रही दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक ने तहसील परिसर में पहुंचकर तहसीलदार से मुलाकात की। उनके साथ पालिका के सभासदो ने भी तहसीलदार दिलीप सिंह से मुलाकात की। बैठक में विधायक चौहान ने कहा कि नये मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) वनाने और नाम की गड़बड़ी के शुद्धिकरण में आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर मुद्दे पर उन्होंने तहसीलदार एवं डाटा ऑपरेटर से विस्तृत चर्चा की और समस्या का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। वही तहसीलदार दिलीप सिंह ने बताया कि जहां कुछ कमिया है उनका सुधार करते हुऐ लोगों को नये मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) वनाने और नाम की गड़बड़ी के शुद्धिकरण में किन किन कागजो को लगाना है उसके लिए बता दिया गया है। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान,नगर अध्यक्ष इफ्तिखार 'बबलू', मोइनुद्दीन मजनू, आफताब आलम, आबिद नूरी, राहुल चौहान समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नगर कीर्तन आगमन को लेकर बाजपुर में अभूतपूर्व तैयारियां, झाडू सेवा से सजी सड़कें



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रस्तावित दशमेश आगमन एवं महान नगर कीर्तन को लेकर बाजपुर नगर में अभूतपूर्व तैयारियाँ की जा रही हैं।

बीते एक माह से नगर को भव्य एवं स्वच्छ स्वरूप देने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य चल रहा है। इसी क्रम में नगर इकाई एवं संगत के सहयोग से पिछले चार दिनों से बैंतखेड़ी से बाजपुर तक नगर कीर्तन मार्ग पर विशेष झाड़ू सेवा अभियान चलाया जा रहा है। नगर कीर्तन के निर्धारित मार्ग पर आने वाली सभी मुख्य सड़कों एवं संपर्क मार्गों की गहन सफाई की गई। सड़क किनारे पाए गए गड्ढों को मिट्टी भरकर समतल किया गया, जिससे यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके साथ ही मार्ग में स्थित पेड़-पौधों, बिजली के खंभों एवं दीवारों पर सफेद चूना लगाकर उनकी पेंटिंग की गई।

नगर की सड़कों को पानी से धोकर स्वच्छ किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र साफ-सुथरा और आकर्षक दिखाई देने लगा है। संगत के सदस्यों ने सेवा भाव से इस अभियान में सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। मंगलवार को आयोज. कों ने बताया कि यह सभी तैयारियां आगामी 5 जनवरी 2026 को बैंतखेड़ी से बाजपुर तक निकलने वाले महान नगर कीर्तन को भव्य,सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से की जा रही हैं। दशमेश आगमन को लेकर नगरवा. सियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पूरे बाजपुर को उत्सवमय स्वरूप देने हेतु तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस मौके पर भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा सहित काफी संख्या में संगत मौजूद रही।

# रामपुरकाजी में भारी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** केलाखेड़ा के ग्राम रामपुरकाजी में वन विभाग (जंगलात) की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गन्ने के खेत में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद की है। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पूरी लकड़ी को जब्त (सीज) कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग को क्षेत्र में अवैध रूप से खैर के पेड़ों के कटान और लकड़ी की तस्करी की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के तहत जंगलात विभाग की टीम ने रामपुरकाजी गांव में गन्ने के खेतों में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान खेत में छिपाकर रखी गई खैर की लकड़ी सामने आई, जिसे देखकर टीम ने तत्काल कार्रवाई की। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि खैर की लकड़ी का अवैध कटान वन संपदा के लिए गंभीर खतरा है। बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लकड़ी कहां से लाई गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच की जा रही है। दोषियों की पहचान होने पर उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर में 721 लाभार्थी हुए लाभान्वित

शाह टाइम्स संवाददाता



**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 17 दिसंबर 2025 से 12 फरवरी 2026 तक जनपद पिथौरागढ़ की 64 न्याय पंचायतों में बहुद्देशीय शि. विरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में न्याय पंचायत मूनाकोट, विकास खण्ड सभागार मूनाकोट में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 41 आय, 28 ईडब्ल्यूएस एवं जाति प्रमाण पत्र, 07 खतौनी, 04 किसान सम्मान निधि तथा 02 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 20 बीपीएल प्रमाण पत्र जारी किए गए एवं 08 हिलांस सामग्री का विक्रय किया गया। पंचायतीराज विभाग द्वारा 20 परिवार रजिस्टर प्रतिलिपि, 11 जन्म प्रमाण पत्र, 02 राशन कार्ड निर्गत किए गए तथा 11 व्यक्तियों का यूसीसी में पंजीकरण कराया गया। कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा 20 छोटे कृषि यंत्र वितरित किए गए, 10 व्यक्तियों को कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराए गए तथा किसान सम्मान निधि के 05, केसीसी का 01 एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 06 प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 45 व्यक्तियों को बीज, औजार सेट एवं पम्प वितरित किए गए। विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि ऐसे शिविर सरकार की योजनाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। यहां गणेश भण्डारी, जितेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# गाली गलौच व मारपीट करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम टांडा अमीचन्द निवासी करमजीत सिंह पुत्र चरण सिंह ने मंगलवार को पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर तहरीर में नामजद दो व्यक्तियों पर अपने 4-5 साथियों के साथ आकर गाली-गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की माँग की है। बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज अशोक काण्डपाल ने मौके पर पहुँचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

# गन्ना विकास समिति अध्यक्ष ने गन्ना क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** मझौला-खटीमा सहकारी गन्ना विकास समिति अध्यक्ष बलविन्दर सिंह ढिल्लो ने गन्ना उत्पादक कृषकों द्वारा लगातार की जा रही गन्ना क्रय केन्द्रों पर तैनात तोल लिपिकों द्वारा मनमाने ढंग से 02 से 03 प्रतिशत की कटौती (घटतौली) कर कृषकों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर गन्ना क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने पर पाया कि गन्ना क्रय केन्द्रों से जो भी वाहन चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रहे हैं। उनमें चीनी मिल द्वारा कटौती की जा रही है। उस कटौती को पूर्ण करने के लिए तौल लिपिकों द्वारा गन्ना कृषकों से 02 से 03 प्रतिशत की कटौती की जाती है।

बलविंदर सिंह ढिल्लों ने कहा यह विभागीय नियमों के विरुद्ध है। इस कृत्य से गन्ना उत्पादक कृषकों में काफी रोष है। यह एक गम्भीर प्रकरण है। जिसकी रोकथाम हेतु आवश्यक क्रार्यवाही किया जाना बेहद आवश्यक है। इसके समाधान के लिए बलविंदर सिंह ढिल्लों ने अधिशासी निदेशक के. जीएन. शुगर एण्ड बायोफ्यूल्स प्रा. लिमिटेड सितारगंज, ऊधम सिंह नगर को पत्र लिख के गन्ना समिति खटीमा परिक्षेत्र के संचा. लित गन्ना क्रय केन्द्रों पर नियुक्त समस्त तौल लिपिकों को गन्ने की कटौती (घटतौली) तत्काल बंद कर सही तौल किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करने की गुजारिश की जिससे कृषकों को उनके गन्ने की सही तौल प्राप्त हो सके एवं उनका आर्थिक शोषण रोका जा सके।

# रैन बसेरे की समुचित व्यवस्था की गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** केलाखेड़ा में कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा जरूरतमंद, असहाय और सड़कों पर रहने वाले लोगों के लिए रैन बसेरे की समुचित व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य ठंड से बचाव के साथ-साथ बेसहारा लोगों को सुरक्षित और सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध कराना है। नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्देश एवं अधिशासी अधिकारी नौशाद हुसैन के नेतृत्व में रैन बसेरे में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रैन बसेरे में साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ पेयजल, बिस्तर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि वहां ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी नौशाद हुसैन ने बताया कि रैन बसेरे की नियमित निगरानी की जा रही है।

# प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास को प्रतिबद्धः रेखा आर्या

## नैनीताल जनपद के रातीघाट इंटर कॉलेज में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मंगलवार को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की उपस्थिति में नैनीताल जिले के रातीघाट स्थित राजकीय इंटर कालेज में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत एक जन सुनवाई शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री रेखा आर्या और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया। कई शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया, जबकि कुछ मामलों में अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। कुल मिलाकर, इस शिविर से 590 लोगों को सीधा लाभ मिला और 88 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इस मौके पर कहा प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक का विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण प्रदेश की प्राथमिकता है, और हम इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम अब एक ऐतिहासिक अभियान बन चुका है, जो प्रदेश के नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, जंगली जानवरों से हो रही क्षति, स्कूल भवन की मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ट्रैफिक सुधार, सिंचाई सुविधाएं और राशन कार्ड जैसी समस्याओं का समाधान मांगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। कुछ मामलों में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर भेजकर शीघ्र समाधान करने की बात कही। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जो समस्याएं मौके पर हल नहीं हो पाई हैं, उनका समाधान जल्द ही किया जाएगा। विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने कहा यह कार्यक्रम सरकार की नीतियों का आम आदमी तक पहुंचाने का एक बेहतरीन प्रयास है, जिससे नागरिकों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा यह अभियान सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बन चुका है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या, नवीन लाल वर्मा, क्षेत्र प्रमुख बेतालघाट अंकित साह, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, उप जिलाधिकारी श्री कैंचीधाम मोनिका उपस्थित थे।

### पोखराखेत में भी जनसमस्याओं का समाधान

**नैनीताल।** जिल के पहाड़पानी क्षेत्र के ग्रीन पार्क स्टेडियम पोखराखेत में जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जल जीवन मिशन, समाज कल्याण, बिजली, पीएमजेएवाई, शिक्षा, आपदा व पशुपालन समेत वन विभाग की समस्या उठी। इस मौके पर बिजली विभाग के तारों के झूलने, जल जीवन की अधूरी लाइन को तुरंत समाधान करने की बात उठी। वहीं शिविर में पचास से अधिक आधार कार्ड में अपडेट तथा श्रम विभाग के आवेदन नवीनीकरण, राजस्व विभाग से भू हिस्सा तथा आपदा आवेदन समेत तमाम कार्य मौके पर हुए। इसके अलावा वन विभाग से ग्रामीणों ने तेंदुवे पकड़ने की जल्द से जल्द मांग की। वही विभाग ने विधायक राम सिंह कैड़ा से एक जागरूकता पोस्ट का विमोचन करवाया और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। वही वन विभाग ने आतंक को देखते हुए सेलालेख के ग्राम प्रधान को झाड़ी कटान के लिए बृष कटर भी सौंपा। इस दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट, कानूनगो नारायण लाल वर्मा, ग्राम प्रधान दिनेश मेलकानी, पवन महतो. लिया, नवीन चन्द्र, पारस मिश्रा, दयाकिशन, गणेश लाल वर्मा, ललित शर्मा, कृष्णा मेलकानी तथा प्रदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बंद मालरोड पर दौड़ा रहे बाइक

**नैनीताल।** नैनीताल में देर रात अपर मालरोड में वाहनों की एंट्री बंद होने के बाद भी लोग पर्यटकों की भीड़ के बीच बाइकें दौड़ा रहे हैं, जो हादसों का कारण बन सकता है। ऐसे ही मामलों में बीती रात तल्लीताल पुलिस ने चार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। बता दें कि पर्यटकों की भीड़ के चलते देर रात अपर मालरोड को मल्लीताल से इंडिया होटल तक छह से आठ बजे तक वाहनों के लिए बंद किया जाता है ताकि पर्यटक अपर मालरोड में आसानी से घूम सकें लेकिन लोअर मालरोड में मरम्मत कार्य चलने के कारण इन दिनों अपर मालरोड सूचना कार्यालय से अलका होटल तक ही बंद की जा रही है। लेकिन उसके बाद भी लोग इस दौरान तेज गति में बाइकें दौड़ा रहे हैं जो बड़े हादसे का कारण बन सकता है। रात सात बजे भी अपर मालरोड बंद होने के बाद भी कई लोग स्कूटी बाइक चलाते नजर आए। जिनको पुलिस ने रोक कार्रवाई की। एसपी (यातायात) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि मामले में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाम को वन वे के दौरान विपरीत दिशा में कोई वाहन ना चले। कहा कि सूचना कार्यालय से इंडिया होटल तक शाम छह बजे से आठ बजे तक अपर मालरोड पर कोई भी वाहन चलने पर कार्रवाई की जा रही है।

### खूपी क्षेत्र में तारों में हुई स्पार्किंग

**नैनीताल।** उर्जा निगम की अनदेखी के चलते खूपी क्षेत्र में झूलती तारों में स्पार्किंग से सूखी घास की ढेर में आग लग गई। गनीमत यह रही वहीं बगल में गौशाला आग की चपेट में आने से बच गया। नैनीताल के समीपवर्ती खूपी क्षेत्र में निवासी पवन कुमार ने बताया कि गांव में बिजली की झूलती तारों को सही करने की मांग ग्रामीण लंबे समय से उठा रहे हैं लेकिन उसके बाद भी उर्जा निगम की ओर से झूलते तारों को नहीं कसा गया। जिसके चलते सोमवार की रात को तारों में स्पार्किंग के चलते आग लग गई। आग की चिंगारियां प्रकाश चंद्र के घास के ढेर (लूटे) में पड़ी तो आग लग गई। गनीमत रही कि पड़ोस के लोगों ने आग देख ली और समय रहते आग पर काबू पा लिया वरना घास के बगल में गौशाला में भी आग लग सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने विभाग से बिजली की तारों को कसने की मांग की है, वहीं देवीधूरा में भी ग्रामीणों ने लटके हुए तारों को कसने की मांग की है। मामले में ऊर्जा निगम के उप खंड अधिकारी प्रियंक पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। लाइनमैन को भेजकर समस्या का जायजा लिया जाएगा। अगर लाइन झूल रही है तो जल्द ही कसा जाएगा।

### जीजीआईसी का एनएसएस शिविर संपन्न

**नैनीताल।** पीएमश्री एयू जीजीआईसी में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र सिंह मनराल रहे। इस दौरान योगेश बोहरा, वार्ड सदस्य दिनेश चंद्र भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों की ओर से स्वयंसेवियों को एनएसएस के महत्व व समाज सेवा में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के सफल संचालन में ऋतु सैनी व लीला देवी का अहम योगदान रहा। अंत में शिविर कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने सभी का आभार जताया।

### कुलपति प्रो. रावत और प्रो. साहू का हुआ सम्मान

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में सोमवार को कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत और वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नंद गोपाल साहू को उनके प्रतिष्ठित फेलो आफ नेशनल अकादमी (एफएनए) और फेलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज (एफएनएएससी) बनने पर सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ और गणेश भगवान की प्रतिमा भेंट की गई। प्रो. रावत और प्रो. साहू अब 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हो चुके हैं, जिन्हें ये सम्मान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने दोनों वैज्ञानिकों का स्वागत किया और कहा कि यह कुमाऊं विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में प्रो. साहू ने यह सम्मान अपनी पूरी टीम को समर्पित किया, जिसमें विभाग, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल थे। प्रो. रावत ने भी शोध के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शोध समाज को नए आविष्कार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में प्रो. केएस वल्दिया, प्रो. जेएस सिंह, प्रो. एसपी सिंह, प्रो. यशपाल सिंह पांगती, प्रो. शेखर पाठक जैसे प्रमुख व्यक्ति भी शामिल रहे।

### दमकल विभाग ने जंगल में लगी आग बुझाई

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसबी परिसर के समीप मंगलवार को जंगल में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सवा चार बजे डीएसबी कोलेज के पास जंगल क्षेत्र में धुंआ उठा। देखते ही देखते क्षेत्र में आग लग गई। आग फैली को स्थानीय लोगों ने दमकल को यूचित किया। सूचना पर दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि फायर यूनिट द्वारा फायर टेंडर से पंपिंग कर होज पाइप फैलाकर वन कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

### अस्थाई बार लाइसेंस लेने वालों की संख्या में कमी

**नैनीताल।** जिले में थर्टी फर्स्ट पर होटलों में लीकर पार्टी को लेकर संचालक रुचि नहीं दिख रहे है। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 25 फीसदी होटल संचालकों ने भी अस्थाई लाइसेंस नहीं लिया है। इस वर्ष महज 11 प्रतिष्ठान संचालकों को अस्थाई लाइसेंस जारी किया गया है जबकि बीते वर्ष यह आकड़ा 79 था। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जिले में पांच लाइसेंस रामनगर जबकि दो नैनीताल व दो हल्द्वानी के लिए जारी किये गए हैं।

### दस बजे बाद तेज संगीत पर रहेगा प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में थर्टी फर्स्ट पर पर्यटकों की आमद को लेकर जिले के होटलों में विशेष इंतजाम किये गए हैं। साल की विदाई कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए प्रशासन व पुलिस ने भी सख्त दिशा निर्देश जारी किये हैं। होटलों में लीकर पार्टी अरेंज करने वाले होटल संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था बनाने को प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त करने के साथ ही पार्टी में आने वाले मेहमानों की जानकारी संबंधित थाना क्षेत्र को देनी होगी साथ ही डीजे या संगीत पर रात बजे के बाद प्रतिबंध रहेगा। बता दें कि थर्टी फर्स्ट के जश्न को लेकर पर्यटन कारोबारियों के साथ ही प्रशासन व पुलिस ने भी तैयारियां कर ली हैं। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि नैनीताल में चुंनिदा होटलों ने तेज आवाज में संगीत बजाने की अनुमति ली है। होटलों व सार्वजनिक स्थलों में रात दस बजे तक ही संगीत बजा सकेंगे। जिसके बाद संगीत बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर पुलिस की ओर से भी थर्टी फर्स्ट पर लीकर पार्टी आयोजित करने को लेकर विशेष दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। पुलिस की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एक दिनी लीकर लाइसेंस लेकर पार्टी अरेंज करने वाले होटल संचालकों को पार्टी के स्थान, आने वाले मेहमानों की संख्या तथा बैठने व फायर सेप्टी जैसे इंतजाम पूरे कर संबंधित थाना पुलिस को जानकारी देनी होगी। पार्टी स्थल पर तीन से चार प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड नियुक्त करने होंगे। पार्टी स्थल में पार्किंग, वाहनों के प्रवेश व बाहर निकलने के लिए अलग-अलग गेट हों।

## नववर्ष पर व्यवस्थाओं के लिए विभागों को निर्देश

### कमिश्नर दीपक रावत ने कार्रवाई को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** आयुक्त/ कुमाऊँ मण्डल व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा नववर्ष-2026 के अवसर पर अधिक भीड़ व पर्यटकों एवं लोगों की अधिक आवाजाही के कारण जनसुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस, राजस्व, परिवहन तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि नववर्ष के अवसर पर कुमाऊँ मण्डल के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुँचते हैं। इस दौरान ओवर लोडिंग तथा ओवर स्पीडिंग के साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए मंडल के सभी जनपदों में प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें नियमित रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित करना सुनिश्चित करें। चेकिंग के दौरान सभी कार्यवाहियों का प्रॉपर डाकयूमेंटेशन करने के साथ ही फोटोग्राफिक साक्ष्य भी अनिवार्य रखे जाएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में कोहरे की अधिकता के कारण मार्गों पर खड़े वाहन एवं ट्रक आदि स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देतेए जिससे वाहन दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में मार्ग किनारे खड़े वाहनों को तत्काल हटाए जाए। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर नववर्ष के अवसर पर पार्टी या अन्य आयोजन किए जाते हैं उन सभी स्थानों पर अनिवार्य रूप से फायर सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त द्वारा मंडल के सभी जिलाधिकारियों तथा सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए जिससे नववर्ष के अवसर पर आमजन एवं पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेए तथा देवभूमि आने वाले पर्यटक अपने साथ सुखद अनुभव व सुखद यादें लेकर जाएं।

## रूसी बाईपास अस्थाई पार्किंग में बिजली व अलाव और सफाई न होने पर भड़के ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर रुसी बाईपास अस्थाई पार्किंग स्थल में लाइट, अलाव व सफाई न होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुआ भी देखा गया है जबकि पुलिसकर्मी व पार्किंग कर्मी अंधेरे में ड्यूटी कर रहे हैं। कोई अप्रिय घटना घटी तो प्रशासन की जिममेदारी होगी। बता दें कि थर्टीफर्स्ट व नववर्ष में नैनीताल में पर्यटकों की भारी संख्या में आने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस की ओर से यातायात प्लान लागू किया है। जिसके तहत रूसी बाईपास अस्थाई पार्किंग स्थल पर पर्यटकों के वाहनों को रोकने के व शटल की व्यवस्था की गई है, जहां 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी लगाइ गई है। साथ ही कई वाहन चालक व पार्किंग कर्मी भी क्षेत्र में रात तक तैनात रहते हैं। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से क्षेत्र में व्यवस्थाएं की जानी थी लेकिन रविवार व सोमवार को न तो क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था है। ना ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। इधर सोमवार शाम को क्षेत्र में तेंदुआ दिखने पर ग्रामीणों ने प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए, साथ ही जल्द से जल्द क्षेत्र में बिजली तथा सफाई व अलाव की व्यवस्था करने की मांग की। देर शाम वार्ड सदस्य देवेंद्र सिंह रावत व राजेन्द्र सिंह मनराल ने क्षेत्र में अलाव के लिए लकड़ी लाकर आग जलवाई। डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि अस्थाई पार्किंग स्थलों में जल्द ही सारी व्यवस्था कर दी जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के नवीन पांडे बने नैनीताल जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद द्वारा नैनीताल निवासी शिक्षक और प्रख्यात उदघोषक नवीन पाण्डे को नैनीताल जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा उत्तराखंड और अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद उत्तराखंड के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद भारद्वाज ने बताया कि नवीन पाण्डे को शिक्षा विभाग में पिछले 30 वर्षो की अद्वितीय सेवा के साथ साथ हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए की गई सेवाओं के फलस्वरूप इस पद पर नियुक्ति की गई है। भारद्वाज ने यह भी बताया कि नवीन पाण्डे शिक्षा विभाग में व्यायाम शिक्षक के रूप में कई खिलाड़ियों को जनपद स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करवा चुके हैं।



इसके अलावा नवीन उत्तराखंड में एक प्रोफेशनल एंकर के रूप में जाने जाते हैं जो उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और एनसीआर में कई बड़े इवेंट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एंकरिंग पिछले 25 वर्षों से कर रहे हैं। पिछले वर्ष उत्तराखंड में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेलों में भी नवीन एंकरिंग कर चुके हैं । वर्ष 2012 में नवीन को शिक्षा विभाग का ऑफिशियल उद्घोषक भी नियुक्त किया गया था। पाण्डे की अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर विधायक सरिता आर्या, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल भीमताल विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम जायसवाल तथा खंड शिक्षा अधिकारी केना चौहान ग्रोवर सहित युवा भाजपा नेता व कुविवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह पडियार समेत दयाकिशन पोखरिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आईपीएस बनने से वंचित अनुप्रिया को हाईकोर्ट से मिली उम्मीद

### कोर्ट ने दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष को नोटिस किया जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के चंपावत की रहने वाली अनुप्रिया राय ने सीएसई 2024 में आल इंडिया रैंक 189 हासिल की थी लेकिन उनका भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयन न्यूनतम लंबाई मानक से 3 सेंटीमीटर कम होने के कारण रोक दिया गया था, जिसको लेकर अनुप्रिया ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में अंतरिम आदेश देते हुए एक तरह से अनुप्रिया के पक्ष में फैसला सुनाया और उन्हें नई उम्मीद दी। अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक सीएसई 2024 में आईपीएस का एक पद रिक्त रखा जाएगा ताकि अनुप्रिया का अधिकार उस पद के लिए सुरक्षित रहे वहीं अनुप्रिया ने तर्क दिया कि वह कुमाऊं के पहाड़ी क्षेत्र से हैं जहां के लोग पारंपरिक रूप से छोटे कद के होते हैं इसलिए उन्हें लंबाई में छूट मिलनी चाहिए।



अनुप्रिया के वकील विजय भट्ट और प्रियंक खर्कवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि अनुप्रिया राय ने पहले केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में याचिका दायर की थी। कैट ने 13 नवंबर को यह याचिका खारिज कर दी थी, निर्णय में कहा गया था कि भले ही अनुप्रिया कुमाऊं क्षेत्र की मूल निवासी हों, लंबाई में छूट केवल आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ही लागू होती है क्योंकि अनुप्रिया अनारक्षित श्रेणी की हैं इसलिए कैट ने उन्हें छूट देने से इनकार किया, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट से न्याय की गुहार लगाई। हाईकोर्ट में अनुप्रिया के अधिवक्ता विजय भट्ट ने तर्क दिया कि सीएसई 2024 की चिकित्सकीय जांच से जुड़े नियम 8 (3) की गलत व्याख्या की गई है। इसके कारण उन्हें आईपीएस सहित अन्य तकनीकी सेवाओं में चयन का अवसर नहीं मिला। सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने कहा कि न्याय दिलाना जरूरी है। अदालत ने अंतरिम आदेश देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक सीएसई 2024 में आईपीएस का एक पद रिक्त रखा जाएगा। बता दें हाईकोर्ट ने दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष को भी नोटिस जारी किया है यह वही बोर्ड है जिसने अनुप्रिया को न्यूनतम लंबाई मानक पूरा न करने के कारण और अन्य तकनीकी सेवाओं के लिए अयोग्य घोषित किया था, अदालत ने सभी प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है, मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

### जून स्टेट में निर्माण कार्यों पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के भीमताल स्थित जून स्टेट में हो रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर आज मंगलवार सुनवाई जारी रखी। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस मामले की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में यह आरोप लगाया कि पूर्व में दिए गए आदेश का पालन नहीं हुआ है और न ही इस क्षेत्र का सर्वे किया गया। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक निर्माण कार्य बिना अनुमति के किए गए हैं, जबकि संबंधित भूमि के कई रिकार्ड भी गायब हैं। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की कि 1980 के बाद किए गए सभी निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया जाए, क्योंकि यह भूमि वन विभाग की है, न कि राजस्व भूमि।

### स्वास्थ्य सचिव आज वीसी के माध्यम से पेश हों

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाणपत्रों के जरिए शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे कार्मिकों के प्रमाणपत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा पेश की गई सूची से संतुष्ट नहीं होने पर स्वास्थ्य सचिव को आज बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। इस मामले में राज्य मेडिकल बोर्ड ने शिक्षा विभाग में दिव्यांग आरक्षण के तहत 52 पदों में से 13 नियुक्तियों को सही माना, जबकि बाकी कर्मचारियों के प्रमाणपत्रों में भिन्नता पाई गई या वे पुनः मूल्यांकन में अनुपस्थित रहे। नेशनल फेडरेशन आफ द ब्लाइंड उत्तराखंड शाखा द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि अपात्र लोग धोखाधड़ी से दिव्यांग आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, जिससे वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवारों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि राज्य आयुक्त/दिव्यांग जन ने इस शिकायत को खारिज कर दिया था और एम्स ऋषिकेश से पुनः सत्यापन की मांग को नजरअंदाज कर दिया था।

### अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई 8 जनवरी को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में राज्य की सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले पर अब 8 जनवरी 2026 को सुनवाई होगी। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट पेश करने को कहा है, जिसमें यह बताया जाए कि किस प्रकार जीओ मैपिंग के जरिए अतिक्रमित सरकारी भूमि की पहचान की जा सकती है। कोर्ट ने यह आदेश राज्य सरकार के सचिवों से दिया है, जिनमें सचिव सिंचाई, लोक निर्माण, वन और गृह सचिव शामिल हैं। यह मामला नैनीताल जिले के पदमपुरी क्षेत्र में वन विभाग की भूमि और सड़क किनारे हुए अतिक्रमण से संबंधित है। दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा था, जिसके आधार पर कोर्ट ने जनहित याचिका दायर की और 17 अक्टूबर 2023 को प्रदेश के जिलाधिकारियों और डीएफओ को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। हालांकि, अभी तक उस आदेश का पालन नहीं किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई से पहले प्रभावितों को मिलेगा मौका

**नैनीताल।** राज्य सरकार हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में देवखड़ी नाले पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई से पहले उन्हें सुनवाई का दो और मौका देगी और उनका पक्ष सुनने के बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लायेगी। हाईकोर्ट के न्यायमित्र अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह की ओर से यह बात सोमवार को मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष रखी गई। खंडपीठ की ओर से सोमवार को देवखड़ी नाले पर अतिक्रमण के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमित्र अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह की ओर से कहा गया कि सरकार अतिक्रमणकारियों को सुनवाई का पर्याप्त मौका दे रही है। जनता का पक्ष जानने के लिए विगत 26 दिसंबर को एक जन सुनवाई हो चुकी है इसमें 140 अतिक्रमणकारियों में से 102 पीड़ितों की ओर से अपना पक्ष रखा गया। इनमें से कुछ लोगों ने अपना दावा प्रस्तुत करने के लिए और समय की मांग की है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों का पक्ष जानने के लिए दो और जन सुनवाई की आवश्यकता बताई। अंत में अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 7 जनवरी बुधवार की तिथि नियत कर दी। मामले के अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत गौनिया के पत्र का संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि हल्द्वानी में तीन पानी से काठगोदाम तक सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। देवखड़ी नाले पर अतिक्रमण के चलते चौड़ीकरण का कार्य प्रभावित हुआ है। कुछ व्यावसायिक संस्थानों को फायदा पहुंचाया गया है।

### अग्निसुरक्षा का निरीक्षण

**नैनीताल।** थर्टीफर्स्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की भीड़ व अग्निसुरक्षा के मध्यनजर दमकल विभाग ने रेस्टोरेंट में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संचालकों को अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बता दें कि थर्टीफर्स्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए दमकल विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग की ओर से मंगलवार को नगर के मल्लीताल रेस्टोरेंटों में निरीक्षण कर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निसुरक्षा यंत्र रखने के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। बताया कि विभाग की ओर से भी पूर्व में शहर के फायर हाइड्रेंटों का निरीक्षण कर लिया गया है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से फायर टेंडरों को भरकर तैयार रखा गया है।

## उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव 17 फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनावों की तारीख को बदलकर अब 17 फरवरी 2026 कर दी गई है। पहले निर्धारित 4 फरवरी की तारीख को स्थगित किया गया है, क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में शीतकालीन अवकाश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव समिति ने तारीख बढ़ाने का फैसला लिया। यह निर्णय सोमवार को उच्चाधिकार प्राप्त चुनाव समिति की वर्चुअल बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति राजीव शर्मा ने की। बैठक में न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह और न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी भी मौजूद थे। चुनाव स्थगित करने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी समेत कई सदस्यों ने पत्र भेजे थे, क्योंकि शीतकालीन अवकाश के कारण कई जिलों की सिविल कोर्ट 2 जनवरी से 30 जनवरी तक बंद रहेंगी। उत्तराखंड उच्च न्यायालय में भी 11 जनवरी से 8 फरवरी तक अवकाश रहेगा। नए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, मतदान के बाद 19 फरवरी 2026 तक मतपत्रों को नैनीताल स्थित बार काउंसिल के कार्यालय में पहुंचाना होगा, और 20 फरवरी से मतगणना शुरू होगी। इस बदलाव से दूरदराज के अधिवक्ताओं को मतदान में भाग लेने के लिए अधिक समय मिलेगा। इस निर्णय का स्वागत करते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने चुनाव समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।


### ट्रैफिक प्लान किया जारी

**नैनीताल।** नैनीताल पुलिस की ओर से थर्टी फर्स्ट व न्यू ईयर 2026 के लिए मंगलवार को ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। बता दें बुधवार आज नैनीताल में लोअर माल रोड के क्षतिग्रस्त होने तथा अपर माल रोड पर न्यू ईयर प्रोग्राम होने के कारण शाम को 5 बजे से मध्य रात्रि तक तल्लीताल से मल्लिताल को जाने वाला मार्ग इंडिया होटल से समस्त वाहनों के लिये बंद रहेगा। इसके साथ ही भवाली से आने वाले समस्त वाहन मस्जिद तिराहा भवाली से बैंड नंबर 1 रूसी 2 तथा रूसी 1 होते हुए बारापथर से नैनीताल में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही हल्द्वानी की ओर से आने वाला समस्त ट्रैफिक रूसी 2 से रूसी 1 होते हुए बारापथर से नैनीताल आएगा। इसके साथ ही मल्लीताल से तल्लीताल को आने वाला ट्रैफिक घोड़ा स्टैंड से डाइवर्ट कर मस्जिद तिराहा राजभवन होते हुए डांट से एग्जिट होगा।

## आम जन तक पहुंचीं सरकार की योजनाएंः आशा शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर मंत्री आशा शुक्ला ने प्रदेश की धामी सरकार को 'धाकड़ धामी सरकार' की उपाधि देते हुए कहा है कि युवा नेतृत्व के हाथों में देवभूमि उत्तराखण्ड न सिर्फ पूरी तरह सुरक्षित है बल्कि विकास और आध्यात्म के पथ पर निरंतर प्रगति कर रहा है। आशा शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन पार्टी हो चुकी है। क्योंकि उसके पास सरकार के विरोध में बोलने के लिए कोई भी मुद्दा नहीं है। इसीलिए अब कांग्रेस के नेता सोशल मीडिया पर 'टूलकिट' का सहारा ले रहे हैं। महिलाओं तथा बेटियों की आड़ लेकर जो कृत्य कांग्रेस कर रही है उसे इस प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी। आशा शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस बेरोज़गारी पर बात नहीं कर सकती, क्योंकि धामी सरकार नौकरियां देने और रोज़गार सृजन के मामले में कहीं आगे निकल चुकी है। तुष्टिकरण की राजनीति और लोगों को बर्गलाने की कांग्रेस की नीति को धामी सरकार ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।



आशा शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास में यकीन रखती है। समाज के हर वर्ग के पास आज सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। कहा कि धामी सरकार निरंतर विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है, जबकि कांग्रेस महज़ अपनी बौखलाहट दिखा रही है। आशा शुक्ला ने कहा कि कांग्रेसी याद रखें कि सत्ता अभी उनसे कोसों दूर है। 2027 के विधानसभा चुनाव दूर नहीं हैं। भाजपा सत्ता में वापसी करेगी।

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः– 1172 /सूचना/नाम परि0/कर–अनु0/न0नि0 रूड़की /2025–26 दिनांक : 30/12/2025

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखों मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 896, गणेशपुर के जुज भाग | श्रीमति सुरभि शर्मा पुत्री श्री रमेश कुमार शर्मा | श्रीमति विमला शर्मा पत्नि रमेश कुमार शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 2 | 896, गणेशपुर के जुज भाग | श्री विवेक शर्मा पुत्र श्री रमेश कुमार शर्मा | श्रीमति विमला शर्मा पत्नि रमेश कुमार शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 3 | 136, रा0 पश्चिमी | श्री विजय वर्मा पुत्र स्व0 ज्ञान चन वर्मा | श्रीमति सरस्वती देवी पत्नि श्री ज्ञानचन्द वर्मा | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 4 | 236, रा0 पश्चिमी | श्री विजय वर्मा पुत्र स्व0 ज्ञान चन वर्मा | श्रीमति सरस्वती देवी पत्नि श्री ज्ञानचन्द वर्मा | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 5 | 237, रा0 पश्चिमी | श्री विजय वर्मा पुत्र स्व0 ज्ञान चन वर्मा | श्रीमति सरस्वती देवी पत्नि श्री ज्ञानचन्द वर्मा | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 6 | 1348, रामनगर | श्री अमित चन्द्र जोशी पुत्र श्री सुरेश चन्द्र जोशी | श्री सुरेश चन्द्र जोशी पुत्र स्व0 त्रिलोचन जोशी | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 7 | 210/1(1), रामनगर | श्रीमति प्रीति पत्नि श्री नवीन कुमार | सुनीता डुडेजा पत्नि श्री बलदेव राज डुडेजा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 8 | 73, शेखपुरी | श्री नवेद व अनस पुत्रगण स्व0 नसीम अहमद | श्री नजीर अहमद पुत्र श्री बशीर | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 9 | 1163, चावमण्डी | श्री अमन कुमार पुत्र श्री रहतूलाल | धनवनी पत्नि श्री रहतूलाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 10 | 258, माहिग्रान | इमरान मसूद पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी आरिफ मसूद पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी अरशद मसूद सिद्दीकी पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी व हीना सलमान पत्नि सलमान खालिद | मसूद हुसैन सिद्दीकी पुत्र स्व0 मशकूर हुसैन | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 11 | 390, सत्ती | इमरान मसूद पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी आरिफ मसूद पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी अरशद मसूद सिद्दीकी पुत्र स्व0 मसूद हुसैन सिद्दीकी व हीना सलमान पत्नि सलमान खालिद | मसूद हुसैन सिद्दीकी पुत्र स्व0 मशकूर हुसैन | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 12 | 495, पुरानी तहसील | अमोल अग्रवाल पुत्र स्व0 मंगत राम अग्रवाल | विमोर अग्रवाल, अमोल अग्रवाल पुत्र मंगतराम | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 13 | 549, अ0 ता0 पूर्वी | श्रीमति कमरजंहा पत्नि श्री नसीम अहमद | श्री नसीम अहमद पुत्र नसरूदीन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 14 | 199, रामनगर | श्री सचिन पुत्र श्री गणेश दास | श्री गणेश दास पुत्र स्व0 चुन्नूराम | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 15 | 786(10),सिविल ला0 | श्री सचिन कुमार पुत्र दासोराम | श्रीमति नलिनी गुप्ता पत्नि स्व0 श्री पंकज गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 16 | 818, पूर्वावल्ली | श्रीमति अनिता पत्नि श्री मुनेश कुमार | श्री ओमकार सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 17 | 79, शेखपुरी | श्री शिव कुमार सिंह पुत्र श्री रामपाल सिंह | श्री रामपाल सिंह पुत्र स्व0 चौ0 चतर सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 18 | 807/2, पूर्वावल्ली | राजेश कुमार दुआ पुत्र स्व0 चुन्नीलाल दुआ | श्रीमति उषा कुमारी पत्नि कृष्ण लाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 19 | 802, पूर्वावल्ली | राजेश कुमार दुआ पुत्र स्व0 चुन्नीलाल दुआ | चुन्नी लाल पुत्र स्व0 परसराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 20 | 1588, गणेशपुर | दीपा पुत्री सुरेश कुमार पत्नि नीटू सिंह व योगेन्द्र कुमार पुत्र हुकम सिंह | कौशल्या देवी पत्नि श्री रामकुमार शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 21 | 1081, रामनगर के जुज भाग | श्री अमित कुमार पुत्र श्री प्रभुदयाल जै सिंह | श्रीमति सीमा धई पत्नि सजीव घई | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 22 | 309बी, कानूनगोयान | मौ0 इरफान कुरैशी पुत्र श्री असगर कुरैशी व | श्रीमति शबनम पत्नि श्री इरफान कुरैशी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 23 | 411, सत्ती | रिहाना बेगम पत्नि मौ0 इन्तजार त्यागी | सुल्ताना बेगम पत्नि हुमॉयु पुत्री मरहुम अब्दुर्रहमान | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 24 | 107, आदर्शनगर | श्रीमति उषा पत्नि श्री मदन लाल | श्री अजय रौनी पुत्र सुखबीर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 25 | 181, कानूनगोयान | श्री कासिफ अली पुत्र इरशाद अली | अनिल भटनागर व सुनील भटनागर व मनोज भटनागर व पंकज भटनागर पुत्रगण स्व0 राम आसरे भटनागर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 26 | 18, राजपूताना पूर्वी | पीयूश कुमार तायल पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद तायल | विधावती पत्नि स्व0 जगदीश प्रसाद तायल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 27 | 330/5ए, मलकपुर | श्रीमति पूनम शर्मा पत्नि स्व0 अनुराग शर्मा | श्री अनुराग शर्मा पुत्र श्री योगेन्द्र शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 28 | 177, अम्बर तालाब परि0 | श्री विनोद कुमार पुत्र स्व0 चेतराम | श्री चेतराम पुत्र श्री हीरा लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 29 | 884, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्रीमति नसीमा बेगम पत्नि श्री अजीज अहमद | श्रीमति वहीदन पत्नि मौहम्मद अब्दुल्ला | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 30 | 303, पूर्वीदीनदयाल | श्री राजीव आंग्रीश पुत्र विनोद कुमार शर्मा | श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्व0 आत्माराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 31 | 373, आवास विकास | यष गोयल व आदित्य गोयल पुत्र मनोज गोयल | उषा मित्तल पत्नि स्व0 राजेश कुमार मित्तल व मंजू मित्तल पत्नि रजनीश कुमार मित्तल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 32 | 736, पुरानी तहसील | श्रीमति अलका पत्नि स्व0 सुशील कुमार | श्री मनोज शर्मा पुत्र स्व0 लक्ष्मीचन्द | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 33 | 174, मकतूलपुरी | श्रीमति सुरभि मल्ला पत्नि श्री गगन मल्ला | श्रीमति भावना अरोरा पत्नि श्री वेदप्रकाश अरोरा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 34 | 850/1, रामनगर | श्रीमति रीतू मिगलानी पत्नि श्री अमन अरोड़ा | नीरज कुकडेजा पुत्र जगदीश लाल कुकडेजा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 35 | 818(2), रामनगर | श्री मनीश मदान पुत्र श्री मदन लाल | पूनम रानी पत्नि स्व0 हरीश लाल अरोड़ा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 36 | 247/1,राजपूताना पश्चिमी | हरविन्दर सिंह पुत्र श्री राजिन्द्र सिंह | श्री विजय सिंह राणा पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 37 | 444, अ0 ता0 पूर्वी | मनीषा भटनागर पुत्री श्याम सुन्दर भटनागर | नीता गोयल पत्नि श्री अनिल कुमार गोयल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 38 | 566, अ0 ता0 पूर्वी | श्रीमति शकीला पत्नि स्व0 यासीन | श्री वहीद अहमद पुत्र अब्दुल गनी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 39 | 818,818(1) रामनगर | श्री अक्षत त्यागी पुत्र श्री ललित मोहन त्यागी | मन्जीत सिंह पुत्र मस्तान सिंह व पूनम अरोड़ा पत्नि स्व0 हरीश कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 40 | 1308/1, गणेशपुर | श्री मोहित कुमार पुत्र श्री पुरूषोत्तम दास | श्रीमति नीलम पुत्री श्री मंगतराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 41 | 192, नेहरूनगर | श्री तरूण शर्मा पुत्र रमेश चन्द शर्मा | कार्तिक कौशिक पुत्र शिव रतन कौशिक व श्रीमति रेनू कौशिक पत्नि कार्तिक कौशिक | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 42 | 516(1), पूर्वावल्ली | श्रीमति नितिश शर्मा पत्नि स्व0 राहुल शर्मा | श्री रमेश चन्द व राहुल शर्मा स्व0 रमेश चन्द | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 43 | 404/3जी,/2 मलकपुर | श्री रमाकांत शाह पुत्र विक्रम शाह | श्रीमति फूलवती देवी पत्नि श्री रमाकान्त शाह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 44 | 122, राजपूताना परि | सुनील कुमार मित्तल पुत्र सत्य प्रकाश मित्तल | श्री सत्य प्रकाश मित्तल पुत्र स्व0 नत्थूराम | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 45 | 485, मलकपुर | श्रीमति उषा पत्नि अमरीश | श्रीमति सुमन लता पत्नि देवेन्द्र कुमार लाटा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 46 | 586/1ए, गणेशपुर | श्री शिवराज सिंह पुत्र यशपाल सिंह | ईश्वरी देवी पुत्री महराज सिंह पत्नि स्व0 यशपाल सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 47 | 447, रामनगर | कविता विश्वकर्मा पत्नि संजय विश्वकर्मा | श्रीमति सुशीला सैनी पत्नि श्री मामचंद सैनी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 48 | 210, 1/2 भाग पर अ0 ता0 परि0 | आकांशा गोयल पुत्री स्व0 अगज गोयल पत्नि लक्की गोयल व छवि गोयल पुत्री स्व0 अजय गोयल व अमन गोयल पुत्र स्व0 अजय गोयल | श्रीमति ओमवती पत्नि श्री अयोध्या प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 49 | 252, सोत | श्री अरशद पुत्र सईद अहमद | रशीदन पत्नि युसुफ व रमजानन पत्नि शरीफ व रानी पत्नि गुलाम साबिर | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 50 | 329, पुरानी तहसील | श्रीमति रेनू जैन पत्नि श्री राजेश कुमार जैन | श्रीमति सुनीता अरोरा पत्नि श्री विजय अरोरा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 51 | 586/1, गणेशपुर | श्री मुनीष चौहान पुत्र श्री पिरतपाल | श्रीमति ओमवती पत्नि श्री पिरतपाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 52 | 468,अ0 ता0 परि0 | कुसुम लता पत्नि स्व0 विजय कुमार मारवाह | श्री विजय कुमार पुत्र श्री किशन लाल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 53 | 705, चावमण्डी | श्रीमति सन्तोष पत्नि स्व0 राजकुमार सैनी व सौरभ सैनी पुत्र स्व0 राजकुमार सैनी व श्रीमति मनीशा पत्नि सचिन चौधरी पुत्री राजकुमार सैनी | श्री राजकुमार सैनी पुत्र श्री रणजीत सिंह सैनी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 54 | 338, पुरानी तहसील | श्री नवीन कुमार पुत्र श्री महेन्द्र सिंह | श्रीमति पूजा पत्नि श्री अनुज कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 55 | 517, आवास विकास | श्री अमित पाठक पुत्र श्री जुगल किशोर | श्री भूपेश मेहन्दीरत्ता व योगेश मेहन्दीरत्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 56 | 161, रामनगर | सुधांशु कोहली पुत्र स्व0 श्री अश्वनी कोहली | श्री कर्मचन्द पुत्र श्री नन्दलाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

## पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org

### निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **27.01.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **24.01.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T–37/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में भूतल पर स्थित कार्यालयों में Alex ACP Sheet स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
2) **T–38/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित कार्यालय में PVC Panel स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत रू० 99,700.00)।
3) **T–39/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के कान्फ्रेन्स कक्ष में Video Conferencing हेतु आवश्यक सहायक Accessories क्रय एवं स्थापित करवाने कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य
4) **T–40/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में विभिन्न तलों पर स्थापित कार्यालयों में आवश्यकतानुसार Intercom Wire (2+1) स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।
5) **T–41/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित विभिन्न कार्यालयों में Blinds स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य

पत्रांकः 2458/मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांकः 29.12.2025

अधिशासी अभियन्ता (मु0भु0इ0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

## पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002
दूरभाष नं0 0135-2532772 दूरभाष नं0: 7088112452 Email:- hqpu@ptcul.org

### निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **27.01.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **24.01.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T–36/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय, "विद्युत भवन" में विभिन्न तलों पर स्थापित टूटी हुई Floor Tiles को बदलवाने का कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।
2) **T–37/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन बिल्डिंग के Basement में स्थापित Fire Alarm System की रिपेयरिंग एवं अनुरक्षण कार्य एवं अन्य छुटपुट कार्य।
3) **T–38/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के अग्र एवं पश्च भाग में स्थापित 02 No- Porch में Damp Proof करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।
4) **T–39/2025–26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" की छत में स्थापित Tanks के Gate Valves बदलवाने तथा सम्बन्धित Pipe Fitting करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित छुटपुट अनुरक्षण कार्य।
5) **T–40/2025–26:** पिटकुल, मुख्यालय "विद्युत भवन" में परिसर में स्थापित पौधों हेतु 10 No., Tree Guards की आपूर्ति का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित छुटपुट कार्य।

पत्रांकः 127/जा0(मु0)/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांकः 29.12.2025

अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु0)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN : U40109UR2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून – 248001 दूरभाष संख्या : 0135–2763672–76
फैक्स : 0135–2760289 वेबसाईट : www.uktenders.gov.in

### ई–निविदा सूचना

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर i.e. 2022-2023, 2023-2024 & 2024-2025 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग–एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए सी एस आर पैन्थर कन्डक्टर | सी सी पी-I/ 16/2025-2026 | 100 कि0मी0 | 2,52,16,724.00 | 4,00,00,000.00 | 5,05,000.00 | 17,700.00 | 8.1.2026 को 12:00 बजे | 16.1.2026 को 17:00 बजे तक | 17.1.2026 को 15:30 बजे |
| 2. | ए सी एस आर डॉग कन्डक्टर | सी सी पी-I/ 17/2025-2026 | 1800 कि0मी0 | 20,68,81,542.00 | 31,03,23,000.00 | 41,38,000.00 | 29,500.00 | | 16.1.2026 को 17:00 बजे तक | 17.1.2026 को 15:45 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
No. 842/EE(CM)/UPCL/A-2/ Dt. 30/12/2025

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय–प्रथम)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी बल्व का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन मुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. – 18001804185/फैक्स नं. 0135–2760911 पर दें)

# अर्जुन से हार के बाद कार्लसन ने आपा खोया

● **भारतीय ग्रैंडमास्ट अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद फिर गलत वजह से सुर्खिया में आए मैग्नस कार्लसन**



**दोहा, वार्ता।** नॉर्वेजियन शतरंज सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन सोमवार को फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद अपना आपा खोने के कारण एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में आ गए। मौजूदा वर्ल्ड रैपिड और वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन को नौवें राउंड में एरिगैसी ने हराया, जिसमें भारतीय जीएम ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार कैलकुलेशन और मजबूत एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। हार के कुछ ही देर बाद, कार्लसन को निराशा में मेज पीटते हुए देखा गया, इस घटना को वीडियो में कैद कर लिया गया और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसे फैंस ने कार्लसन आउटबर्स्ट 2–0 नाम दिया। यह घटना कार्लसन के जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश से हारने के बाद अपना आपा खोने के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अपनी दिग्गज स्थिति और सफलता के बावजूद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी की हार को शाल. ीनता से स्वीकार न करने के लिए अक्सर आलोचना की जाती रही है। एरिगैसी की कार्लसन पर जीत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि 22 वर्षीय भारतीय 11 राउंड के बाद नौ अंकों के साथ फांस के मैक्सिम वाचियर–लाग्रेव के साथ स्टैंडिग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने इस ऐतिहा. सिक जीत के बाद 10वें राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर थोड़े समय के लिए आधे अंक की बढ़त बना ली, जिसके बाद 11वें राउंड में अमेरिकी जीएम फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। पहले दिन दो राउंड बाकी रहते हुए, कार्लसन रिकॉर्ड नौवें वर्ल्ड ब्लिट्ज खिताब के लिए दौड़ में बने हुए हैं, उन्होंने रविवार को पहले ही अपना छठा वर्ल्ड रैपिड खिताब जीत लिया है। वह वर्तमान में आठ अंकों के साथ आठ खिलाड़ियों के समूह में हैं, जिसमें शीर्ष दावेदार अलीरेजा फरीजा और भारत के सुनीलदत्त नारायणन भी शामिल हैं। कारुआना, दानिल डुबोव और चीन के यू यांगई 8–5 अंकों के साथ संयुक्त नेताओं से थोड़ा पीछे हैं, जिससे चैंपियनशिप के निर्णायक चरणों में पहुंचने पर कड़ी टक्कर की उम्मीद है।

# फीफा को 2026 वर्ल्ड कप के लिए रिकॉर्ड 15 करोड़ टिकट रिक्वेस्ट मिले



● **फीफा प्रेसिडेंट ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा व सबसे ज्यादा ज्यादा शामिल करने वाला शो**

**जेनेवा, वार्ता।** फीफा ने सोमवार को कहा कि उसे 2026 वर्ल्ड कप के लिए 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट मिले हैं, जिससे वर्ल्ड कप टिकटिंग का एक नया रिकॉर्ड बन गया है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का फेज अभी आधा ही हुआ है। 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों के फैंस ने 11 दिसम्बर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिग फेज शुरू होने के बाद फीफा–कॉम/टिकट प्लेटफॉर्म पर रिक्वेस्ट की बाढ़ ला दी। यह फेज 13 जनवरी, 2026 को खत्म होगा। फीफा ने कहा कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट एप्लीकेशन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड इंडिविजुअल क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन हुआ है, और यह डिमांड 1930 से अब तक इस कॉम्पिटिशन के सभी 22 एडिशन के कुल 964 मैचों में आए दर्शकों की कुल संख्या से 3–4 गुना ज्यादा है। फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा शामिल करने वाला शो होने वाला है। भावुक फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सच्चा सबूत है कि हमारे खेल को दुनिया भर में कितना पसंद किया जाता है।

## इंडिया ओपन भव्य आयोजन के लिए तैयार, टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता।** योनेक्स–सनराइज इंडिया ओपन 13 से 18 जनवरी, 2026 तक वापस आ रहा है, यह टूर्नामेंट नई दिल्ली के मशहूर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा, जो इसके पैमाने और फैन अनुभव में एक बड़ा कदम है। पिछले वेन्यू की तुलना में दोगुनी से ज्यादा, 8,000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता के साथ, यह अपग्रेड भारत के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैडमिटंन टूर्नामेंट की बढ़ती प्रतिष्ठा को दिखाता है। योनेक्स–सनराइज इंडिया ओपन 2026 के टिकट टूर्नामेंट के टिकटिग पार्टनर, टिकमिट के जरिए विशेष रूप से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

# नन्हेड़ा व गाधारोणा में लगाए गए बहुउद्देशीय शिविर

## सरकार पहुंच रही आमजन के द्वार : देशराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की/लंढौरा।** रूडकी व नारसन ब्लाक की न्याय पंचायतों में सरकार के बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गयां जिसमें अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने लोगों की जन समस्याएं सुनी और जन कल्याणकारी योजनाओं को भी आमजन तक पहुंचाया गया।

रूड़की के न्याय पंचायत नन्हेडा अनन्तपुर के राजकीय विद्यालय किशनपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पांडे एवं अपर तहसीलदार रूड़की शुभागिनी व दर्जा राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल की अध्यक्षता में सुनी गयी।



जन-जन की सरकार,जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 102 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 338 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 2245 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग। आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 25 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 12 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर)देशराज कर्णवाल ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 25 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।

## एडीएम व जेएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, जल्द निस्तारण के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** गाधारौना गांव में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में एडीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। कार्यक्रम के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लोगों को लाभ दिलाने पर जोर दिया गया।

जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गाधारौना गांव में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना रहा। जनसुनवाई में एडीएम हरिद्वार ने ग्रामीणों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे, जिससे शिकायतों के समाधान में तेजी लाई जा सके एडीएम हरिद्वार जयराम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।



इनमें प्रमुख रूप से विद्युत बिल, राशन कार्ड, भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश शिकायतो का समाधान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जा रहा है। ताकि जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं एडीएम हरिद्वार ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान नालों की सफाई और स्वच्छता से जुड़ी कई शिकायतें भी सामने आई हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वह ग्रामीणों के सहयोग से गावों में साफ-सफाई अभियान चलाएं और नालों की नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करें, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात मिल सके। इस मौके पर एडीएम जयराम चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपम रामचंद्र सेठ, तहसीलदार विकास अवस्थी,नायाब तहसीलदार युसूफ अली, बीडीओ नारसन सुभाष सैनी खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन, श्याम वीर सैनी, भाजपा नेत्री रानी देवयानी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा0 मधु सिंह, चौधरी बिजेंद्र सिंह, अशोक कुमार पांडे, चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधान प्रेम गिरी, ग्राम प्रधान इंदू गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

## अवैध खनन में एक ट्रैक्टर ट्राली की गई सीज

शाह टाइम्ससंवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने अवैध खनन बालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए अवैध खनन से भरी एक ट्रैक्टर सीज किया है जानकारी के अनुसार कोतवाली रुड़की द्वारा अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर जिसको चालक दानिश पुत्र शमशाद निवासी कान्हापुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार चला जा रहा था जो ट्रैक्टर ट्राली में अवैध खनन ले जा रहा था बिना कागजात के चल रहा था उक्त ट्रैक्टर को मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया अवैध खनन के संबंध में श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय को रिपोर्ट प्रेषित की गई

## कब्रिस्तान से पेड़ काटने पर पुलिस चौकी पर हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** लंढौरा में मंगलवार को दो लोगों ने कब्रिस्तान से आम और शीशम के पेड़ काट लिए जाने को लेकर लोगों ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस चौकी पर हंगामा काटा।

लंढौरा मंगलौर मार्ग पर से कुछ दूरी पर सरवरपीर वाले कब्रिस्तान है। कब्रिस्तान में आम और शीशम के पेड़ लगे हुए थे। आरोप कि दो लोगों ने मंगलवार को कब्रिस्तान की भूमि से शीशम और आम के पेड़ काट लिए लोगों का आरोप है कि सौ से अधिक पेट काटे गए है। लोगों का कहना है कि पेड़ कटान के लिए ना तो कब्रिस्तान कमेटी से अनुमति ली गई और न ही वन विभाग से लोगों का कहना है कि पेड़ काटे जाने से कब्रों भी नुकसान हुआ है। गुस्साए लोगों ने पुलिस पहुंच कर आरोपित लोगों खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा काटा। बाद में आरोपित लोगों को नाम करते हुए पुलिस को तहरीर दी। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी का कहना है कि मामले की जांच



पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल में महिला लेखपाल की मौत प्रकरण

## दो डॉक्टरों समेत तीन के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** महिला लेखपाल की प्रसव के बाद मौत होने के मामले में निजी अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

गंगनहर कोतवाली को राजस्व उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 25 दिसंबर को वह लेखपाल गर्भवती पत्नी मोनिका को लेकर रुड़की स्थित एक निजी अस्पताल गए थे। जहां पर शाम 4:20 पर पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने पत्नी को लेबर रूम से अलग कमरे में शिफ्ट कर दिया था। कुछ देर बाद पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर ने एंबुलेंस से पत्नी को हरिद्वार के अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप कर बताया कि पत्नी की मौत हो चुकी है। ज्वालापुर पुलिस ने पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल के डॉक्टर ने पत्नी के उपचार में लापरवाही बरती है। उसकी हालत गंभीर होने पर भी परिवार से मिलने नहीं दिया गया था। विरोध करने पर अस्पताल में बाउंसरों ने उन्हें पिस्तौल दिखाकर दूसरे अस्पताल से जाने के लिए विवश किया था। इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि इस मामले में शिरोमणि अस्पताल के डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. आशीष गुप्ता और संजय कंसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

## सिविल लाइन कोतवाल की होटल संचालकों की बैठक

शाह टाइम्ससंवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाल ने 31 दिसंबर यानि नव वर्ष को लेकर हौटल, ढाबा आदि संचालको के साथ बैठक ली। कोतवाल मनीष कुमार ने सबको साफ कर दिया है कि 31 दिसंबर की रात नववर्ष के कार्यक्रम में हुडदंगी व कानून व्यवस्था से खिलवाड कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा इसलिए अपने प्रतिष्ठानों में जो भी कार्यक्रम रखे कानू व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाये। कोतवाल ने सभी को साफ हिदायत दी कि कानून व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाये।

## सात माह से बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी न होने से किसान व अधिवक्ता परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सात महीने पहले बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी सेवानिवृत होने से खाली चली आ रही अदालत में कुर्सी पर किसी दूसरे की नियुक्ति न होने से किस जहां बेहद परेशान है तो अधिवक्ताओं को भी काफी दिक्कत हो रही है।

अवगत करा दे कि रुड़की से पिछले 7 महीने पहले चकबंदीअधिकारी का रिटायरमेंट हो गया था तब एसओसी की नियुक्ति नहीं की गई है अदालत के लगातार खाली चलने से वादकारियों को बेहद दिक्कत आ रही है क्योंकि जो वाद चकबंदी अधिकारी के यहां निस्तारित होते हैं उनका संबंधित पक्षकार यदि चाहे तो बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी के यहां अपील किया जाता है। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी गुण दोष के आधार पर उक्त वादों का निस्तारण करते हैं। लेकिन पिछले सात महीने से उक्त अदालत खाली पड़ी हुई है। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी के रिटायर होने के बाद से अब तक ना तो वहां कोई अधिकारी का ट्रांसफर किया गया है और ना ही किसी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जबकि यदि कोई अधिकारी किसी अदालत में नहीं होते तो उसकी जगह दूसरे संबंधित अधिकारी को अटैच किया जाता है। लेकिन है लेकिन शिकायत के बावजूद भी आज तक किसी भी अधिकारी को अटैच नहीं किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णपाल सिंह ने बताया कि उनके द्वारा छह नवंबर को लिखित रूप में हरिद्वार जिलाधिकारी को सूचित किया गया था की रुड़की में बंदोबस्त अधिकारी की अदालत खाली पड़ी हुई है जिसके चलते अधिवक्ताओं को मुकदमों की अपील करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि किसानों व आम लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पा रहा है । चकबंदी अधिकारी की नियुक्ति न होने से किसानों तथा अधिवक्ताओं में भारी रोष पैदा हो रहा है।

## 9.40 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक नशा तस्कर को दबोचकर उसके पास से 9.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कार्यालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड महोदय के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन नें हरिद्वार पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी, समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश नशा मुक्त हो अपना प्रदेश उत्तराखण्ड। इसी क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दिनांक 30.12.2025 मोहन पुरा डबल फाटक की गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति जिसके पास सफेद पन्नी दिखायी दी जो पुलिस को देख अचानक वापस भागने का प्रयास करने लगा जिस तत्काल पुलिस पार्टी द्वारा तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम परवेज पुत्र जान मौहम्मद निवासी गली न0 2 नाहिद कालोनी कस्बा व थाना कैराना जिला शामली उ0प्र0 बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 09.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध अंतर्गत कोतवाली रूड़की में अभियोग पंजीकृत विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। 'नाम पता आरोपी' परवेज पुत्र जान मौहम्मद निवासी गली न0 2 नाहिद कालोनी कस्बा व थाना कैराना जिला शामली उ0प्र0 है।

## वन विभाग की टीम ने किया 15 फुट लंबे अजगर का रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के अहियापुर गांव में वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद 15 फुट लंबे अजगर का सफल रेस्क्यू किया है। `स्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाए।

वन रेंज अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी की अहियापुर गांव में एक बड़ा अजगर दिखाई दिया है उस सूचना पर हमारे द्वारा वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया जिसमें वन दरोगा पंकज शर्मा सुमित सैनी रोहित सैनी गुरजंट सिंह व सुशील सैनी ने बगैर देर किए सूचना पर तुरंत ही मौके पर पहुंचे और अपनी जान पर खेलकर उस अजगर का सफल रेस्क्यू किया जिसकी लंबाई करीब 15 फुट से भी ज्यादा थी। उन्होंने बताया उस अजगर को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कहीं भी कोई जहरीला वन जीव मिले तो उसकी सूचना तुरंत थी वन विभाग की टीम को दे जिससे वक्त रहते हुए उसके नुकसान पहुंचाने से पहले ही उसका रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाए।

## नारसन ब्लॉक में खेल महाकुंभ प्रतियोगिता संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** नारसन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले न्याय पंचायत खेल महाकुंभ 2025 आज 30 दिसंबर 2025 को संपन्न हुये 129 दिसंबर 2025 से यह प्रतियोगिता 30 दिसंबर 2025 को संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत नारसन, मोहम्मदपुर, मखदुमपुर, लिबहैंरी, लाठर देवा हूण, एवं गाथा रोना के प्रतिभावान अंडर 14 एवं अंदर-19 वर्ग के छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन वीर सिंह पवार ने किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 19 बालिका वर्ग 1500 मी मे शिवानी ने प्रथम, मुस्कान ने दूसरा स्थान एवं रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, 400 मी अंडर-19 बालिका वर्ग में साक्षी नेप्रथम, गुरकान ने दूसरा एवं शिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, 100 मी मे मुस्कान ने प्रथम स्थान दूसरा स्थान आंचल एवं तीसरा स्थान शैली ने प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में 200 मीटर में रितिक ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान वंश ने एवं तीसरा स्थान राजा ने प्राप्त किया, 400 मी बालक वर्ग में कार्तिक परमार ने प्रथम, दूसरा स्थान वन स एवं तीसरा स्थान तनिष्क ने प्राप्त किया, 800 मी बालक वर्ग में कार्तिक परमार ने प्रथम जयदेव ने दूसरा स्थान एवं दीपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, 1500 मी बालक वर्ग में वंश ने प्रथम अनमोल दूसरा स्थान कुणाल ने



तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 को को बालिका में पीएग श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन ने प्रथम स्थान एवं भरत सिंह इंटर कॉलेज में दूसरा स्थान प्राप्त किया अंडर-19 बालक वर्ग में खो-खो के खेल में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन ने प्रथम स्थान एवं भरत सिंह इंटर कॉलेज में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 को को बालिका वर्ग में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण ने प्रथम स्थान एवं भरत सिंह इंटर कॉलेज में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 लंबी कूद बालक वर्ग में तुषार नेप्रथम, आकाश ने दूसरा एवं हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग लंबी कूद में रितिक ने प्रथम, तनिष्क ने दूसरा स्थान एवं प्रियांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान अरविंद सिंह, प्रदीप मिश्रा, विपिन तोमर, सौरभ पवार, सतीश पवार, वीर सिंह पवार,अब्दुल रहमान, विपुल सालार, सूरजभान एवं आलोक द्विवेदी, मोहम्मद इकराम ,पुलकित लोहान आदि खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया। प्रतियोगिता के अंत में ब्लॉक युवा कल्याण अधिकारी नारसन (संदीप खरकियाल), खंड शिक्षा अधिकारी नारसन (सनी साने करीम सिद्दीकी), एवं ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन (पवन राना) नई सफलता पूर्वक प्रतियोगिता संपन्न कराने हेतु सहयोगियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

## सीमेंट के बैग उठाने पर हुई कहासुनी, राजमिस्त्री को पीटा

**लक्सर।** निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट के बैग उठाने पर श्रमिकों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने राजमिस्त्री पर लाठी डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बुक्कनपुर गांव निवासी रिजवान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह लक्सर में गांव के ही ठेकेदार के पास भवन निर्माण में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। यहीं पर लक्सर निवासी एक दूसरा मिस्त्री भी काम कर रहा था। काम के दौरान सीमेंट के बैग उठाने पर उनके बीच कहासुनी हो गई, भवन स्वामी ने मामला शांत करा दिया। कुछ देर बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ उस पर हमला कर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया।

## लक्सर नगर पालिका ने बढ़ाया विकास की ओर कदम

## 3.30 करोड़ रुपये के खोले गए टेंडर

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद के द्वारा लक्सर में विकास के लिए 3.30 करोड रुपए के टेंडर खोले गए हैं।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ नीटू ने बताया कि आज हमारे द्वारा नगर पालिका के अलग-अलग वार्ड में सभी सभासदों की सहमति पर अलग-अलग जगह अलग-अलग काम के करीब साढे तीन करोड रुपए के टेंडर खोले हैं। उन्होंने कहा बहुत जल्द लक्सर नगर पालिका परिषद में और भी काम जल्द से जल्द कराने की कोशिश की जाएगी उन्होंने कहा यह जो आज 3:30 करोड रुपए के विकास के टेंडर खोले गए हैं आगे भी इसी तरह से विकास कार्य को और प्रगति पर लाया जाएगा जिससे नगर पालिका परिषद में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका परिषद के हर व्यक्ति की परेशानी को हम हल करने का पूरा प्रयास करेंगे विकास कार्यों के टेंडर खोलते वक्त वहां पर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल अजय खाति बाबू प्रेम कुमार शर्मा बाबू गुल सनव्वर



बाबू सुरेंद्र कुमार लक्ष्मण सिंह योगेश चौहान बाबू आशीक कुमार सुरेंद्र सिंह विकास खटाना चौधरी अंकुर चौधरी आदेश चौधरी आदि कई सभासद एवं ठेकेदार मौजूद रहे।

## लक्सर में एफआरसीटी उत्तराखंड का सर्वजन समागम

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर के महेश्वरी दाबकी में एफआरसीटी सर्वजन समागम का आयोजन हुआ जिसमें किसानों, मजदूरों, प्राइवेट कर्मचारियों, संविदाकर्मियों एवं विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों का जनसैलाब उमड़ा। अनिल चौधरी ने कहा कि आपसी सहयोग से बेटियों की शादी में और आकस्मिक दुखद निधन पर लाखों रुपए की आर्थिक मदद कराने वालीसंस्थाएफआरसीटी की स्थापना देवभूमि उत्तराखंड में भी हो चुका है। निर्देश सिंह ने कहा कि एफआरसीटी जाति, धर्म, क्षेत्र, प्रोफेशन, व्यवसाय की भावना से ऊपर उठकर सर्वजन कल्याण के लिए कार्य करती है। एफआरसीटी की सारी व्यवस्था पारदर्शी एवं योजनाएं जन कल्याणकारी हैं।

सह संस्थापक व राष्ट्रीय प्रबंधक आशु कालियर ने कहा कि एफआरसीटी उत्तराखंड के सदस्य आपसी सहकारिता से बेटियों की शादी में सीधे माता-पिता के बैंक खाते में 10 रूपये का मदद भेजकर 5 लाख रूपए तक की आर्थिक मदद करेंगे एवं सदस्य केआकस्मिक निधन होने पर आपसी सहकारिता से सीधे आश्रित के बैंक खाते में 50 रूपए भेजकर 50 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद करेंगे। सदस्यों द्वारा सीधे



जरूरतमंद लाभार्थी के बैंक खाते में सहयोग भेजना है। एफआरसीटी में किसी प्रकार के सहयोग हेतु कॉर्पस फंड नहीं बनाया जाता है।सर्वजन समागम को श्री यतीन्द्र सिंह पंवार, संसार सिंह, प्रदीप, नीरू सिंह, मनीष, कुलवीर, पुष्पा, खुशी एवं मुस्कान ने भी संबोधित किया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 31 दिसम्बर 2025

## सीएफआर की रिपोर्ट

क्या भारत-पाक के बीच 2026 में युद्ध हो सकता है ऐसी आशंका अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑफ फॉरन रिलेशन्स (सीएफआर) ने व्यक्त की है। यह अमेरिका का बड़ा थिंक टैंक है। सीएफआर ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत-पाक के बीच फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कश्मीर में आतंकी घटना को बड़ा कारण बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर कश्मीर में आतंकी घटना बढ़ती है तो वह दोनों में युद्ध का रूप ले सकती है। इसके अलावा रिपोर्ट इशारा करती है कि दोनों ही देश रक्षा बजट पर भारी भरकम राशि खर्च कर रहे हैं। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस रक्षा सौदे में ड्रोन, एयर मिसाइल और बम शामिल हैं तो वहीं दूसरी ओर पाक भी तुर्की और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है। हालांकि रिपोर्ट बताती है कि पाक और अफगानिस्तान के बीच भी हालात अच्छे नहीं हैं। वहां भी संघर्ष हो सकता है। रिपोर्ट इजरायल फलस्तीन, इजरायल-इरान, चीन-ताईवान के बीच संभावित टकराव की भी चर्चा करती है। जाहिर है, यह रिपोर्ट जिस तरह तैयार की गई है, उसे केवल राजनीति से प्रेरित होकर तो खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि जिस तरह के हालात पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि रिपोर्ट काफी सच्चाई के नजदीक है, क्योंकि जितने भी संकट रिपोर्ट में बताए गए हैं वे जगजाहिर हैं और जमीन पर भी साफ दिखाई दे रहे हैं। सीएफआर अमेरिका का एक प्रमुख और प्रभावशाली थिंक टैंक है। यह संस्था अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर रिसर्च करती है और रिपोर्ट जारी करती है। इसमें पूर्व राजनयिक सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं। इस थिंक टैंक की रिपोर्ट का असर अमेरिकी सरकार, व्हाइट हाउस और कांग्रेस की नीतियों पर भी पड़ता है। यह थिंक टैंक भविष्य की संभावनाओं को लेकर चेतावनी जारी करता है। साथ ही यह भी बताता है कि यदि इस तरह के संघर्ष होते हैं तो उसका अमेरिकी हितों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि यदि भारत-पाक के बीच युद्ध होता है तो इसका सीधा असर अमेरिकी हितों पर पड़ेगा। अब यह तो कहना मुश्किल है कि समय के साथ यह रिपोर्ट कितनी सच्चाई में बदलती है लेकिन हां एक बात साफ है कि भारत-पाक के जिस तरह के रिश्ते आज दिखाई दे रहे हैं और कश्मीर में जैसी आतंकी घटनाएं बढ़ रही हैं और बताया जा रहा है कि 30 विदेशी आतंकी अभी भी वहां सक्रिय हैं और बड़ी संख्या में आने की तैयारी कर रहे हैं। गत दस मई को एक आतंकी घटना को लेकर हुए संघर्ष में युद्ध विराम भी हो गया था। ऐसी परिस्थितियां बताती हैं कि दक्षिण एशिया के हालात बेहद खतरनाक मोड पर हैं। रूस, यूक्रेन युद्ध पहले से ही चल रहा है। ऐसे में जरूरत शांति के प्रयासों की है, क्योंकि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

## एआई का वैश्विक केंद्र बनेगा उत्तर प्रदेश



वर्ष 2026 उत्तर प्रदेश के लिए तकनीकी विकास के लिहाज से निर्णायक साबित होगा, प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), टेक्नोलॉजी और डेटा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, बेहतर कानून-व्यवस्था और सुशासन के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद राज्य बना है, जिससे ब्रांड यूपी को देश और दुनिया में पहचान मिली है, लखनऊ और नोएडा में एआई सिटी विकसित करने की तैयारी की जा रही है, जेवर में करीब 3,700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही प्रदेश की डेटा सेंटर नीति के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# हर प्रदेश अपने-अपने तरीके से कहता है हैप्पी न्यू ईयर



**श्वेता गोयल**

नए साल के आगमन की खुशी में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नाचते-गाते हैं और खुशियां मनाते हैं। नाच-गाने का यह सिलसिला घड़ी में रात्रि के 12 बजने अर्थात नव वर्ष के आरंभ होने तक चलता है और घड़ी की सुईयों द्वारा जैसे ही 12 बजने का संकेत मिलता है अर्थात नया साल दस्तक देता है, चहुं ओर आतिशबाजियों का धूमधड़ाका शुरू हो जाता है और एकबारगी तो यही अहसास होता है कि मानो डेढ़-दो माह बाद एक बार फिर से दीवाली का त्यौहार लौट आया हो। नव वर्ष के प्रथम दिन लोग एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए स्वयं के लिए भी कामना करते हैं कि नया साल शुभ एवं फलदायक हो और नव वर्ष में सफलता उनके कदम चूमे। दुनियाभर में नव वर्ष का स्वागत बड़ी धूमधाम, उमंग और उल्लास के साथ किया जाता है। अनेक देशों में नववर्ष से जुड़ी अपनी-अपनी परम्पराएं हैं।

हमारे देश के विभिन्न प्रांतों में भी नववर्ष का स्वागत अलग-अलग तरीके से किया जाता है लेकिन कई जगह नव वर्ष मनाने की परम्पराएं और रीति-रिवाज इतने विचित्र हैं कि लोग उनके बारे में जानकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। संभवत: दुनिया भर में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां नव वर्ष एक से अधिक बार और विविध रूपों में मनाया जाता है। हमारे यहां ईस्वी संवत और विक्रमी संवत दोनों को ही महत्व दिया जाता है। ईस्वी संवत के अनुसार नव वर्ष की शुरुआत एक जनवरी को और विक्रमी संवत के अनुसार नए साल की शुरुआत वैशाख माह के प्रथम दिन से मानी जाती है जबकि इस्लाम में हिजरी संवत के आधार पर नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है।

बहरहाल, नव वर्ष मनाने की परम्पराएं चाहे कुछ भी हों, सभी का उद्देश्य एक ही है और वह है नव वर्ष सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो। आइए जानते हैं, भारत के विभिन्न हिस्सों में कैसे मनाया जाता है नव वर्ष-महाराष्ट्र में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सप्ताह पहले ही घरों की छतों पर रेशमी पताका फहराई जाती है। घरों व दफ्तरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है तथा इस दिन पतंगें उड़ाकर नव वर्ष का स्वागत किया जाता है।

बिहार में नव वर्ष के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। गरीब बच्चों को कपड़े तथा चावल का दान किया जाता है ताकि वर्ष भर घरों में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रही। असम में नव वर्ष की यादगार बेला में घर के आंगन में मांडणे (रंगोली) सजाए जाते हैं तथा दीप या मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। गाय को रोटी और गुड़ खिलाया जाता है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ गुजरे। केरल में नव वर्ष के अवसर पर नीम व तुलसी की पत्तियां तथा गुड़ खाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इनको खाने से शरीर साल भर तक स्वस्थ बना रहता है। राजस्थान में नव वर्ष के विशेष अवसर पर गुड़ से बने पकवान खाना बहुत शुभ माना जाता है ताकि वर्षभर मुंह से मधुर बोली ही निकलती रहे। मणिपुर में इस दिन तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है तथा अनेक स्थानों पर भूत-प्रेतों के पुतले बनाकर भी जलाए जाते हैं ताकि भूत-प्रेत किसी को नुकसान न पहुंचा सकें। छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरूआत मानी जाती है। जम्मू कश्मीर में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर अनाथ बच्चों को भरपेट भोजन कराकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है ताकि नव वर्ष हंसी-खुशी के साथ व्यतीत हो सके। नागालैंड के नाग आदिवासी नाग पंचमी के दिन से ही अपने नव वर्ष की शुरूआत करते हैं। कृषि प्रधान राज्यों पंजाब तथा हरियाणा में यूं तो आजकल एक जनवरी को ही नववर्ष धूमधाम से मनाया जाता है किन्तु यहां नई फसल का स्वागत करते हुए नववर्ष वैसाखी के रूप में भी मनाया जाता है। व्यापारी समुदाय के लोग अपने आर्थिक हिसाब-किताब की दृष्टि से दीवाली से ही नववर्ष की शुरुआत मानते हैं जबकि वित्तीय आधार पर शासकीय नववर्ष की शुरुआत एक अप्रैल से होती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



**छत्तीसगढ़ में यहां के आदिवासी तरह-तरह के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। इस दिन यहां बच्चों को गोद लेने की प्रथा भी है ताकि वर्ष का प्रत्एक दिन खुशियों से भरा रहे। राज्य के कुछ आदिवासी इलाकों में फसल में महुआ के फूल दिखाई देने पर आदिवासी उत्सव मनाया जाता है, जो उनके नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। देश के कई अन्य आदिवासी इलाकों में उनके देवी-देवताओं के आराधना पर्वों के हिसाब से नव वर्ष की शुरुआत मानी जाती है।**

# संभावनाओं से भरा हुआ योग का क्षेत्र

**अब तो विभिन्न भाषाओं के अखबार और पत्र-पत्रिकाएं भी किसी जाने-माने और प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ को अपने लिए कॉलम लिखने को भी आमंत्रित करने लगे हैं। इसके लिए भी योग विशेषज्ञों को मोटी रकम दी जाती है और यह उनके लिए रोजगार का शानदार अवसर उपलब्ध कराता है। निजी और सार्वजनिक दोनों ही क्षेत्रों में काम करने वाले इस तरह के पेशेवर लोगों के नियोक्ता योग के माध्यम से इसका समाधान खोजते हैं और उनके लिए योग के विशेष सत्र आयोजित करवाते हैं। इसमें योग विशेषज्ञों और पेशेवर योगकर्मियों की मदद ली जाती है। विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त ये पेशवर योगकर्मी तनाव दूर करने और इससे निपटने के लिए कई तरह के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हैं ताकि तनाव बाहर निकले और उससे निपटा जा सके।**

वैश्वीकरण के तेजी से प्रसार और विकसित एवं विकासशील दोनों ही तरह के देशों के लोगों की जीवनशैली तथा खान-पान की आदतों में आमूल परिवर्तन से योग संभावनापूर्ण करियर और रोजगार के शानदार अवसरों वाले नवीनतम क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। रोजगार के अवसरों के अनगिनत द्वार खुलने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के नई पीढ़ी के शिक्षित नौजवान इसमें उपलब्ध अवसरों की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। योग के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

### शिक्षा

शिक्षा सबसे अधिक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। योग में डिग्री और डिप्लोमा हासिल करने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की तलाश कर सकते हैं। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और केन्द्र तथा राज्य सरकारों की अनगिनत अन्य शिक्षा संस्थाएं ऐसे नौजवानों को रोजगार के विभिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करते हैं।

इन संस्थाओं में योग प्रशिक्षक की नियुक्ति विद्यार्थियों तथा शैक्षिक संकाय के सदस्यों को चिंताओं और तनाव से निपटने के सही तौर-तरीके बताने के लिए की जाती है। यह तनाव और चिंताएं नौकरियों की बढ़ती मांग और भिक्षा में एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधी दौड़ की वजह से पैदा होते हैं। योग प्रशिक्षक विद्यार्थियों को कक्षाओं में उनके निर्धारित योग पाठ्यक्रम के बारे में भी बताते हैं। राज्य सरकारों ने सभी स्कूलों में योग शिक्षा को अनिवार्य बना दिया है और इसके लिए हर साल हजारों योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाती हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी योग विषय पढ़ाने के लिए शैक्षिक संकाय सदस्य होते हैं, जो प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के तौर पर नियुक्त किए जाते हैं। योग के पेशेवर विशेषज्ञों को सार्वजनिक और निजी दोनों ही क्षेत्र की शिक्षा संस्थाओं में निदेशक, उप-निदेशक, परामर्शदाता आदि के रूप में भी नियुक्त किया जाता है। उनका वेतन और विभिन्न भत्ते कई बातों पर निर्भर रहते हैं जैसे पदक्रम, शिक्षा का स्तर, अनुभव, व्यावसायिक योग्यताएं जैसे डिग्री या डिप्लोमा आदि। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि योग से संबंधित नौकरियों के बाजार में वेतन संबंधी कोई पाबंदियां नहीं हैं।

### स्वास्थ्य क्षेत्र

आज के सूचना टेक्नोलॉजी के युग में लोगों की जीवन-शैली में ऐसे नाटकीय मोड़ और बदलाव आए हैं कि उनके जीने के तौर-तरीके पूरी तरह बदल चुके हैं। मनो-दैहिक विकारों और मानसिक अशांति के साथ-साथ चिंताएं और तनाव ने योग को सबसे कारगर वैकल्पिक उपचार पद्धति बना दिया है। इनसे निपटने में योग का नुस्खा बड़ा अचूक साबित हुआ है। इसी कारण आज अस्पतालों, स्वास्थ्य क्लबों और स्पा सैलून आदि में नौकरियों की बाढ़-सी आ गई है।

### होटल और पिकनिक स्थल

आज के जमाने के होटल और रिसॉर्ट तनाव कम करने और मनोरंजन करने के स्थान मात्र नहीं हैं। यह सभी स्थान अब मानसिक तौर पर तरोताजा होने और आध्यात्मिक उन्नति के केन्द्र भी बन गए हैं। लोग होटलों और अन्य सुंदर पिकनिक स्थलों में पूरे परिवार के समेत मौज-मस्ती के साथ-साथ योगाभ्यास के विभिन्न सत्रों में भाग लेने के लिए भी आने लगे हैं। यही वजह है कि आज होटल और पिकनिक रिसॉर्ट मेहमानों को योगाभ्यास सिखाने के लिए योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नियमित आधार पर काम पर रखने लगे हैं।

### जिमनेजियम और लाफिंग क्लब

आज के जमाने के जिमनेजियम में योग सबसे नई चीज है। लोगों को योग का अभ्यास कराने और योग के बारे में जानकारी देने के लिए योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जाते हैं जो लोगों को शारीरिक रूप से चुस्त और मानसिक तौर पर दुरुस्त रखने के बारे में बताते हैं। इन दिनों लाफ्टर क्लब भी बड़े लोकप्रिय हो चले हैं जहां लोगों को बताया जाता है कि योगाभ्यास के माध्यम से किस तरह चिंताओं और तनाव से मुक्त जीवन जिया जाए। यह कार्य योग शिक्षक ही करते हैं। इनमें भी योग के पेशेवर विशेषज्ञों को नौकरियां मिल सकती है और वे मोटी कमाई कर सकते हैं।

### दृश्य और मुद्रित मीडिया

लगभग सभी टेलीविजन चैनल स्वास्थ्य संबधी मुद्दों को लेकर कोई न कोई कार्यक्रम चलाते हैं जिनमें दर्शकों को अपने आप को विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से मुक्त रखने और कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं की रोकथाम के नुस्खे बताए जाते हैं। यह टेलीविजन चैनल इसके लिए योग विशेषज्ञों को नियमित आधार पर रखते हैं और उन्हें अच्छा-खासा वेतन भी देते हैं।

# दिल्ली से तीन दिन के लिए त्रिशूर की हसीन वादियों का ट्रिप बनाएं

ऐसा शायद ही कोई हो जिसको घूमना-फिरना पसंद न हो। इसलिए जब भी वीकेंड या लंबी छुट्टी मिलती है, तो लोग फैमिली, पार्टनर या दोस्तों के साथ अपनी पसंदीदा जगह घूमने पहुंच जाते हैं। बता दें कि वैसे तो दक्षिण भारत में घूमने के लिहाज से कई फेमस जगहें हैं, लेकिन केरल राज्य में स्थित त्रिशूर एक ऐसी जगह है, जहां पर हर कोई घूमना पसंद करता है। कोच्चि और कोझिकोड के बाद त्रिशूर केरल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यह शहर बेहद खूबसूरत होने के साथ ही केरल राज्य की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है। ऐसे में आप भी त्रिशूर घूमने के लिए 3 दिन की ट्रिप बना सकते हैं।

**दिल्ली से त्रिशूर**

आपको बता दें कि दिल्ली से त्रिशूर पहुंचना बेहद आसान है। दिल्ली से त्रिशूर आप फ्लाइट, ट्रेन या सड़क मार्ग से जा सकते हैं। वहीं ट्रेन से सफर करना सस्ता और आरामदायक साबित हो सकता है।

**हवाई यात्रा**

अगर आप हवाई यात्रा के जरिए त्रिशूर पहुंचना चाहते हैं, तो बता दें कि सबसे नजदीकी हवाई अड्डा कोच्चि है। जो करीब 67 किमी है। यहां से आप कैब या लोकल टैक्सी के जरिए त्रिशूर पहुंच सकते हैं। वहीं फ्लाइट का किराया 8 हजार रूपए के आसपास हो सकता है।

**ट्रेन**

दिल्ली से त्रिशूर के लिए कई ट्रेनें चलती हैं। यह ट्रेनें दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से त्रिशूर के लिए हैं। ट्रेन के जरिए दिल्ली से त्रिशूर पहुंचने के लिए किराया करीब 2000 रूपए के आसपास हो सकता है।

**सड़क मार्ग**

यदि आप सड़क मार्ग से त्रिशूर जाना चाहते हैं, तो इसमे काफी लंबा समय लग सकता है। वहीं खर्च भी अधिक हो सकता है। ऐसे में आप फ्लाइट या ट्रेन के जरिए आसानी से त्रिशूर पहुंच सकते हैं।

**स्टे के लिए बेस्ट जगहें**

यह जगह सिर्फ दक्षिण भारत या केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का टॉप डेस्टिनेशन है। त्रिशूर में आपको सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी मिलेंगे। आपको यहां पर बहुत कम पैसों में गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और होटल आदि मिल जाएंगे। त्रिशूर में स्टे के लिए आप होटल पैलेस टावर, लेमन रेजीडेंसी, नाइस विला, दान रेजीडेंसी और ग्रीन प्लाजा आदि में रूम बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको खाने-पीने की सुविधा भी आसानी से मिल जाएगी। वहीं त्रिशूर में कई रिसॉर्ट घूमने के लिए गाड़ी भी देते हैं, लेकिन इसका अलग से चार्ज देना होता है।

**घूमने वाली जगहें**

बता दें कि त्रिशूर में घूमने के लिए कई बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं। जिनको आप 3 दिन की ट्रिप में आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**ट्रिप के पहले दिन**

यात्रा के पहले दिन आप चारपा वॉटरफॉल, अथिरापल्ली वॉटरफॉल और पीची डैम जैसी शानदार और मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। यह तीनों ही जगहें कुछ ही दूरी पर हैं। ऐसे में आप आसानी से इन तीनों जगहों को कवर कर सकते हैं।

**ट्रिप के दूसरे दिन**

यात्रा के दूसरे दिन आपके पास घूमने का पूरा समय होगा। ऐसे में इस दिन आप चार-पांच जगहों को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप ट्रिप के दूसरे दिन बेसिलिका चर्च, त्रिशूर जू एंड स्टेट म्यूजियम, थाप्पुरन पैलेस, हेरिटेज गार्डन और त्रिशूर में स्थित केरल कलामंडलम जैसी जगहें घूम सकते हैं। वहीं कुछ जगहों का इतिहास भी करीब से जान सकते हैं।

**ट्रिप के तीसरे दिन**

इस दिन आप कुछ चुनिंदा जगहों को एक्सप्लोर करने के बाद वापसी कर सकते हैं। तीसरे दिन आप विंटेज कार क्लब, त्रिशूर बैकवाटर, चावक्कड़ बीच, वजहचल वॉटरफॉल और गुरुवायुर कृष्ण मंदिर आदि घूम सकते हैं। वहीं चावक्कड़ बीच में आप वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।



## भारत की संस्कृति से रूबरू होने को जिंदगी में एक बार जरूर देखें ये Winter Festivals

गौरतलब है कि अक्टूबर खत्म होने के साथ ही सर्दियों की शुरुआत हो जाती है। दिसम्बर भी जाने को है, इसके साथ ही भारत में कई स्थानों पर विंटर फेस्टिवल की मेजबानी की जाती है। यहां पर जीवंत धार्मिक उत्सवों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों में कई अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव देखने को मिलते हैं। इन त्योहारों में हस्तशिल्प, स्वादिष्ट व्यंजन, लोक संगीत और नृत्य शामिल हैं। रण उत्सव से लेकर सनबर्न उत्सव तक, आइए जानते हैं पांच भारतीय विंटर फेस्टिवल के बारे में, जिन्हें आपको अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य देखना चाहिए। रण उत्सव त्योहार भारत के सबसे लोकप्रिय शीतकालीन त्योहारों में से एक है, जो गुजरात के कच्छ जिले में मनाया जाता है। यह त्यौहार कच्छ के सफेद रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होती हैं। ऊंट सफारी से लेकर सितारों को देखना और लोक संगीत से लेकर शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन तक, आपको यहां सब कुछ मिलेगा। इस महोत्सव की स्थापना 2006 में गुजरात पर्यटन द्वारा की गई थी। यह मूल रूप से तीन दिवसीय कार्यक्रम था लेकिन अब सर्दियों के मौसम में महीनों तक मनाया जाता है।

**शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल, मेघालय**

मेघालय में शिलांग चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल एक अनोखा दो दिवसीय त्योहार है जो क्षेत्र में चेरी के पेड़ों के खिलने का जश्न मनाता है। इस साल यह, उत्सव 15 से 16 नवंबर तक मनाया जाएगा। यह अनूठा उत्सव रॉक कॉन्सर्ट और फैशन शो जैसे कई समकालीन कार्यक्रमों की मेजबानी करता है, जिनका पर्यटक मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए आनंद ले सकते हैं।

LAKESIDE INN
THE MALL, NAINITAL
Tel.: (05942) 235777
E-mail: lakesideinnnainital@rediffmail.com
Finest Location:
19 Luxuriously Furnished Rooms facing the Lake., Cable T.V., Parking Facility, Restaurant, Doctor on call.



अफजल फौजी

HAPPY NEW YEAR 2026

# गीत संगीत के बीच होगा नैनीताल में नववर्ष का स्वागत

## उच्च स्तरीय होटलों ने किए 31st को यादगार बनाने के इंतज़ाम



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में नववर्ष के स्वागत व साल की विदाई के जश्न को लेकर नगर के उच्च स्तरीय होटलों में तैयारियां पूरी हो चुके हैं। लगभग ये सभी होटल एडवांस म पैक हो चले हैं। दो रात्रि तीन दिवसीय पैकेज में आकर्षक कार्यक्रम व गीत संगीत की धूम देखने को मिलेगी।

यूं तो नगर की मालरोड समेत अधिकांश होटल सज-धजकर तैयार हैं और अतिथियो की आवभगत में किसी तरह की कमी नही छोड़ना चाहते हैं। मगर नगर के चंद अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आला होटलों में इस बार खास तैयारियां की गइ हैं। जिनमे होटल नमः नैनीताल नए अवतार में दिल्ली का कारनामा बैंड के साथ सैलानियों की थर्टी फर्स्ट की शाम का यादगार बनाने जा रहा है। रेशमा भल्ला लाइव म्यूजिक के साथ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण होंगी, जबकि नाना प्रकार के संकड़ों स्वादिष्ट व्यंजन व मनो. रंजन कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। साथ ही म्यूजिकल पार्टी के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम नरेश गुप्ता के अनुसार कुमाऊनी लोक संगीत को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। होटल शेरवानी हिलटॉप में लाइव संगीत के सुरों में जश्न मनाया जाएगा। गाला डिनर डीजे की अलग से व्यवस्था की गई है। जीएम सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक मनो. रंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनी रिट्रीट में म्यूजिकल पार्टी का आयोजन किया जाएगा। जीएम डी एस जीना के अनुसार म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के साथ वृद्धों व बच्चों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विक्रम विंटेज में डीजे के साथ कपल डांस व रंगारंग कार्यक्रम होंगे। बलरामपुर हाउस में लाइव म्यूजिक, बोर्न फायर व गाला डिनर की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में स्विस होटल में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मालरोड , ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को रंगबिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है, जिससे नगर के सौंदर्य में निखार आ गया है। इधर समीपवर्ती खुर्पाताल स्थित खुर्पाताल लेक इन में भी विशेष तैयारियां की गई हैं। होटल संच. ालक गणेश सिंह बिष्ट के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद जरूरी है।

KHURPATAL LAKE INN
Facilities
Restaurant · Swimming Pool · Garden · Gym · Parking · Lift
Khurpatal, Nainital. U.K. India
8439952277 khurpatallakeinn@gmail.com

SHIVRAJ STAYS GROUP OF HOTELS
OUR PROPERTIES
SWISS HOTEL & SPA · LA NIWASA LUXURY RESORT · THE ACORN RESORT · PEAKS & PINES LANSDOWNE · HOTEL SHIVRAJ, NAINITAL · SHIVRAJ LAKE VIEW SATTAL
For Special Offer
+91 8800114881 / 9410168044 / 8686167679
www.shivrajstays.com

SINGH DENTAL & IMPLANT CENTER
IMPLANTS | ROOT CANAL | SMILE DESIGN | ADVANCED DENTISTRY
J K TOWER, NEAR BRIJLAL HOSPITAL, NAINITAL ROAD, HALDWANI, UTTARAKHAND, 263139
Ph. +91 9105257301

SARDAR SONS
THE MALL, NAINITAL - 263001
Phone: (05942) 235542
235047 ® 235831

MOON HOTEL NAINITAL
Superb Location Ample Car Parking Lift Facility
• Well Furnished Room Restaurant Facility Tour & Travel Service Moderate Rates Homely Comforts
Near A.T.I. Mallital, Nainital - 263 001 (Uttarakhand) Ph.: 05942-236318
E-mail: : moonhotelntl@gmail.com
Website: www.moonhotelnainital.in

HOTEL SHANTA REGENCY (SITA KIRAN)
05942-237054
09219420459
09837177649
Opp. Boat House Club, Mall Road, Mallital, Nainital
E-mail : sanjiv_sachin@rediffmail.com

CLASSIC THE MALL
Mall Road, Nainital
Ph.: 05942-237704, Fax: 05942-235173
E-mail: info@classichotelsindia.com
www.classichotels4u.com

LEISURE HOTELS
experience more
THE NAINI RETREAT
Ayarpatta Slopes, Hari Bhawan, Mallital, Nainital-263001
Tel.: 235105, 235108, 9568466130
E-mail: nainital@leisurehotels.in

Hina Package Tour & New Hina Tour Travels
The Mall, Nainital (Uttrakhand)
Phone : 05942-237126, 231040

Hotel CITIZEN INN
Near Mall Road & Lake Haldwani Road, Tallital, Nainital
Ph.: (05942) 232300,
Mob.: 09719742488, 09412087877

Hotel CHANNIRAJA
THE MALL, NAINITAL-263001, UTTARAKHAND
Mob.- 9412085857
Ph.- 05942-235624, 235643

HOTEL PRIM ROSE
The Mall, Nainital
Just Above The Mall
A Home away from home
• Spacious Parking Facility
• Amidst Beautiful Green Environment
• Spacious Rooms with all Modern Amenities.
Tel.: 05942-237524, Mob.: 9760467524
E-mail: primerose.hotels@gmail.com

Happy New Year
राजेन्द्र सिंह चिलवाल
अधिवक्ता नैनीताल

नव वर्ष 2026 महोत्सव की शुभकामनाएं
नैनी महिला एवं बाल विकास समिति
देवदार कॉटेज, पावर हाउस के निकट, सूखाताल, मल्लीताल, नैनीताल - 263001 (उत्तराखण्ड)
जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल

Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Reg. Open 2026-27
Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in

SHERVANI
HILLTOP, NAINITAL
Celebrate your social functions, enjoy a lavish dining experience with live singing at an affordable price !
Tel: +91 9411197601, 05942-233800, Email: nainital@shervanihotels.com
Website: www.shervanihotels.com

Quite simply the best...
Vikram Vintage Inn Nainital
SERVICES & FACILITES:
24 Hour in Room Entertainment
EPABX Facility
Wi-fi
Laundry
Doctor on Call
Courtesy City
Transportation
Private Parking
Billards Games
Indoor Games
Horse Riding
Boating/
Yatching/Trecking
VINTAGE INN: Mallital, Nainital-263001 (Uttarakhand) India
Tele Fax: 05942-236177, 236179